फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 21 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 33, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा 16

कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकतीं हैं माधुरी दीक्षित 15

नैनीताल से शिव व अल्मोड़ा से अर्जुन होंगे उक्रांद प्रत्याशी

ब्यूरो, देहरादून

- उक्रांद ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, पौड़ी गढ़वाल व हरिद्वार सीट पर प्रत्याशी घोषित
- टिहरी में बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार को समर्थन

अमृत विचार: उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश की चार लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। साथ ही टिहरी में बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार को समर्थन देने का ऐलान किया है।

उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह कठैत ने प्रेसवार्ता में बताया कि दल ने उत्तराखंड की चार लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि गढ़वाल से आशुतोष नेगी, हरिद्वार से मोहन असवाल, नैनीताल से शिव सिंह रावत (पूर्व सैनिक) तथा अल्मोड़ा लोकसभा सीट से अर्जुन देव को प्रत्याशी घोषित किया है। टिहरी सीट पर बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार को समर्थन देने पर सहमति बनी है। कठैत ने कहा कि उक्रांद पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। दल राज्य के स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगा। इनमें रोजगार, पलायन, मूल निवास व भू-कानून के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं में राज्य की 70 फीसदी हिस्सेदारी आदि प्रमुख है।

केजरीवाल के वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट से मांगी सुरक्षा

गिरफ्तार न करें तो ईडी के समक्ष पेशी को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति घोटाले के मामले में समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने ईडी को दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि ईडी के समक्ष पेश क्यों नहीं होते। तो सिंघवी ने आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए जवाब दिया कि उन्हें (मुख्यमंत्री केजरीवाल को) को आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उन्हें सुरक्षा दी जाए तो वह पेश होने के लिए तैयार हैं।

ईडी का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने सिंघवी की केजरीवाल को राहत देने की दलीलों का विरोध किया।

बिना सुनवाई आरोपियों को हिरासत में नहीं रख सकते

नई दिल्ली। आरोपी के स्वत: जमानत पाने के अधिकार को खत्म करने के लिए धन शोधन मामलों में पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रयासों की निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी आरोपी को बिना मुकदमे के हिरासत में रखना कैद के समान है जो स्वतंत्रता में बाधक है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश की स्वत: (डिफॉल्ट) जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि हम आपको (ईडी को) नोटिस दे रहे हैं। (कानून के तहत) मामले की जांच पूरी हुए बिना आप किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते।

सीटीआर के कुमगडार में चली 36 पेड़ों पर आरी

संवाददाता, रामनगर

- दो कर्मचारी निलंबित, जांच शुरू दो वन गुजरों से पूछताछ

अमृत विचार: कड़ी सुरक्षा और चाक चौबंद व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले सीटीआर क्षेत्र में यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जाने से पार्क प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीटीआर मे पेड़ काटने के आरोपी दो वन गुर्जरों को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं कोताही बरतने के आरोप में दो कर्मचारियों को निलंबित कर जांच बैठा दी गई है।

मामला कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र के अंतर्गत कुमगडार का है। इस क्षेत्र में वन गूजर की बस्ती है। आरोप है कि इस बस्ती के कुछ लोगों ने यूकेलिप्टस के 36 पेड़ काट डाले। मामला बुधवार को उजागर हुआ तो ढेला वन क्षेत्राधिकारी ने ढेला रेंज में तैंनात वन कर्मियों ने वन गुर्जर समुदाय के दो आरोपियों को पकड़ा है।

खुलासा होने पर ढेला रेंज की टीम के अलावा सीटीआर के उपनिदेशक दिगंथ नायक समेत कई अधिकारियों ने मौके पर जाकर मुआयना किया। इस मामले में एक वन दरोगा और वन आरक्षी को निलंबित कर दिया है।

एक नजर

पारस का इस्तीफा स्वीकार रिजिजु को मिला प्रभार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और किरण रिजिजु को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 की धारा दो के तहत पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति ने रिजीजु को अपने मंत्रालय के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पारस ने बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

आठ लाख रुपये के इनामी नक्सली ने किया समर्पण

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की तेलंगाना सीमा पर सक्रिय रहे आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली ने आज पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। आरोपी नक्सली रोशन सोड़ी ने सुकमा पुलिस के समक्ष समर्पण किया। वह बगैर हथियार के पुलिस के समक्ष पहुंचा। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रहा यह नक्सली अनेक मुठभेड़ों में शामिल रहा। उस पर अनेक जघन्य घटनाएं करने का आरोप है।

एमपीपीसीएस-प्री परीक्षा चुनावों के कारण टली

इंदौर। लोकसभा चुनावों के कारण मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और राज्य वन सेवा परीक्षा 2024 आगे बढ़ा दी है। अब ये परीक्षाएं 28 अप्रैल की जगह 23 जून को आयोजित की जाएंगी। एमपीपीएससी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चुनावों के चलते दोनों भर्ती परीक्षाओं का कार्यक्रम बदला गया है और इन परीक्षाओं के प्रवेशपत्र एमपीपीएससी की वेबसाइट से 12 जून से प्राप्त किए जा सकेंगे। सूबे की 29 सीट पर 19 अप्रैल से 13 मई के बीच चार चरणों में लोकसभा चुनाव होना है।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में न्यायिक सदस्य आवश्यक नहीं

केंद्र सरकार ने चयन समिति में सीजेआई को न रखने पर किया बचाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यायिक सदस्य की उपस्थिति पारदर्शिता का मापदंड नहीं : केंद्र

केंद्र सरकार ने 2023 के कानून के तहत दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का बचाव करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है। इस कानून के तहत चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखा गया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में याचिकाकर्ता के दावे को खारिज कर दिया कि शीर्ष अदालत में सुनवाई से एक दिन पहले दो निर्वाचन आयुक्तों को 14 मार्च को जल्दबाजी में नियुक्त किया गया। न्यायालय में इस कानून को चुनौती दी गई जिसपर सुनवाई होने वाली थी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर और 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' सहित कई अन्य द्वारा दायर याचिकाओं के जवाब में यह हलफनामा दाखिल किया गया है। हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का मामला एक भ्रांति पर आधारित है कि किसी भी प्राधिकार में स्वतंत्रता केवल तभी बरकरार रखी जा सकती है जब चयन समिति एक विशेष संरचना की हो। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि निर्वाचन आयोग या किसी अन्य संस्था या प्राधिकार की स्वतंत्रता चयन समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती है।

सूची विपक्ष के साथ साझा न करने का भी खंडन

केंद्र ने याचिकाकर्ताओं के इस दावे का खंडन किया कि नियुक्त किए जाने वालों की कोई सूची विपक्ष के साथ साझा नहीं की गई थी। केंद्र ने कहा कि खोज समिति द्वारा छह नाम की सिफारिश के बाद अंतिम सूची में नामित व्यक्तियों के नाम 13 मार्च, 2024 को लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को उपलब्ध कराए गए थे। इसलिए, यह कहना पूरी तरह से गलत, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है कि चयन समिति के तीसरे सदस्य को दो सदस्यों के विचार के तहत शॉर्टलिस्ट किए गए नाम दिए गए थे। सभी सदस्यों को एक साथ सूची प्राप्त हुई थी।

सीईसी को मिला है संविधान में संरक्षण, निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम

हलफनामे में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं का यह कहना कि न्यायिक सदस्यों के बिना चयन समितियां हमेशा पक्षपातपूर्ण होंगी, पूरी तरह से गलत है। कहा गया कि नियुक्ति की शक्ति कार्यपालिका के पास होने के बावजूद निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) तटस्थ और प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम रहे हैं। उच्च संवैधानिक पद के नाते मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संविधान में अंतर्निहित संरक्षण प्राप्त है, जो उन्हें निष्पक्ष रूप से कार्य करने में सक्षम बनाता है। अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में दो रिक्तियां हुई थीं। उनके स्थान पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नियुक्त किया गया।

प्रदेश में पहले दिन किसी ने नहीं कराया नामांकन

पांचों सीटों पर कुल 43 नामांकन पत्र लिए गए

अल्मोड़ा और हरिद्वार सीट पर भाजपा ने लिए चार-चार नामांकन पत्र

हल्द्वानी/देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई। राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर पहले दिन किसी ने भी नामांकन नहीं भरा। सभी सीटों के लिए बुधवार को कुल 43 नामांकन पत्र लिए गए हैं। हरिद्वार में सर्वाधिक 25 नामांकन पत्र लिए गए। अल्मोड़ा व हरिद्वार में भाजपा की तरफ से चार-चार नामांकन पत्र लिए गए हैं।

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट का नामांकन रुद्रपुर कलक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में नामांकन होने से पूरे परिसर में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही। जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि पहले दिन चार लोगों ने नामांकन पत्र लिए हैं। इसमें तीन निर्दलीय अखिलेश पुत्र धरमवीर सिंह, निर्दलीय शंकर सिंह रावत पुत्र भगवान सिंह, निर्दलीय हरीश कुमार पुत्र तहर सिंह शामिल हैं। इसके अलावा एक नामांकन पत्र पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिव के अमर सिंह सैनी पुत्र बीर सिंह ने लिया है। अल्मोड़ा में पहले दिन किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि बुधवार को निर्वाचन के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले दिन अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र पर किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं कराया। पहले दिन भाजपा की तरफ से चार और पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की ओर से दो नामांकन पत्र खरीदे गए।

हरिद्वार लोकसभा सीट पर पहले दिन सर्वाधिक 25 नामांकन पत्र लिए गए। भाजपा की तरफ से चार नामांकन पत्र लिए गए। पौड़ी लोकसभा सीट के लिए पहले दिन दो नामांकन पत्र लिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. आशीष चौहान ने बताया कि पहले किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। उधर, टिहरी लोकसभा सीट के लिए नामांकन देहरादून के कलक्ट्रेट में किए जा रहे हैं। पहले दिन कुल छह नामांकन पत्र लिए गए। इससे पहले चुनाव आयोग ने आम चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की कुल मिलाकर लोकसभा की 102 सीटों के लिए बुधवार सुबह अधिसूचना जारी कर दी।

27 मार्च तक होंगे नामांकन

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन 27 मार्च तक होगें। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च है। मतदान 19 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 जून को होनी है।

रामलाल के दर्शन कर प्रियंका हुई मंत्रमुग्ध...



अयोध्या। रामलला के दर्शन पाकर मैं धन्य हो गई हूं। ये बात बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बुधवार को रामलला के दर्शन के बाद कही। वो पति निक जोनस और बेटी के साथ दर्शन करने आई थीं। राम मंदिर के पुजारी प्रदीप ने प्रियंका व जोनस को तिलक लगाया और ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने रामनामी ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रियंका चोपड़ा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचीं। भारी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से प्रियंका चोपड़ा को रामलला के दरबार में पहुंचाया गया।

रद की गई बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा

पटना, एजेंसी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद 15 मार्च को दोनों पालियों हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) को बुधवार को रद कर दिया है।

परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि परीक्षा का तीसरा चरण रर कर दिया गया है। आयोग के सूत्रों के अनुसार टीआरई-तृतीय को रद करने का निर्णय बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा पेश की गई रिपोर्ट का विश्लेषण करने के बाद लिया गया। ईओयू ने प्रश्न पत्र लीक के आरोपों की जांच की थी।

रुद्रपुर में कारोबारी ने लगाई फांसी

संवाददाता, रुद्रपुर

- कारोबार में नुकसान होने पर था परेशान मुंबई का रहने वाला था कारोबारी

अमृत विचार : बगवाड़ा चौकी इलाके में किराए के मकान में रह रहे एक कारोबारी ने कारोबार में काफी नुकसान होने के कारण फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। वह पिछले कुछ दिनों से परेशान चल रहा था।

मेरीगोल्ड गोदरेज हिल, खाड़कपाड़ा कल्याण वेस्ट मुंबई निवासी 40 वर्षीय अमित लोखंडे पिछले कुछ सालों से शिमला पिस्तौर स्थित एक कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। वहीं पर वह अपनी रामदास इंटरप्राइजेज नाम से कंपनी चलाता था। कंपनी में प्लास्टिक से संबंधित सामान बनाया जाता था। बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले कारोबारी अमित लोखंडे काफी देर से दरवाजा नहीं खोल रहे हैं।

सूचना के पर दरोगा ललित जोशी पुलिस के साथ घटनास्थल पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर देखा कि कारोबारी ने पंखे की कुडी में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि अमित लोखंडे कारोबार में पिछले कई दिनों से हो रहे नुकसान को लेकर परेशान थे। उनका परिवार मुंबई में रहता है। मंगलवार की देर शाम खाना खाकर अमित कमरे में सोने चले गए थे। सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को संदेह हुआ। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार का कहना है कि परिवार के आने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अपनी तफ्तीश को आगे बढ़ाएगी। कारोबार में हो रहे नुकसान के बारे में भी पता लगाया जाएगा।

रुद्रप्रयाग में खाई में गिरा वाहन पिथौरागढ़ के दो लोगों की मौत

- देर रात शिव नंदी के पास हादसा, एसडीआरएफ ने निकाले शव

ब्यूरो, रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग के शिव नंदी क्षेत्र में मंगलवार देर रात बोलेरो वाहन सात सौ मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में पिथौरागढ़ जनपद निवासी दो लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ के जवानों ने रात में मौके पर पहुंचकर दो शव बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक बीती मंगलवार देर रात आपदा कंट्रोल रूम, रुद्रप्रयाग ने एसडीआरएफ टीम को सूचित किया कि शिव नंदी के पास एक वाहन खाई में गिर गया है। एसडीआरएफ टीम निरीक्षक कर्ण सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। जवानों ने एक शव को बरामद कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। दूसरे व्यक्ति का शव वाहन के नीचे दबा था। एसडीआरएफ टीम ने वाहन को काटकर शव निकाला। खाई में गिरे वाहन (यूके 02सीए 0826) में दो लोग सवार थे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान दरपान सिंह (53) पुत्र भीम सिंह तथा गंगा सिंह (31) पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम जर्थी होकारा जिला पिथौरागढ़ के रूप में हुई है।

बदलाव की तैयारी प्रसार भारती का होगा कायाकल्प, नकारा पेशेवरों की होगी छंटनी, चार वर्ष से रिक्त अध्यक्ष पद पर नवनीत सहगल की हुई ताजपोशी

3 माह बाद मन की बात का 111वां एपिसोड होगा कुछ अलग

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार : नरेंद्र मोदी यदि तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उनके 'मन की बात' के 111वें एपिसोड की लोकप्रियता कुछ अलग नजर आएगी। इसके प्रसारण की नोडल एजेंसी 'प्रसार भारती' का तब तक काफी कुछ कायाकल्प हो चुका होगा। अपनी विशिष्ट कार्यशैली से नौकरशाही में खास पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व नौकरशाह नवनीत सहगल को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उक्त आशय की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

खबरों की दुनिया में भारत के सरकारी जन संचार तंत्र को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र करने के लिए 1997 में प्रसार भारती की स्थापना हुई थी और रेडियो, दूरदर्शन सहित कई सूचना माध्यमों को इसमें जोड़कर आजाद कर दिया गया था। लेकिन प्रसार भारती दिन पर दिन निजी जन संचार माध्यमों के मुकाबले पिटता चला गया। यही वजह है कि देश के कोने-कोने तक सबसे बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद आम जनता तक पहुंच में अभी भी काफी पीछे है।

प्रसार भारती को पेशेवर मजबूती देने के लिए सरकार ने हाई प्रोफाइल कहे जाने वाले चार पत्रकारों को इसका अध्यक्ष बनाया लेकिन नतीजा

शून्य रहा। करंट अफेयर्स के पूर्व संपादक निखिल चक्रवर्ती पहले अध्यक्ष बने थे। उनके बाद 3 वर्ष तक यह पद खाली रहा और सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डा.यूएस राव को इसका अध्यक्ष बनाया। प्रसार भारती की कार्य संस्कृति देखकर उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तीसरे अध्यक्ष के रूप में अमेरिका में तैनात टाइम्स आफ इंडिया के पत्रकार एमवी कामथ को नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण भटनागर को चौथा अध्यक्ष बनाया, वह भी एक वर्ष बाद ही हट गए।

उनके बाद एक हिंदी अखबार की संपादक मृणाल पांडे 2011 तक इस पद पर रहीं। पायनियर के सलाहकार संपादक के सूर्य प्रकाश 2020 तक इस पद पर रहे। तब से 4 वर्षों तक अध्यक्ष पद रिक्त था। उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित समिति ने पिछले दिनों सहगल के नाम की सिफारिश की थी, इस समिति में सूचना एवं प्रसारण सचिव व भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष भी एक सदस्य हैं। राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति कर दी है और मंगलवार को पहली बार उन्होंने प्रसार भारती मुख्यालय में प्रवेश किया। एक मुलाकात के दौरान सहगल ने काफी सुधार के संकेत दिए हैं, कहा कि पहले अध्ययन करेंगे और फिर फैसले होंगे।

सहगल की नियुक्ति के बाद प्रसार भारती के सभी विभागों में हलचल है। कामकाजी लोग तो प्रसन्न हैं लेकिन तथाकथित पेशेवर कर्मयोगियों की बेचैनी बढ़ गई है यह भी संकेत मिले हैं कि ऐसे लोगों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और उनसे प्रसार भारती जल्द ही किनारा करेगा।

पप्पू यादव की पार्टी का कांग्रेस में विलय

नई दिल्ली, एजेंसी

- बेटे सार्थक यादव और समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे बिहार के प्रमुख नेता पप्पू यादव की जन आधार पार्टी का बुधवार को कांग्रेस में विलय हो गया। कांग्रेस की बिहार की प्रभारी महासचिव मोहन प्रकाश , पार्टी के संचार विभाग विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में यादव और उनके पुत्र सार्थक यादव को अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। यादव के साथ ही उनके कई समर्थक कांग्रेस में शामिल हो गए। मोहन प्रकाश ने कहा कि पप्पू यादव के आने से कांग्रेस मजबूत होगी और इंडिया गठबंधन को भी बिहार में मजबूती मिलेगी।

पप्पू यादव ने कहा कि जनाधार पार्टी सेवा संघर्ष और न्याय पर विश्वास करती है। वह पांच बार सांसद और एक बार विधायक रहे लेकिन उनकी विचारधारा कांग्रेस की रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक मजबूत नेता बताते हुए कहा कि वह मोदी सरकार के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज हैं। उन्होंने राहुल गांधी को सबसे सशक्त नेता बताया।

बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लोकसभा सदस्य दानिश अली समर्थकों के साथ बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि अमरोहा के सांसद दानिश अली के कांग्रेस में शामिल होने से देश में न्याय की लड़ाई को बल मिलेगा। अली ने कहा कि आज जो देश की परिस्थितियां हैं, वह किसी से छिपी नहीं है।

चिप्स, पापड़, कचरी आदि बना रही समूहों की महिलाओं ने किया नया प्रयोग, नई चीजों के प्रति तेजी से आकर्षित हो रहे लोग

इस होली में लीजिए मडुवे के चिप्स और पापड़ का स्वाद

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: होली के लिए चिप्स, पापड़, कचरी आदि बना रही महिला समूहों ने इस बार अपने उत्पादों की ब्रिकी बढ़ाने के लिए नए-नए प्रयोग किए हैं। किसी महिला समूह ने मडुआ के चिप्स, पापड़ आदि बनाए हैं, तो कोई नए-नए उत्पाद बना रहा है।

जय गोलू आजीविका समूह, कमलुवागांजा की किरण जोशी ने बताया कि होली के लिए उन्होंने विशेष तैयारियां की हैं। उन्होंने कहा कि समूह में 50 महिलाएं हैं लेकिन पापड़, चिप्स आदि 5 महिलाएं ही बना रही हैं। उन्होंने अब तक आलू, चावल, मडुवे आदि से चिप्स, पापड़ बनाए हैं। उन्होंने कहा कि जैसी डिमांड आ रही है, वह वैसा ही काम कर रही हैं। उन्होंने पिछली होली पर भी चिप्स, पापड़ बनाए थे और अच्छा मुनाफा कमाया था। उन्होंने बताया कि समूह अब तक 50 किलो आलू, 20 किलो चावल और 10 किलो मडुआ के चिप्स व पापड़ बनाकर बेच चुका है। उन्होंने बताया कि मडुवे के चिप्स व पापड़ की मांग बहुत है। शक्ति स्वयं सहायता समूह, हरीपुर जमन सिंह, गन्ना सेंटर की लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि पिछली बार उन्होंने सिर्फ आलू के चिप्स व पापड़ बनाए थे लेकिन मन मुताबिक मुनाफा नहीं हुआ। इस बार उन्होंने आलू, मैदा, सूजी, आटा और चावल के चिप्स, पापड़, कचरी, कचरी गुच्छे आदि बनाए हैं, जिन्हें स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है।

होली के लिए चिप्स तैयार करतीं समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

अब तक आलू, चावल, मडुआ आदि के करीब 80 किलो चिप्स व पापड़ बनाकर बेच चुके हैं, अभी और ऑर्डर आ रहे हैं। मडुआ के चिप्स व पापड़ मांग काफी है। – **किरण जोशी**, जय गोलू समूह, कमलुवागांजा

पिछली होली में चिप्स, पापड़ आदि बनाए थे, उससे अनुभव मिला। इस बार उत्पादों की संख्या बढ़ाई और उनमें रंग भी मिलाए हैं। रंगीन पापड़ व चिप्स को बच्चे खूब पसंद करते हैं। – **लक्ष्मी शर्मा**, शक्ति समूह, गन्ना सेंटर

कच्चे माल के हिसाब से तय कर रहे दाम

महंगाई बढ़ने से ज्यादातर महिला समूह पहले एक किलो कच्चे सामान से ही उत्पाद बना रही हैं, फिर उसके खर्च का हिसाब लगाकर अपने उत्पादों के दाम तय कर रही हैं। जय गोलू आजीविका समूह के सदस्यों ने बताया कि शुरूआत में उन्होंने एक हजार रुपये से करीब चार किलो पापड़ व चिप्स बनाए तो अपने उत्पादों को 250 रुपए किलो के हिसाब से ही बेच रहे हैं।

साइकिलिंग ट्रैक बढ़ा सकते हैं साहसिक पर्यटन

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : भीमताल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए विशेष पहचान बना चुका है। झीलों की विशेष आकृति और बीच में बना टापू ध्यान खींचता है। भीमताल के साहसिक ट्रैक भी सुर्खियों में हैं।

मल्लीताल से निशौला होते हुए नल दमयंती फिर सातताल और मेहरा गांव होते हुए भीमताल-नौकुचियाताल ट्रैक माउंटेन ट्रैक्टर्स और साइकिल ट्रैक्टर्स के मुख्य ट्रैक में शामिल हैं। करकोटक की चोटी भी प्रसिद्ध ट्रैक बन चुकी है। एक ट्रैक विनायक से होते हुए सोन गांव तो दूसरा पांडे गांव भाकर जिप्टी होते हुए करकोटक की चोटी है। तल्लीताल से सूर्या गांव और फिर सातताल भी आकर्षित करता है।

भीमताल में ट्रैकिंग रूट की कमी नहीं है कई अन्य ट्रैकिंग रूट की संभावना तलाशी जानी चाहिए। सूर्या गांव से भुजियाघाट और हिडिंबा धाम भी अच्छा ट्रैक बन सकता है। – **विक्रम कंडारी**, सातताल

इन ट्रैकों पर विभिन्न प्रजातियों के पक्षी, तितली और जानवर देखने को मिलते हैं।

ट्रैकिंग रूट पर पड़ने वाले गांवों में भारतीय संस्कृति की झलक भी दिखाई देती है। सातताल में तो युवकों ने पर्यटकों को ट्रैकिंग पर ले जाने के लिए बाकायदा दल बनाया हुआ है। इस दल में प्रशिक्षित गाइडों को ट्रैक के अलावा क्षेत्र में मिलने वाली चिड़िया समेत अन्य जानवरों की जानकारी भी है।

सार-संक्षेप

समिति के वार्षिकोत्सव के दौरान मौजूद अतिथि व अन्य।

धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

भीमताल : कामधेनु अमृत सरोवर जल संरक्षण संयुक्त समिति कौल, मझेड़ा ने पोखराड़ में स्वच्छता व अन्य गतिविधियों के संचालन का एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक उत्सव को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा जोशी व विशिष्ट अतिथि होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह महरा थे। इस दौरान सभी लोगों ने अमृत सरोवर का सौंदर्यीकरण करने का सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष विजय बिष्ट, सचिव जगत सिंह, सावित्री बिष्ट सरपंच, लाल सिंह बिष्ट प्रधान, दुर्गा सिंह, वाटर फॉल समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।


भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र चार्टन लॉज। ● अमृत विचार

तिरपाल से रोका जा रहा चार्टन लॉज का भूस्खलन

नैनीताल : बीते वर्ष 23 सितंबर को चार्टन लॉज में भूस्खलन हुआ था। इसमें तीन मकान ढह गए थे। साथ ही क्षेत्र में भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। भूस्खलन से भूकटाव को रोकने के लिए लोनिवि की ओर से गनी बैग और तिरपाल लगाई है। लगभग छह माह बीत जाने के बाद भी चार्टन लॉज का भूस्खलन गनी बैगों के भरोसे टिका हुआ है। अब तक प्रशासन की ओर से कोई भी स्थायी उपचार नहीं किया गया है। चार्टन लॉज में भूस्खलन के दौरान लगभग 24 परिवारों को स्थानांतरित किया गया था। अब भी दर्जनों परिवारों को खतरा बना हुआ है। लोनिवि अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि स्थायी उपचार करने के लिए आईआईटी रुड़की, पीएचडीसी और आपदा सचिव भूस्खलन क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद लोनिवि डीपीआर तैयार करेगा। इससे चार्टन लॉज क्षेत्र का स्थायी उपचार किया जाएगा।

कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया

भीमताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग सभागार में आईपीआर सेल आइक्यूएसी कुमार विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में यूकास्ट देहरादून से प्राप्त वित्तीय अनुदान से वेस्ट टू वेल्थ अप साइकिलिंग ऑफ सॉलिड वेस्ट एंड सम इनोवेशन पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता रसायन विभाग डीसीबी परिषद नैनीताल के नंदकिशोर गोपाल साहू ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक निस्तारण में शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान रोल आफ आईपीआर इन लाइफ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें अदिति गोयल ने प्रथम, हर्ष भंडारी ने दूसरा और प्रबंधन अभियान विभाग की शिवांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्नातक श्रेणी में डीएसबी परिसर की बीकॉम की छात्रा भाविका बोरा में प्रथम, प्रदीप बल्दिया ने दूसरा, धीरज मेलकानी मानसी कांडपाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर अतुल जोशी ने की।

नैनीताल मार्ग के किनारे फायर लाइन काटते वन कर्मी। ● अमृत विचार

जंगलों को आग से बचाने को वन विभाग ने की तैयारी

नैनीताल : बारिश के बाद फायर सीजन को लेकर फिर एक बार वन विभाग ने कमर कस ली है। जंगलों को आग से बचाने के लिए सड़कों में गिरे पिरूल को हटाकर कंट्रोल बर्निंग की जा रही है। मनोरा रेंज के नैनीताल हल्द्वानी रोड में गिरे पिरूल व पत्ते को एकत्र कर वन विभाग की टीम ने जलाना शुरू कर दिया है। मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि मनोरा रेंज के जंगल व सड़क के किनारे वन विभाग कंट्रोल बर्निंग कर जंगल में मौजूद पिरूल और सूखे पत्तों को जला रहा है। इस दौरान जंगल की सफाई कर पिरूल और आग लगने की संभावना वाले घास फूस को जलाया जा रहा है। बताया कि सूखा मौसम और जंगल की सतह पर जमा ईंधन, सूखी मिट्टी के चलते आग फैलने के हालात बना देता है।

खोलो किवाड़ चलो मठ भीतर, दर्शन दे महा माई...

कमलुवागांजा के वैली कॉलोनी स्थित मंदिर में हुआ होली का आगाज, होल्यारों ने धूमधाम से किया खड़ी होली का गायन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कमलुवागांजा स्थित रिवर वैली कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में बुधवार से इस वर्ष की होली का आगाज हो गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और गले मिले। इस अवसर पर होल्यारों ने धूमधाम से खड़ी होली का गायन किया। इस दौरान खोलो किवाड़ चलो मठ भीतर, दर्शन दे महा माई अंबा धन तेरी जैसे गीतों का लोगों ने जमकर आनंद उठाया।

इस अवसर पर कॉलोनी के अध्यक्ष कैप्टन सोबन सिंह भट्ट, डॉ. टीएस पोखरिया, गणेश जोशी, भुवन चंद्र जोशी, कुंदन गड़िया, करम बिष्ट, देव सिंह टाकुली, नरेंद्र सामंत, महेश बसेड़ा, मंगल सिंह बोरा, वीडी जोशी, पं. गणेश पांडे, दिनेश नैनवाल, महेश भंडारी, एमएम भंडारी, हरीश जोशी, एमसी त्रिपाठी, कांति बल्लभ पाठक, बलवंत डांगी, जगदीश बेलवाल, योगेश जोशी, नीरज कांडपाल, दीपा भट्ट, राधा त्रिपाठी, तारा जोशी, विमला मेहरा, सोनी नैनवाल, पुष्पा भंडारी, हेमा जोशी आदि मौजूद रहे।

होली मिलन के साथ महिलाओं का किया सम्मान: नारी शक्ति ग्रुप, तल्ली हल्द्वानी ने प्रथम नारी सम्मान व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन मिलन बैंक्वेट हॉल में किया। कार्यक्रम में समाज के लिए विशेष योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लालकुआं के विधायक मोहन बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद रहीं। इस अवसर पर प्रमोद पलड़िया, सोनी पलड़िया, दीपक बहुगुणा, अभिषेक, शर्मा, राकेश उप्रैती, पवन बिष्ट, जयश्री पलड़िया, गंगा मेर, भावना उप्रैती, रूपा जोशी, तनुजा बेलवाल आदि उपस्थित रहे।

कमलुवागांजा स्थित रिवर वैली कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में पहुंचीं महिलाएं।

बरेली रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में प्रथम नारी सम्मान समारोह एवं होली महोत्सव में नृत्य करती महिलाएं। ● अमृत विचार

राधा-कृष्ण के डोले के साथ निकली झंडा यात्रा

रामनगर : नवयुवक समिति के तत्वावधान में श्री राधा कृष्ण के डोले की झंडा यात्रा धूमधाम से निकली। होली चौक से प्रारंभ हुई झंडा यात्रा रानीखेत रोड, कोसी रोड, ज्वाला, बजाजा लाइन से मुख्य मार्गों से होते हुए होली चौक में पहुंची जहां झंडा होलिका दहन स्थल पर स्थापित किया गया। झंडा यात्रा का मुख्य आकर्षण यात्रा में शामिल लोगों द्वारा एक दूसरे पर फूलों की बरसात करना रहा। इस दौरान अवधेश बाबा, राकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश बंसल, सौरभ मित्तल, पं. रवि शंकर शुक्ला, हिमांशु मारवाड़ी, निरंजन कुमार, अजय कुमार, प्रखर मित्तल, मुकुल अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, विकास अग्रवाल, पुलकित गोयल, पुनीत अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, कुमार गौरव अग्रवाल, बृज मोहन अग्रवाल, प्रणय श्रीवास्तव मौजूद रहे।

राधा-कृष्ण डोले के साथ झंडा यात्रा निकालते लोग।

चार दिवसीय होली संगीत कार्यक्रम आज से

भीमताल : नौकुचियाताल में चार दिवसीय होली संगीत कार्यक्रम गुरुवार से प्रारंभ होगा, जो 25 मार्च तक चलेगा। जानकारी देते हुए एचसी राहुल जोशी ने बताया कि लक्स 9 रेजिडेंसी नौकुचियाताल में आयोजित कार्यक्रम में कुमाउनी क्लासिकल और सेमी क्लासिकल रसिक होली गायन होगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे से 10 बजे तक प्रतिदिन होंगे।

होली महोत्सव में होल्यारों ने जमाया रंग

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: प्रगतिशील पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के रंगमंच पर आयोजित होली महोत्सव के दौरान महिला एवं पुरुष होल्यारों ने खड़ी और बैठकी होली में शानदार गीत प्रस्तुत किए। रंग मंच पर नीता पांडे भरतपुरी, माया बिष्ट पम्पापुरी, बसंती राणा चिल्किया, राधा जोशी व दीपा ध्यानी कोटद्वार रोड, सुमन खुल्वे व परंपरा नृत्य पाठशाला की महिला होल्यारों की टीम ने सिद्ध करो महाराज होली के दिन में, हा हा मोहन गिरधारी, मेरो रंगीलो देवर घर ए रौ छो जैसे होली के एक से शानदार गीतों की बानगी प्रस्तुत की। इससे पूर्व होली महोत्सव का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत ने क़िया। कार्यक्रम में हल्द्वानी के कलाकारों द्वारा शास्त्रीय संगीत होली

मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसमें गौरव बिष्ट, इस्मिथ तिवारी, सिद्धांत नेगी, राज कोठारी व रामनगर के संजय रिखारी, चित्रेश त्रिपाठी, केसी त्रिपाठी, अमित तिवारी आदि कलाकार शामिल रहे। होली महोत्सव के दौरान अध्यक्ष गिरीश मठपाल, कमल बेलवाल, भूपेंद्र खाती, दीप जोशी, नवीन करगेती, गणेश पंत, गोपाल दत्त रिखाडी, वीरेंद्र पांडे, जोगेंद्र भंडारी, मनोज पपनै, विनीत रिखाडी, भावना भट्ट, माया रावत, अंजना सुंदरियाल, आशा बिष्ट, कमल सती, अशोक खुल्बे मौजूद रहे।

होली महोत्सव पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते होल्यार। ● अमृत विचार

फागोत्सव में चीर बंधन किया

नैनीताल : फागोत्सव के तहत बुधवार को राम सेवक सभा प्रांगण में आचार्य भगवती प्रसाद जोशी ने पूजन कार्यक्रम के बाद रंग धारण, चीर बंधन एवं आंवला पूजन संपन्न हुआ। पूजन कार्यक्रम के बाद श्री रामसेवक सभा के सदस्यों ने खड़ी होली कार्यक्रम भी किया। महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि 21 मार्च को दोपहर दो बजे से स्कूली बच्चे होली कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष मनोज साह, संरक्षक गिरीश जोशी, प्रबंधक विमल चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, अशोक साह, राजेंद्र साह, मुकेश जोशी, मुकुल जोशी आदि उपस्थित रहे।

नैनीताल में मां नयना देवी मंदिर प्रांगण में खड़ी होली गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नैनीताल में ढोल के साथ होली गाते पुरुष होल्यार। ● अमृत विचार

तुम जै नयना कल्याण करो माई...

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सांस्कृतिक संस्था युगमंच की ओर से आयोजित 28वें नैनीताल होली महोत्सव में पहली बार महिलाओं और पुरुषों की संयुक्त खड़ी होली का आयोजन किया गया। जिसमें चम्पावत और धौलादेवी (अल्मोड़ा) की टीमों ने होली गायन किया।

मां नयना देवी मंदिर प्रांगण से शुरू हुए कार्यक्रम में पहली बार मतदाता बने 35 युवाओं की टीम ने भी सुर-ताल मिलाकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत अबीर-गुलाल के टीके से की गई। इस दौरान लड़ीधुरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच बाराकोट चम्पावत की 35 सदस्यीय टीम ने मुखिया नागेंद्र कुमार जोशी के नेतृत्व में होली गायन शुरू किया।

उन्होंने तुम जै नयना कल्याण करो माई... लागी-लागी पिरत कैसे तोड़ी, मुख बोले क्यों ना सुंदर गोरी..., झनकारो झनकारो झनकारो...समेत अन्य होली का गायन किया। वहीं बबियाड़ धौलादेवी, भनोली अल्मोड़ा से पहुंची 21 सदस्यीय टीम ने मुखिया रूप सिंह गैड़ा के नेतृत्व में शिव तेरे मंदिर भीड़ बढ़ी भारी..., हां-हां पियो तुमने कुछ न कियो है..., ढोलकी बजा-बजा द्योनो आशीष... आदि गीतों में खड़ी होली का मनमोहक प्रदर्शन किया। इसके बाद होली की टीमों ने श्री राम सेवक सभा प्रांगण में भी प्रस्तुतियां दीं।

खड़ी होली देखने उमड़ा लोगों का हुजूम

युगमंच के संस्थापक वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम ने सभी होल्यारों का आभार व्यक्त किया। चम्पावत की टीम के मुखिया नागेंद्र जोशी ने बताया कि वह पिछले 12 वर्षों से नैनीताल में होली गायन कर रहे हैं। चुनावी वर्ष होने के कारण इस वर्ष पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की टीम जगह-जगह होली गायन कर रही है। नैनीताल पहुंची 35 सदस्यों की टीम में सभी प्रथम मतदाताओं को शामिल किया गया है। चम्पावत से पहुंची महिला होल्यार कृतिका जोशी ने कहा कि वह दिल्ली में कोचिंग कर रही हैं, लेकिन होली का रंग उन्हें खींच लाया। कहा कि पहले महिलाएं होली के दौरान घरों पर ही कार्यक्रम करती थीं, लेकिन अब महिलाओं को खड़ी होली में शामिल किया जाना बेहतर प्रयास है। इससे महिलाएं एक-दूसरे की संस्कृति से रूबरू होंगी।

हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल में होली गीत गाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

होली महोत्सव में लोगों को भाए मोमो

भीमताल, अमृत विचार : हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल के बीएड एवं स्नातक के विद्यार्थियों ने होली महोत्सव का आयोजन किया। होली महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने संस्थान में विभिन्न प्रकार के पकवानों के स्टॉल लगाए। इसमें मोमो स्टॉल ने प्रथम, चाट स्टॉल ने द्वितीय, पानीपुरी व झालमुड़ी स्टाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि हरमन माइनर स्कूल के प्रधानाचार्य केडी सिंह ने प्रशिक्षुओं को होली का धार्मिक महत्व बताया। इस मौके पर बीना नेगी चौधरी, गणेश चन्द्र, राजेन्द्र सिंह खाती, राहुल कुमार, नितिन भगवाल, शीतल सिंह मौर्य, रामकृष्ण आर्या, हेमा मेहरा, मनोज जोशी, नेत्र प्रसाद गौतम आदि मौजूद रहे।

वायरल का खतरा, अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ रही भीड़, डॉक्टर बोले-मौसम पूरी तरह से गर्म नहीं हुआ है और न ही पूरी तरह से ठंड

सावधान रहें ! यह मौसम बीमार करने वाला है

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गर्मी का मौसम आने लगा है। दिन में जहां लोगों को गर्मी महसूस हो रही है तो वहीं रात को तापमान में गिरावट आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री तक अंतर है।

डॉक्टरों का कहना है कि मौसम पूरी तरह से गर्म नहीं हुआ है और न ही पूरी तरह से ठंड है। इस तरह के मौसम में वायरल बुखार बढ़ जाता है। सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार आम समस्या बन जाती है। बच्चे, जवान और बूढ़े सब पर यह असर दिखाता है। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, उनमें वायरल बुखार असर भी दिखाता है।

ये रखें 10 सावधानी

1-फ्रिज का ठंडा पानी नहीं लें
2-फ्रिज से फल निकालकर तुरंत न खाएं
3-सुबह और शाम गर्म कपड़े पहनें
4-पंखा और एसी अभी नहीं चलाएं
5-बाहर का भोजन नहीं खाएं
6-दाल, चावल, रोटी, सब्जी को प्राथमिकता दें
7-खट्टे फल केवल दोपहर के समय खाएं
8-बच्चों को हल्के गुनगुने पानी से नहलाएं
9-बच्चों को आइसक्रीम बिलकुल नहीं दें
10-प्राणायाम, योगा, सुबह की सैर करें

ये हैं पांच लक्षण

1-बदन टूटना और बुखार आना
2-सर्दी, खांसी और जुकाम
3-एलर्जी होना
4-सिरदर्द
5-पेट खराब होना

मार्च का महीना मिले-जुले मौसम का होता है। लोग अभी से गर्म कपड़े उतार देते हैं और पूरी तरह से गर्मियों के मौसम की तरह रहन-सहन अपना लेते हैं। यही सब बीमार करता है। सर्दी, खांसी, बुखार की समस्या बनती है। लोग समझें कि अभी पूरी तरह से गर्मी नहीं आई है। **-डॉ. वैभव पॉलीवाल,** फिजिशियन, बांबे अस्पताल, हल्द्वानी

बच्चों को आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक बिलकुल नहीं दें। उन्हें सुबह और शाम गर्म कपड़े पहनाएं। अच्छा तो यही है बच्चों को मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलने दें। तबियत खराब होने पर डॉक्टरों की ही सलाह लें। बिना डॉक्टर को दिखाए, मेडिकल स्टोर से खरीदकर दवाएं बिलकुल नहीं दें। **-डॉ. ऋतु रखोलिया,** विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

बेस अस्पताल में ईएनटी के डॉक्टर नहीं, परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बेस अस्पताल में ईएनटी के डॉक्टर चुनाव ड्यूटी पर होने की वजह से मरीज परेशान रहे। अन्य कई डॉक्टर भी चुनाव ड्यूटी पर थे लेकिन ईएनटी का दूसरा डॉक्टर नहीं होने से परेशानी बढ़ गई।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए डॉक्टरों की चुनाव में ड्यूटी लगाई जा रही है। बेस अस्पताल से डॉक्टरों को बुलाया जा रहा है। बुधवार को भी ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दिलीप वार्ष्णेय की भी चुनाव में ड्यूटी लगाई गई। इस वजह से उनकी ओपीडी में कोई भी डॉक्टर नहीं था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अस्पताल में उनके अलावा अन्य कोई ईएनटी विशेषज्ञ नहीं है। इस वजह से नाक, गला और कान के रोगी वापस लौटते रहे।

उनके अलावा अन्य डॉक्टरों की भी चुनाव में ड्यूटी थी लेकिन उनकी जगह अन्य डॉक्टर होने की वजह से उतनी दिक्कत नहीं आई। पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि मौजूदा विकल्पों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काम किया जा रहा है।

एक नजर

सांसद प्रत्याशी बलूनी 23 को रामनगर में

रामनगर : भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख और पौड़ी गढ़वाल सीट से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी 23 मार्च को रामनगर में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत करेंगे। साथ ही वह मालधन चौड़, पीरुमदारा से लेकर रामनगर तक रोड शो के माध्यम से जनसंपर्क भी करेंगे। पार्टी प्रत्याशी के पहले दौरे की तैयारी को लेकर चुनाव कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें विधायक दीवान सिंह बिष्ट, प्रभारी प्रताप सिंह बोरा ने कहा कि बलूनी मालधन चौड़ से रामनगर सीमा में प्रवेश करेंगे। जहां कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। इसके अलावा अनेक स्थानों पर उनका स्वागत किया जाएगा। बैठक में विस्तारक अंशुमान दफौटी, मदन जोशी, वीरेंद्र रावत, दिनेश मेहरा, सत्यप्रकाश शर्मा, जेसी लोहनी, किशोरी लाल, गणेश रावत, जगमोहन बिष्ट, संजय डोर्वी, भगीरथ लाल चौधरी, जयप्रकाश जोशी, इंदर रावत, प्रेम मेहरा, राजेश पाल, किरण रावत, चमन चौधरी आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर का रहने वाला था खाई में गिरा युवक

भीमताल : सुसाइड प्वाइंट से सोमवार की रात गिरने वाला युवक पंकज बाला (30) पुत्र परिमल बाला निवासी पीपला महतोष मोड़ रुद्रपुर दिनेशपुर का रहने वाला था। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि रुद्रपुर से भीमताल घूमने आए पंकज बाला की खाई में गिरने से मौत हो गई है। युवक के साथ उसका दोस्त भी था। पुलिस ने देर रात तक सर्च अभियान चलाने के बाद शव बरामद किया। बताया कि रात करीब 8 बजे सूचना मिली कि बोहराकून की पहाड़ी से एक युवक नीचे गिर गया है। पंकज बाला अपने दोस्त पंकज विश्वास के साथ घूमने आया था। पूछताछ में पंकज विश्वास ने बताया कि शाम करीब 7 बजे दोनों बाइक से रुद्रपुर लौट रहे थे। रास्ते में दोनों बोहराकून के पास रुके। पंकज खाई की तरफ लघु शंका के लिए गया था। उसका संतुलन बिगड़ने से वह खाई में गिर गया।

तीन किलोमीटर की दूरी और इलाज के लिए करना पड़ा 14 घंटे का सफर

घायल सेवानिवृत्त क्लर्क को कुर्सी पर बैठाकर ग्रामीणों को चलना पड़ा करीब पांच घंटे पैदल

कुंदन बिष्ट, हल्द्वानी

अमृत विचार: महज तीन किलोमीटर की दूरी और 14 घंटे के सफर ने एक वृद्ध की जान ले ली। फिसलने से सेवानिवृत्त क्लर्क के सिर पर लगी चोट का इलाज कराने बेबस ग्रामीणों को महज तीन किलोमीटर की दूरी को तय करने में पांच घंटे से अधिक का समय लग गया। मुख्य सड़क पर पहुंचने के बाद भी ग्रामीणों को वृद्ध का इलाज कराने के लिए 14 घंटे का सफर और तय करना पड़ा। घायल वृद्ध को इलाज तो मिला लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

बागेश्वर जिले के ग्राम सभा कर्मी ग्राम सापुली खाईधार तहसील कपकोट निवासी 65 वर्षीय हीरा सिंह पुत्र स्व. गोविंद सिंह शिक्षा विभाग में क्लर्क पद से सेवानिवृत्त हैं। 14 मार्च को हीरा सिंह गांव में प्राचीन मंदिर के चल रहे पुनर्निर्माण कार्य को देख रहे थे। इसी दौरान घर के पीछे पैर फिसलने से हीरा सिंह 20 फीट गहरी खाई में गिर गए। उनके छोटे भाई मेहमान सिंह ने बताया कि बामुश्किल उनके भाई को खाई से बाहर निकाला गया। खाई में गिरने से हीरा सिंह के सिर पर गंभीर चोट आई। लेकिन उनके भाई के इलाज के लिए गांव से सड़क तक पहुंचाने के लिए कोई व्यक्ति नहीं मिला। दूसरे गांव से लोगों को बुलाना पड़ा।

चार लोगों की मदद से रात में टार्च जलाकर तीन किलोमीटर का सफर पांच घटे में तय कर उन्हें कुर्सी पर बैठाकर मुख्य सड़क पर लाया गया। इसके बाद प्राइवेट कार से बागेश्वर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें हल्द्वानी रेफर कर दिया था।

मेहमान सिंह के अनुसार भाई को घटनास्थल से हल्द्वानी लाने तक 14 घंटे का सफर और तय करना पड़ा। 15 मार्च को उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने ऑपरेशन भी किया। लेकिन कुछ समय बाद उनके भाई की मौत हो गई।

दुखद

- हल्द्वानी में इलाज के दौरान वृद्ध की हुई मौत
- घर के पीछे पैर फिसलने से खाई में गिर गए थे हीरा सिंह

गांव में बिजली तो उपलब्ध, अक्सर रहती है गायब

हल्द्वानी : मृतक सेवानिवृत्त क्लर्क हीरा सिंह के भाई मेहमान सिंह ने बताया कि उनका गांव सैन्य वाहुल्य क्षेत्र है। गांव में बिजली की सुविधा तो उपलब्ध है, लेकन बिजली सप्ताहभर तक गुल रहती है। जिस दिन घटना हुई उस दिन भी बिजली नहीं थी। टार्च की रोशनी में उनके भाई को मुख्य सड़क पर लाने में पांच घंटे से अधिक का समय लग गया। उन्होंने बताया कि उनके गांव में आज तक सड़क नहीं पहुंची। तीन किलोमीटर खड़ी चढ़ाई में चढ़ना चुनौती से कम नहीं है।

पहले भी हो चुकी है गांव में इस प्रकार की घटना

हल्द्वानी : मृतक के भाई मेहमान सिंह ने बताया कि उनकी ग्रामसभा में सौ से अधिक परिवार रहते हैं। वह शासन-प्रशासन से सालों से गांव के लिए सड़क की सुविधा देने की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके आज तक गांव में सड़क नहीं पहुंच सकी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी एक गर्भवती महिला को इलाज के लिए मुख्य सड़क तक लाने में महिला की जान चली गई थी। प्रशासनिक अधिकारी केवल झूठा आश्वासन देते हैं।

एंबुलेंस चालक ने किया होता इंतजार तो शायद बच जाती जान

हल्द्वानी : मृतक हीरा सिंह के भाई मेहमान सिंह ने बताया कि गांव से सड़क तक आने में उन्हें पांच घंटे से अधिक का समय लग गया था। उन्होंने 108 एंबुलेंस को बुलाया था। चालक ने दो घंटे इंतजार किया। बाद में देर होने का हवाला देकर वह चला गया। प्राइवेट कार ढूंढने में भी काफी वक्त लग गया। हल्द्वानी में डॉक्टर ने बताया कि तीन घंटे पहले इलाज मिलता तो भाई की जान बच सकती थी।

नैनापीक में आग लगाने की सामग्री ले जाने पर दो छात्रों पर कार्रवाई

नैनीताल, अमृत विचार: नैनापीक क्षेत्र में बिना टिकट घुसने व आग लगाने की सामग्री साथ ले जाना दो छात्रों को महंगा पड़ गया। वन विभाग की ओर से दो लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनका सामान जब्त किया है।

बता दें कि बीते माह से नैना पीक क्षेत्र में जंगल व वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की ओर से यहां आने वालों के लिए टिकट व्यवस्था लागू कर दी थी। साथ ही नैना पीक क्षेत्र में खाद्य सामग्री व प्लास्टिक की बोतल ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से नैना पीक जाने से पूर्व टिकट काउंटर में वहां जाने वालों के सामान को भी देखा जाता है। इसके चलते अब लोग चोरी छिपे नैना पीक क्षेत्र में जाना शुरू कर रहे हैं। इधर बीते रोज शाम को नैनीताल के छात्रों का एक ग्रुप भी नैना पीक क्षेत्र में पार्टी करने पहुंच गया। वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान छात्रों के गुट को नैनापीक के जंगल में पकड़ लिया। जहां वह खाना बनाने का सामान बर्तन ले गए थे और जंगल में आग जगाने की तैयारी कर रहे थे। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि नैना पीक क्षेत्र में बिना टिकट प्रवेश करने, खाद्य सामग्री बर्तन साथ ले जाने व आग लगाने की सामग्री जंगल में साथ ले जाने पर दो छात्रों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

जेबकतरा पकड़ने में टूटा अल्ट्रासाउंड कक्ष का शीशा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सुशीला तिवारी अस्पताल में चोरों का आतंक बरकरार है। बुधवार को यहां एक जेबकतरा एक व्यक्ति की पेंट में रखा पर्स निकालने की कोशिश कर रहा था। जेबकतरा को पकड़ने के चक्कर में अल्ट्रासाउंड कक्ष में लगा शीशा टूट गया।

एसटीएच में बुधवार की दोपहर एक्सरे रिपोर्ट के लिए लोग कतार में लगे थे। इस दौरान एक जेबकतरा रिपोर्ट लेने के लिए कतार में लगे एक व्यक्ति की जेब टटोलने लगा। जब उसे अहसास हुआ कि कोई उसकी जेब टटोल रहा है तो उसने पीछे उसे पकड़ने की कोशिश की। इतने में जेबकतरे ने उसे धक्का दिया और वहां से भाग गया। इधर वह व्यक्ति काउंटर के कांच से टकराकर गिर गया। इस दौरान काउंटर का कांच पूरी तरह से टूट गया। गनीमत है कि उस व्यक्ति को चोट नहीं आई। हालांकि घटना के बाद काफी अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने जेबकतरे का पीछा किया तो वह वहां से भाग गया। अस्पताल प्रशासन की माने तो जेबकतरा सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हो चुका है। पुलिस ने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कही है। बेड़ीखत्ता निवासी गौरव जोशी ने बताया कि विगत दिनों उनका मोबाइल यहां से गायब हो गया। मृदुल विहार निवासी गोपाल जोशी ने बताया कि मंगलवार को वह आंख के ऑपरेशन के बाद वह वार्ड में भर्ती थे, उस बीच उनका मोबाइल चोरी हो गया। जिसकी सीसीटीवी फुटेज में भी फोटो है। इधर एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि हम बार-बार अनाउसमेंट करते हैं कि मरीज और तीमारदार अपने सामान की रक्षा करें।

सुशीला तिवारी अस्पताल में जेब कतरे के धक्के से टूटा शीशा।

एसटीएच से हटवाईं होर्डिंग्स

हल्द्वानी, अमृत विचार : बेस अस्पताल की आचार संहिता उल्लंघन करने के बाद सुशीला तिवारी अस्पताल भी सतर्क हो गया है। एसटीएच में बुधवार को सरकार की ओर से लगाए गए होर्डिंग्स को हटाया गया। पूरे दिन होर्डिंग्स हटाने का काम चला।

एसटीएच में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पिछले साल होली पर हुई सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल भी अलर्ट मोड पर है। आपातकालीन और अन्य जरूरी वार्ड में डॉक्टरों की ड्यूटी चार्ट सही तरह से लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

विगत होली पर शहर में कई सड़क दुर्घटनाएं हुईं। सड़क दुर्घटनाओं में एक ही दिन में छह लोगों की मौत हो गई। अन्य कई घायल हुए। इसको देखते हुए आगामी होली पर्व पर एसटीएच प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने आपातकालीन विभाग से लेकर अन्य जरूरी विभाग जैसे आईसीयू में लिखा है कि डॉक्टरों और नर्सेज की ड्यूटी इस तरह से लगाएं कि होली पर स्वास्थ्य सेवाओं में कोई असर नहीं पड़े।

बताया कि होली पर डॉक्टर, नर्सेज और अन्य कर्मचारी अवकाश पर रहते हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से सख्त आदेश हैं कि अवकाश दें लेकिन ड्यूटी चार्ट ऐसा बनाएं कि होली पर डॉक्टर, नर्सेज और अन्य कर्मी मौजूद रहे।

होली की तैयारी

- आपातकालीन और अन्य जरूरी वार्ड में डॉक्टर रहेंगे तैनात
- होली के अवकाशों का स्वास्थ्य सेवाओं पर नहीं पड़ेगा असर

हादसे में घायल कांस्टेबल की मां ने दम तोड़ा

हल्द्वानी: डीआईजी कार्यालय में तैनात कांस्टेबल दया शंकर खोलिया की मां एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। उनका सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। गुफा महादेव कृष्णापुर तल्लीताल निवासी हेमंती (76) गौलापार में अपने बेटे के यहां आई थी। आठ मार्च को वह अपनी बेटी से मिलने जा रही थी। खेड़ा के पास उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से हेमंती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई।

कंपनी बाग के मामले में मुकदमे की स्टेटस रिपोर्ट को मांगा समय

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: साफिया मलिक की कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी के मामले में एडीजी कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 27 मार्च निर्धारित कर दी है।

कंपनी बाग की भूमि पर कब्जे के मामले में आरोपी साफिया मलिक की कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई गई थी। बुधवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान पुलिस ने मुकदमे की स्टेटस रिपोर्ट के लिए और अधिक समय मांगा। उधर मलिक के अधिवक्ता रोहिताश चक्रवर्ती ने बताया कि पुलिस जान बूझकर स्टेटस रिपोर्ट में देर कर रही है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने 22 फरवरी को अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर कंपनी बाग का बगीचा स्थित भूखंड पर मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर फर्जी तरीके से कब्जा करने, कोर्ट में मरे व्यक्ति के नाम से हाईकोर्ट में रिट डालने और उसे खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। मामले की आरोपी साफिया मलिक फरार चल रही है। नगर निगम ने पुलिस को अब तक जमीन संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। इस कारण जांच शुरू नहीं हो पाई है। 20 मार्च को भी पुलिस ने स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में नहीं रखी। साथ ही रिपोर्ट सबमिट करने के लिए समय देने की मांग। साफिया के अधिवक्ता रोहिताश चक्रवर्ती ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई की अग्रिम तिथि 27 मार्च तय कर दी है।

कार्रवाई

- सुनवाई की अगली तिथि 27 मार्च निर्धारित
- साफिया के अधिवक्ता ने दायर की थी अग्रिम जमानत याचिका

फौजी की मौत के मामले में कैंटर चालक के खिलाफ केस

हल्द्वानी, अमृत विचार : कैंटर की टक्कर से हुई फौजी की मौत के मामले में मृतक के ससुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम छड़ायल सुयाल थाना मुखानी निवासी दुर्गा सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उनका दामाद ग्राम सैनिक कॉलोनी हरिपुर नायक हल्द्वानी निवासी ललित सिंह 17 महार रेजिमेंट तैनात था। 18 मार्च 2024 को ललित रुद्रपुर से हल्द्वानी स्कूटी से आ रहा था। इस दौरान टांडा जंगल के पास विपरीत दिशा से आ रहे कैंटर चालक ने गलत दिशा में आकर स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे ललित गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लोगों ने कैंटर चालक जवाहर सिंह निवासी उत्तम विहार पश्चिम दिल्ली को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लोकसभा चुनाव एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ

50 हजार से अधिक नगदी ले जाने पर बैंक, जीएसटी नंबर अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर बुधवार को तहसील स्थित एनआईसी भवन में एडीएम/नोडल अधिकारी आचार संहिता शिवचरण द्विवेदी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनिधियों से जनता को अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा।

द्विवेदी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि एमबीपीजी कॉलेज में स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना कक्ष चिन्हित किए गए हैं। इस चुनाव में दिव्यांग, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से ही बैलेट के जरिए मतदान का विकल्प दिया गया है। स्पष्ट किया कि 50 हजार से अधिक की रकम लाने या पहुंचाने के लिए किसी व्यक्ति, समूह को बिल, बैंक विवरण, जीएसटी नंबर के दस्तावेज रखना अनिवार्य है। जिससे की चुनाव के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में एआरओ/सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, मनीषा मौजूद रहे।

लालकुआं में 142 और हल्द्वानी में 183 मतदेय स्थल : एसडीएम वर्मा ने बताया कि लालकुआं में 142 मतदेय स्थल, 1,25,785 मतदाता और 857 दिव्यांग, 718 वयोवृद्ध और 2 अन्य मतदाता हैं। लालकुआं विस सीट पर 12 एफएसटी, 12 वीएसटी, 3 एसएसटी और 2 वीवीटी टीमों को नियुक्त किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि 183 मतदेय स्थल, कुल मतदाता 155720, दिव्यांग 867, वयोवृद्ध 847 और अन्य मतदाता 7 हैं। हल्द्वानी में 9 एफएसटी, 9 वीएसटी, 3 एसएसटी और 2 वीवीटी टीमें लगाई गई हैं।

एनआईसी कक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एडीएम द्विवेदी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी में एमबी इंटर कॉलेज में बना यूथ बूथ

हल्द्वानी : जिले में ऐसे बूथ जहां युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है, साथ ही ऐसे बूथ जिनकी पैदल दूरी अधिक हैं, उन बूथों पर यूथ बूथ बनाया गया है। एडीएम/नोडल अधिकारी आचार संहिता शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि लालकुआं विस सीट के राप्रावि गांधीनगर सबसे अधिक युवा मतदाता हैं, इसलिए यहां यूथ बूथ बनाया गया है। भीमताल में राप्रावि मलुवाताल की पैदल दूरी 6 किमी होने की वजह से इसे भी यूथ बूथ बनाया गया है, बेतालघाट में राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज, हल्द्वानी में एमबी इंटर कॉलेज और कालाढूंगी में अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज और रामनगर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय छोई में युवा मतदाता सबसे ज्यादा है इसलिए यहां भी यूथ बूथ बनाया गया है।

रोडवेज बसों से प्रचार सामग्री हटाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने हल्द्वानी विस सीट के एआरओ एपी वाजपेयी को पत्र लिखकर उप्र की बसों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो वाली प्रचार सामग्री हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ओर जिला प्रशासन आचार संहिता का पालन करते हुए सरकारी व निजी संपत्तियों, गली-मोहल्लों से बैनर-पोस्टर्स हटा रहा है वहीं, बसों पर लगे पोस्टर्स के जरिए एक से दूसरे प्रदेश तक सरकारी योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है जोकि पूरी तरह आचार संहिता का उल्लंघन है। आरोप लगाया कि पोस्टर्स से चुनाव प्रभावित हो सकता है इसलिए बसों से पोस्टर्स हटाया जाए। उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग से भी इस बाबत शिकायत की है।

एआरओ एपी वाजपेयी ने कहा कि परिवहन निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बसों की जांच करवा लें यदि बसों में प्रचार सामग्री चस्पा है तत्काल हटवा लें। वरना आचार संहिता उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सार संक्षेप

जीएनजी क्रिकेट एकेडमी ने जीता मुकाबला

हल्द्वानी : जीएनजी क्रिकेट मैदान में आयोजित कार्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में जीएनजी हल्द्वानी ने हिमालय क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराया। बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमालय क्रिकेट एकेडमी ने 7 विकेट के नुकसान पर 213 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी जीएनजी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 214 रन से मैच अपने नाम किया।

एससी-एसटी संघ शाखा के अध्यक्ष बने नवीन चंद्र

हल्द्वानी : उत्तराखंड परिवहन निगम एससी-एसटी श्रमिक संघ की संयुक्त शाखा काठगोदाम-हल्द्वानी का वार्षिक चुनाव बुधवार को रोडवेज कार्यालय में संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष नवीन चंद्र, उपाध्यक्ष संतोष कुमार व पंकज कुमार, मंत्री जोगेंद्र सिंह, संगठन मंत्री मनोहर लाल को बनाया गया। किशन चंद्र आर्या की देखरेख में चुनाव पूरा हुआ।

गौरैया दिवस पर बच्चों को किया जागरूक, बांटे घोंसले

हल्दूचौड़ स्कूल में घोंसले बांटते गुलाब सिंह नेगी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : विश्व गौरैया दिवस पर बुधवार को हल्दूचौड़ स्थित खष्टी देवी गुरुरानी इंटर कॉलेज के छात्रों को पक्षी प्रेमी गुलाब सिंह नेगी ने गौरैया संरक्षण के लिए जागरूक किया। घर-आंगन में धीरे-धीरे गौरैया चिड़िया की चहचहाहट फिर से सुनाई देने लगी है लेकिन बढ़ते शहरीकरण, पेड़ों की कटाई आदि से यह फिर लुप्तप्राय श्रेणी में न आ जाए, इसलिए पक्षी प्रेमी इस ओर लगातार प्रयास कर रहे हैं। तल्ली हल्द्वानी निवासी गुलाब सिंह नेगी गौरैया को बचाने की मुहिम में पिछले 15 सालों से अपने खर्चे से लोगों को घोंसले उपलब्ध करा रहे हैं और वह अब तक करीब 5 हजार से अधिक घोंसले बांट चुके हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सच्चिदानंद दुम्का, प्रबंधक मोहन दुर्गापाल, महेंद्र सिंह, मनीष गोस्वामी, समाजसेवी शैलेंद्र दुमका, डॉ. सुरेश भट्ट, पुष्पा भट्ट, कला भट्ट आदि उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

हल्द्वानी : सेवा संकल्प द्वारा आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के उजास कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हल्द्वानी स्थित वुडलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। वुडलैंड विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म, महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए साफ-सफाई एवं खान-पान के महत्व के विषय में सेवा संकल्प की सदस्य सुखप्रीत कौर, हल्द्वानी से पूजा बिष्ट एवं मनीषा द्वारा बालिकाओं के साथ कक्षा 9 से 11 के बालकों को भी संबंधित विषय पर जानकारी दी गई। विद्यालय की संस्थापक रंजना एवं लता द्वारा भी सेवा संकल्प एवं आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के प्रयास की सराहना की गई।

गौ सेवकों की शिकायत पर किया गौशाला का निरीक्षण

हल्द्वानी : गौ सेवक जोगेंद्र राणा जोगी की शिकायत पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डीसी जोशी ने नगर निगम की शीशमहल स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया, जहां अवस्थित 97 बड़े गऊ वंश व 32 बछड़ों के लिए प्रतिदिन 28 कुंतल हरा चारा, 5.30 कुंतल भूसा तथा डेढ़ कुंतल पशु आहार खिलाए जाने के लिए नगर निगम को पत्र भेजा है। डॉ. जोशी ने कहा कि रोजाना प्रति गोवंश 25 किलो हरा चारा, 4-5 किलो भूसा तथा एक किलो पशु आहार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारियों को गऊ वंश की यथा स्थिति से अवगत करा दिया गया है। साथ ही, उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी, हल्द्वानी को भी निर्देश दिए कि प्रतिदिन विभाग की टीम गऊशाला का निरीक्षण करे व पोषण व्यवस्था पर ध्यान दे और यह सुनिश्चित करे कि गोवंश को उचित उपचार मिले।

गऊ सेवकों ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम के अधिकारी शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लेंगे और शीघ्र कार्रवाई करेंगे, जिससे बेसहारा गऊ वंशों को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिल सकेगा।

मदर्स ग्लोरी के 12 छात्रों का सैनिक स्कूल में चयन

रामनगर : मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं हर्षिका जोशी, पुनयता तिवारी, वेदांत रावत, अक्षत जोशी, संध्या जोशी, नमन फुलारा, समृद्धि चौरसिया, प्रियंका बिष्ट, अक्षत प्रकाश, हिमाद्री भंडारी, यश शर्मा और दीपिका सुयाल ने एक साथ सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास कर एक नया रिकॉर्ड बनाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना पाथरी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

राष्ट्र सेवा के उद्देश्यों को अपनाकर करें व्यक्तित्व विकास

स्वयंसेवियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

रामनगर : राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को अपनाकर स्वयंसेवी अपना व्यक्तित्व विकास करें। यह बात शिविर के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. देवकी नन्दन जोशी ने कही। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. देवकी नन्दन जोशी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. ममता भदोला जोशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को बधाई दी।

मेडिकल व फायर किट बिना दौड़ रहीं रोडवेज बसें

80 फीसदी बसों में फायर व मेडिकल किट नहीं, यात्री जान खतरे में डालकर सफर करने को मजबूर

पड़ताल

गौरव तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार: हल्द्वानी और काठगोदाम डिपो की अधिकांश बसों में फायर और मेडिकल किट गायब हैं। यात्रियों को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के पास पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। शासन से निर्देश के बावजूद इन बसों में फायर और मेडिकल किट नहीं हैं। बसों में आग लगने की घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार सबक लेने को तैयार नहीं हैं। वहीं, परिवहन निगम या फिर यातायात विभाग के अधिकारी इसकी जांच करने की भी पहल नहीं करते हैं।

बुधवार को जब अमृत विचार की टीम ने हल्द्वानी बस अड्डे का निरीक्षण किया तो पाया कि दोनों ही डिपो की बसों में मेडिकल किट के बॉक्स में दवाइयां व पट्टियां नहीं थीं। हल्द्वानी डिपो की बात करें तो बस अड्डे 91 और काठगोदाम डिपो की 55 बसें संचालित होती हैं। इन बसों में फर्स्ट एड के लिए मेडिकल बॉक्स केवल शोपीस बन कर रहे गए हैं। कहीं बॉक्सों में चालक और परिचालक अपनी जरूरत का भी सामान रख रहे हैं। परिवन निगम की ओर से चालक व परिचालक को प्रति माह मरहम पट्टी के साथ ही दर्द निवारक दवाएं दी जाती हैं। अधिकांश बसों में दवा और मरहम पट्टी उपलब्ध ही नहीं है। वहीं बसों में लगे फायर किट में पड़ने वाली जरूरी गैस भी नहीं है। फायरकिट के सिलिंडर भी शोपीस बन गए हैं। इसके चलते दुर्घटना के समय लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। यहां तक की मेडिकल और फायर किट के लिए बजट भी जारी होता है।

बस में लगे डिस्प्ले में नहीं संचालित होते रूट। ● अमृत विचार



बसों में लगे फायर किट बने शोपीस।

मेडिकल किट बॉक्स से गायब दवाइयां।

बसों की डिस्प्ले में रूट नहीं निर्धारित

हल्द्वानी : काठगोदाम व हल्द्वानी डिपो की बसों में रूटों के लिए लगाए गए डिस्प्ले में रूट तक भी अंकित नहीं किए गए हैं। काठगोदाम की बसों के शीशों में चूने से रूटों का पता लिखा गया है। जिससे बसों में लगे डिस्प्ले भी शो-पीस बन कर रह गए हैं, कई बार चालक व परिचालकों ने इसकी शिकायत डिपो के जिम्मेदारो को दी लेकिन इसके बाद भी डिस्प्ले में रूटों को अंकित नहीं किया गया है।

> बसों में फायरकिट व मेडिकल किट रखने के निर्देश बसों के चालक व परिचालक को दिए गए है। जिन बसों में व्यवस्था नहीं उन्हें चिन्हित कर उन बसों में व्यवस्था की जाएगी। – **सुरेंद्र बिष्ट, एआरएम रोडवेज हल्द्वानी**

पिता का जन्म प्रमाणपत्र लेने इंग्लैंड से आई फियोना

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : इंग्लैंड से बुधवार को मिस फियोना नाम की युवती रामनगर नगरपालिका पहुंची। यहां उसने नगरपालिका प्रशासन के सम्मुख अपने पिता विश्वनाथ बंसल का जन्म प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए।

फियोना के पिता विश्वनाथ बंसल का निधन फरवरी 2024 में लंदन में हो गया है। विश्वनाथ बंसल रामनगर में रहते थे, जिनका जन्म रामनगर में ही 1935 को हुआ था। उनके 6 भाई और एक बहन थी, जो रामनगर में ही रहते थे। उनके सभी भाई बहनों की मौत हो चुकी है। आज भी विश्वनाथ बंसल के भाई बहनों के पुत्र रामनगर में ही रहते हैं।

बता दें कि विश्वनाथ बंसल की 10वीं तक की पढ़ाई रामनगर के एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज में हुई थी। उन्होंने 1952 में 10वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की थी। बचपन से ही पढ़ाई में रुचि रखने वाले विश्वनाथ बंसल 10वीं के बाद इलाहाबाद यूनिवर्सिटी चले गए थे। इसके बाद वे लंदन चले गए और वहां वे वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत रहे। वहीं उन्होंने अपना विवाह कर इंग्लैंड की नागरिकता ले ली थी। उनकी दो संतानें मिस फियोना बंसल व रवी बंसल हैं।

बुधवार उनकी 55वर्षीय पुत्री फियोना बंसल रामनगर पहुंची, जहां उन्होंने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र यादव से मुलाकात कर अपने पिता के जन्म प्रमाण पत्र देने को लेकर जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत किए। बातचीत में फियोना ने बताया कि लंदन में मृत्यु के बाद कई औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं। इस संबंध में उनको पिता के जन्म प्रमाणपत्र की आवश्यकता है। रामनगर के ही रहने वाले विश्वनाथ बंसल के पौत्र ने बताया कि वे अपनी बुआ के साथ नगरपालिका पहुंचे हैं। वहीं इस विषय मे नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र यादव ने बताया कि प्रकरण बहुत पुराना है। वे इतनी दूर इंग्लैंड से आई हैं तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि इनकी मदद करें। जल्द से जल्द इसका निराकरण किया जाएगा।

नगर पालिका में ईओ के साथ इंग्लैंड से आईं फ्रियोना। ● अमृत विचार

ईदगाह के दानपात्र से नगदी उड़ाने वाले दबोचे गए

रामनगर : मोहल्ला खताड़ी स्थित ईदगाह में रखे दानपात्र से नगदी चुराने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मोहल्ला खताड़ी निवासी फैजान मियां ने दानपात्र से नगदी व मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे मैदान के खाली फील्ड से अभियुक्त मोहम्मद कलाम निवासी शक्तिनगर व मोहम्मद समीर निवासी पूछड़ी बिहारी को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 1842 रुपये के सिक्के, मोबाइल फोन व एक आलानकब बरामद हुआ।

छोई में बॉक्सिंग रिंग बनने से खिलाड़ियों में उत्साह

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : छोई के बॉक्सिंग खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के बाद खेल विभाग ने छोई में बॉक्सिंग रिंग लगा दिया है। रिंग लगने से क्षेत्र के खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। बता दें कि बॉक्सिंग प्रशिक्षक नंदन नेगी, गोविंद सिंह व अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रशिक्षक देवेंद्र भट्ट के प्रयासों से खेल विभाग ने छोई क्षेत्र के युवाओं को बॉक्सिंग के लिए प्रोत्साहित करने व भविष्य में अच्छे प्रदर्शन के लिए बॉक्सिंग रिंग दिया है। सहायक निदेशक खेल रसिक सिद्दीकी, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल व ऊधमसिंह नगर की जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने उम्मीद जताई कि बॉक्सिंग रिंग बनने से रामनगर और आसपास की प्रतिभाएं इस दिशा में और मेहनत कर सकेंगी। अभिभावक प्रीतम सिंह अधिकारी, दान सिंह अधिकारी महिपाल सिंह नेगी, पूरन बिष्ट, संजू रावत, हरि बिष्ट, राजेंद्र भट्ट, पुष्कर भंडारी, भारत सिंह रावत, हेम जोशी, उदय भट्ट ने बॉक्सिंग रिंग बनाने पर खेल विभाग का आभार जताया है।

बॉक्सिंग रिंग में मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

राजीव बने प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के दोबारा महानगर अध्यक्ष

प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की महानगर इकाई में नए पदाधिकारियों का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में आम सहमति से राजीव अग्रवाल दोबारा महानगर अध्यक्ष चुने गए।

बुधवार को प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की केंद्रीय कमेटी की बैठक में आम सहमति से व्यापारी नेता राजीव अग्रवाल एक बार दोबारा महानगर अध्यक्ष, रिषभ पाठक महामंत्री, विनोद आनंद कोषाध्यक्ष, विजय शर्मा उपाध्यक्ष और रजत महेश्वरी मीडिया प्रमुख चुने गए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा ने महानगर पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए कहा कि यह सभी पदाधिकारी व्यापारी हित में कार्य करेंगे।

नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि शीघ्र ही हल्द्वानी महानगर के सभी क्षेत्र से व्यापारी हितों की आवाज उठाने वाले व्यापारियों को संगठन में सम्मिलित कर महानगर की वृहद कार्यकारिणी बनाई जायेगी। जीएसटी के प्रारंभ की कई विसंगतियों के कारण व्यापारियों को होने वाली समस्याओं के संबंध में जीएसटी विभाग के उच्च अधिकारियों से व्यापार मंडल मुलाकात करेगा।

वहां पर प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फरस्वाण, प्रदेश संरक्षक प्रकाश हर्बोला, देवेश अग्रवाल, प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष पूरन लाल साह, जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता टीटू, पीयूष गोयल, अंकुर मोंगा, गौरव भट्ट, आनन्द अधिकारी आदि मौजूद रहे।

बीडी पांडे अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान

नैनीताल: एक कदम अच्छाई संस्था की ओर के सदस्य नितिन देवल ने राजकीय जिला चिकित्सालय बीडी पांडे में स्वैच्छिक रक्तदान किया। बता दें कि रक्तदान संस्था एक कदम अच्छाई की ओर समय-समय पर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन करती है।

स्टाफ हाउस क्षेत्र में गुलदार का आतंक

नैनीताल: बीते एक सप्ताह से घनी आबादी वाले क्षेत्र स्टाफ हाउस में गुलदार की आवाजाही से लोगों में भय का माहौल है।

इसको लेकर कुछ दिन पूर्व लोगों ने वन क्षेत्राधिकारी से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की थी, लेकिन वन विभाग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार देर रात गुलदार फिर से क्षेत्र में दिखाई दिया और एक कुत्ते को अपना निवाला बनाया। एक बार फिर से बुधवार को क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है।

हालात | पिराई बंद होने से भुगतान मिलने की किसानों की उम्मीद हो गई खत्म

इस बार गन्ना किसानों की होली रहेगी फीकी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: किसानों की आय दोगुनी करने के दावे हजार किए जाते हैं लेकिन उनका गन्ना मिल तक पहुंच चुका है लेकिन अब तक उन्हें बकाए का भुगतान नहीं हुआ। ऐसे में, गन्ने में मिठास पैदा वाले किसानों की होली फीकी ही रहेगी।

किसानों ने बताया कि बीती 31 जनवरी, 2024 से उनके बकाए का भुगतान नहीं हुआ है। उन्हें उम्मीद थी कि होली से पहले उनका भुगतान हो जाएगा। ऐसे में, किसानों ने मिलों तक गन्ना पहुंचाने में देरी नहीं की लेकिन अब ज्यादातर मिल में गन्ने की पिराई बंद हो गई है तो होली से पहले भुगतान मिलने की उनकी उम्मीद भी खत्म हो गई।

किसानों ने बताया कि ब्लॉक का ज्यादातर गन्ना लामाचौड़ व कालाढूंगी के सेंटरों से किच्छा स्थित मिल में जाता है। बताया कि बीती 1 फरवरी से 17 मार्च तक सभी ने अपना गन्ना मिल में पहुंचा दिया लेकिन सोमवार से मिल में गन्ने की पिराई बंद हो गई है।

> किसानों का करीब 45 दिनों का भुगतान किया जाना शेष है। इस संबंध में मिल प्रबंधकों से बात की गई है, किसानों को जल्द भुगतान की उम्मीद है। – **आदित्य कुमार, सचिव, गन्ना विकास समिति**

उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधकों ने आश्वासन दिया था कि होली के पहले भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन अब उनसे मुलाकात तक संभव नहीं है।

कालाढूंगी के किसान गुरमीत सिंह कहते हैं कि फरवरी से मार्च तक करीब 500 कुंतल गन्ना मिलों को दिया, उम्मीद थी कि त्योहार पहले भुगतान हो जाएगा लेकिन अब मई-जून से पहले बकाया मिलना संभव नहीं लग रहा है।

लामाचौड़ के किसान हैप्पी सिंह कहते हैं कि एक हजार कुंतल गन्ने का भुगतान होना है, होली और व नई फसल लगाने से पहले बकाया मिल जाता तो बड़ी राहत मिलती। वह कहते हैं कि पैसा मिल जाएगा, यह उम्मीद है लेकिन समय पर मिल जाता तो किसानों को अन्य कार्य करने में मदद मिलती।

प्रो. विद्यालंकार बेतालघाट डिग्री कॉलेज के प्राचार्य बने

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : संस्कृत के विद्वान प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार बेतालघाट स्थित शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने प्राचार्य का कार्यग्रहण कर लिया।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रो. विद्यालंकार ने कहा कि वह महाविद्यालय के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। महाविद्यालय में शैक्षिक माहौल एवं अनुशासन बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। प्रो. विद्यालंकार इससे पहले गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार, एमबी राजकीय स्तानकोत्तर महाविद्यालय, पीएनजी डिग्री कालेज रामनगर व सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर चंपावत में संस्कृत विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। वह एमबी कालेज में चीफ प्रॉक्टर भी रहे हैं। छात्रसंघ के पूर्व सचिव व अभिभावक संघ के अध्यक्ष तारा सिंह भंडारी ने प्रो. विद्यालंकार का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक

डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन

होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।

उपलब्ध सुविधायें :-

चर्म रोग
- मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी
- सफेद दाग
- बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ

नाक व श्वास के रोग
- अस्थमा, बार-बार जुकाम होना
- टॉंसिल
- साइनस संबंधित रोग

पेट के रोग
- अपच, कब्ज, गैस
- अल्सर, आँत में सूजन
- फैटी लिवर

हड्डी के रोग
- जोड़ों का दर्द
- गठिया, सर्वाइकल
- कमर दर्द, साइटिका

मानसिक रोग
- माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे
- नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव

बच्चों के रोग
- चिड़चिड़ापन, भूख न लगना
- दांत देरी से और दिक्कत से आना
- बिस्तर गीला करना
- बच्चे का विकास सही से न होना

पुरुष रोग
- प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें
- नपुंसकता, शीघ्रपतन
- वैरिकोसील

स्त्री रोग
- मासिक धर्म की अनियमितता
- सफेद पानी
- बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी
- बांझपन

अन्य जटिल रोग
- गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया
- डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना
- शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी
- लकवा इत्यादि

क्लीनिक में आने का रास्ता



बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज

समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश

लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262

राज्य सरकार सभी जिलों के लिए एप बनाए जिसमें अतिक्रमण की शिकायत दर्ज हो सके

हाईकोर्ट ने ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर में अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई में दिए निर्देश

विधि संवाददाता, नैनीताल



अमृत विचार : हाईकोर्ट ने ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर में अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार से प्रदेश के सभी जिलों के लिए अतिक्रमण शिकायती एप बनाने को कहा ताकि आमजन इसमें अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करा सके। हाईकोर्ट ने एप में दर्ज शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश जारी करने के साथ ही 16 अप्रैल को प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 16 अप्रैल की तिथि नियत की है। सुनवाई पर हाईकोर्ट ने कहा कि अतिक्रमण को लेकर कोर्ट में संख्याओं की संख्या में जनहित याचिकाएं लंबित हैं। जब अतिक्रमण को लेकर शिकायत की जाती है तो उसे संबंधित विभाग की ओर से हटा देना चाहिए। मामले के अनुसार रुद्रपुर निवासी शशि बंसल ने याचिका दायर कर कहा कि रुद्रपुर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है जिसकी वजह से सड़कें, गलियां संकरी हो चुकी है। अतिक्रमण होने की से आमजन को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम व अन्य विभागों को उनकी ओर से हटाने के लिए प्रत्यावेदन दिया लेकिन अतिक्रमण पर कार्यवाही नहीं हुई।

एकलपीठ के रोडवेज कर्मचारियों की बहाली आदेश को खंडपीठ ने रखा बरकरार

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने परिवहन निगम प्रबंधन की ओर से अपंगता की वजह से जबरन सेवानिवृत्त किए चालक-परिचालकों को सवेतन बहाली के एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा है।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल कि खंडपीठ के समक्ष मामले कि सुनवाई हुई। मामले के अनुसार रोडवेज में डयूटी के दौरान अपंगता की वजह से चालक-परिचालक से अन्य काम लिया जा रहा था। सितंबर 2022 में परिवहन निगम बोर्ड ने इन चालक-परिचालकों को तीन माह का नोटिस देकर जबरन सेवानिवृत्ति का निर्णय लिया। इस निर्णय को रोडवेज में कार्यरत जगजीत सिंह व अन्य ने एकलपीठ में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। पूर्व में एकलपीठ ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए रोक लगा दी थी। इसके विरुद्ध रोडवेज ने विशेष अपील दायर कर खंडपीठ में चुनौती दी थी। पूर्व मे खंडपीठ ने रोडवेज की स्पेशल अपील खारिज करते हुए एकलपीठ को मामले की जल्द निस्तारण करने के आदेश पारित किए थे। एकलपीठ ने कर्मचारियों के हित मे आदेश देकर रोडवेज के नोटिस को अवैध करार दिया था। इस आदेश को रोडवेज ने फिर से स्पेशल अपील के माध्यम से खंडपीठ में चुनौती दी। इसमें बुधवार को सुनवाई के बाद खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए रोडवेज की स्पेशल अपील को खारिज कर दिया है।

मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने को बेहतर प्लान तैयार करें सरकार

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट ने मानव वन्यजीव संघर्ष को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को पूर्व में दिए गए दिशा निर्देशों पर दो माह के भीतर राजाजी कंजर्वेशन प्लान तैयार कर निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु के राष्ट्रीय पार्कों से अच्छे प्लान बनाकर उत्तराखंड के लिए बेहतर टाइगर कंजर्वेशन प्लान तैयार किया जाए ताकि मानव वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सके। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने अगस्त की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार देहरादून निवासी अनु पंत ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नवंबर 2022 में इस मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव वन को दिशा निर्देश दिए थे कि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करें। इस मामले में पूर्व में तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक विनोद सिंघल ने दाखिल शपथ पत्र में केवल कागजी कार्यवाही का उल्लेख था और धरातल पर मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने का कुछ उल्लेख नहीं था। कुछ वर्षों से मानव व वन्यजीव संघर्ष बढ़ा है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि मानव वन्यजीव संघर्ष पर रोक लगाई जाए और पूर्व में कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन कराया जाए।

नमामि गंगे के तहत 100 मीटर दौड़ में पूनम मौर्या प्रथम

हल्द्वानी, अमृत विचार: महिला महाविद्यालय में नमामि गंगे के कार्यक्रम के तहत स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया और पारंपरिक खेल हुए।

प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि नियमित रुप से खेल खेलना हमारे मानसिक कौशल के विकास में सहायक होता है। नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता और 100 मीटर रस्सी कूद दौड़ का आयोजन हुआ।

100 मीटर रस्सी दौड़ में पूनम मौर्या ने प्रथम उमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर बरखा और करीना रहे। वहीं खो-खो और कबड्डी में लीला एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात महाविद्यालय में नमामि गंगे की छात्रा बबीता चिलवाल ने गोबर सहित अन्य सामग्रियों से धूप बनाने प्रशिक्षण छात्राओं को दिया। इस अवसर पर डॉ. गीता पंत, डॉ. ललिता जोशी, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. प्रभा साह आदि रहे।

विवि के खिलाड़ियों को सम्मानित करते कुलपति डीएस रावत व अन्य।

पदक विजेताओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नागपुर में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय महिला एवं पुरुष सीनियर मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में उत्तराखंड को 2 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 6 कांस्य पदक दिलाने वाले खिलाड़ियों को कुलपति डीएस रावत ने सम्मानित किया।

इस दौरान विवि के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि 3से 6 मार्च तक नागपुर में आयोजित मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 6 कांस्य पदक हासिल किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मिनी गोल्ड चैंपियनशिप में उत्तराखंड की टीम ने पुरुष वर्ग में द्वितीय स्थान तथा महिला वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान विवि के कुलसचिव दिनेश चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, उप कुलसचिव डॉ. संजीव आर्य, उप कुलसचिव दुर्गेश डिमरी, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह नेगी, संतोष कुमार, नवीन जोशी, जीएस भंडारी, इंद्र, जीवन रावत, जनार्दन जोशी मौजूद रहे।

31 डिग्री तक पहुंचा पारा

हल्द्वानी: दिन के समय तापमान में बढ़ोतरी जारी है। पारे में उछाल की वजह से गर्मी का एहसास बढ़ रहा है। बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। हल्द्वानी में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के हाल-फिलहाल कोई आसार नहीं दिख रहे हैं।

जन-जन को दें योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : विधायक राम सिंह कैड़ा ने ओखलकांडा मंडल के शक्तिकेंद्र हरीशताल व पटरानी में बूथ सशक्त करने को लेकर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं को हर गांव हर घर जाकर सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को वोट देने का मन बना लिया है। भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट पांच लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक सुरेश मेवाड़ी, पूरन भट्ट, प्रधान डीकर मेवाड़ी, बीडीसी सदस्य बिशन परगांई, जमन सिंह चिलवाल, हरीश परगांई, गणेश बिष्ट, देवीदत्त परगांई, भोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई : धारी क्षेत्र ग्राम सभा बबियाड़ राजकीय प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक प्रमुख आशा रानी के नेतृत्व में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर गणेश कुलौरा, सुशीला कुलौरा, चंदन सिंह सम्मल, महेश सुयाल, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

ओखलकांडा में कार्यकर्ताओं के साथ विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

बबियाड़ में मतदान की शपथ दिलातीं ब्लॉक प्रमुख आशा रानी।

विकास शुल्क के नाम पर वसूली बंद हो

हल्द्वानी, अमृत विचार: स्टूडेंट गार्जियन टीचर वेलफेयर सोसायटी की ओर से अभिभावकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया। साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा कि विकास शुल्क के नाम पर वसूली जा रही डोनेशन और एडमिशन फीस बंद हो। साथ ही प्रवेश शुल्क में बढ़ोत्तरी पर रोक लगे, विद्यार्थियों की संख्या मानकों के आधार पर हो, अवकाश के महीनों में शुल्क प्रतिबंधित हो, विद्यालय में छात्रसंघ का गठन हो, विद्यालय में बुक बैंक की स्थापना हो। अभिभावकों ने कहा कि निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो रहा है।

स्कूल संचालक मनमानी पर उतर आए हैं। इस दौरान मंजू बिष्ट, रेनू बिष्ट, मनोज तिवारी, वीरेंद्र सिंह, देव परिहार, सरोज बिष्ट, सूरज बिष्ट आदि रहे।

हर दो घंटे में कंट्रोल रूम को दें मतदान की सूचना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पीठासीन व मतदान अधिकारी एवं कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

नोडल अधिकारी मतदान/मतगणना हिमांशु जोशी ने पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों व कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रीढ़ पीठासीन एवं मतदान अधिकारी होते हैं। लोकतंत्र में निर्वाचन अति महत्वपूर्ण है।

इस प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को पूर्ण गंभीरता से लें। कोई भी शंका हो तो उसका अवश्य समाधान करें ताकि निर्वाचन में कोई समस्या नहीं हो।

एमबीपीजी कॉलेज में चुनाव को लेकर पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम के बारे में जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

जोशी ने कहा कि सभी कार्मिक आचार संहिता का अनुपालन करें। मतदान पार्टियों को मतदेय स्थल पर पहुंचने पर तत्काल सूचना सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे। वोटिंग से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है। मतदान शुरू होने की सूचना तत्काल सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट के साथ ही कंट्रोल रूम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को देंगे। हर दो घंटे में मतदान की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाएगी।

▸▸ नोडल अधिकारी मतदान/मतगणना जोशी ने पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण में दी जानकारी

प्रशिक्षण में ट्रेनर ईवीएम आरपी पांडे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मशीन यानि ईवीएम चुनाव प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। वोटिंग मशीन को सील करने की प्रक्रिया से मतदान समाप्ति तक का प्रशिक्षण दिया। ट्रेनर पूरन तिवारी, एचबी चन्द्र, विमल किशोर, पूरन सिंह, राजीव जोशी, आरती जैन और रेखा तिवारी ने प्रशिक्षण दिया।

आया हूं मैं भी खाटू सपने हजार लेके...



संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर के खाटू श्याम भक्तों ने उत्थान मंच में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों भक्त खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। सालासर से आए पुजारी पंकज ने विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद भक्तों ने श्याम बाबा के भजन-कीर्तन गाए। इस अवसर पर पटियाला से आए गायक विशाल शैली के भजनों पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। उन्होंने अपने भजन- आया हूं मैं भी खाटू सपने हजार लेके, मुझे पूरा है भरोसा जाऊंगा तो कुछ लेके... में बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया। इस तरह सोनीपत की तनु खरखौदा के भजन- मेरा तो दाना पानी सब खाटू से आता... सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए। रुद्रपुर के अनिमेष राज आदि ने भी श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए गीत व भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान आयोजक सौरभ अग्रवाल, मनोज सक्सेना मन्नु, मोहित जैन, शकुंतला देवी, कामनी गोयल, माता हरिप्रिया, हेमा पंत व भारी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे।

पर्वतीय उत्थान मंच में आयोजित कार्यक्रम में खाटू श्याम बाबा के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

कार से 72 हजार रुपए बरामद

हल्द्वानी, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नैनीताल पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से साथ ही थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों/जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों की सतर्कता एवं गहनता से सघन चैकिंग की जा रही है। बुधवार को एसएसटी की टीम द्वारा मल्ला चौकी काठगोदाम पर चेकिंग के दौरान कार संख्या पीबी 08 ईएक्स 9613 को रोका गया। कार की तलाशी लेने पर 72 हजार रुपए बरामद हुए। कार स्वामी 120 गोल्डन एवेन्यू फेस 1 गड़ा मार्ग जालंधर पंजाब निवासी प्रमोद कुमार उक्त धनराशि के संबंध में कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं दे पाया। टीम में शंकर शाह टीम प्रभारी, उप निरीक्षक फिरोज आलम आदि मौजूद रहे।

धारी में आबकारी विभाग ने पकड़ी 3 लाख से अधिक की अवैध शराब

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: लोक सभा चुनाव को देखते हुए आबकारी विभाग ने छापेमारी कर धारी के कटना सुनी बैंड क्षेत्र में गोदाम से 50 पेटी अवैध शराब बरामद की है।

जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी एनआर जोशी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने राम सिंह लमगड़िया के गोदाम में छापा मारा, जहां से आबकारी विभाग को 50 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। इसकी अनुमानित कीमत तीन लाख साठ हजार है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान गोदाम संचालक शराब के दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद शराब को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

शराब का चुनाव में प्रयोग करने का अंदेशा : आबकारी विभाग के हाथ लगे शराब के जखीरे का प्रयोग लोक सभा चुनाव में प्रयोग किए जाने का अंदेशा है। चुनाव के दौरान शराब का प्रयोग किए जाने को लेकर शराब की खेप को बड़ी मात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिला आबकारी अधिकारी एनआर जोशी ने बताया चुनाव को देखकर विभाग अलर्ट मोड में है और लगातार छापेमारी की जा रही है।

अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार : भीमताल में भी पुलिस ने अंग्रेजी शराब के 250 पव्वों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि केशव दत्त पांडे उर्फ किशन पांडे निवासी जून स्टेट भीमताल को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

धारी में पकड़ी गई शराब के साथ पुलिस कर्मचारी। ● अमृत विचार

शराब के 336 पव्वों के साथ तीन आरोपी धरे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पुलिस ने विभिन्न इलाकों में चेकिंग अभियान चलाकर देशी और अंग्रेजी शराब के 336 पव्वे पकड़कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एसआई नीतू सिंह पुलिस कर्मियों के साथ वाहन से चौकी खेड़ा के पास चेकिंग कर रही थीं। इस दौरान पूर्वी खेड़ा मां कालिका होम स्टे के सामने बस पार्किंग में लोग आ जा रहे थे। शक होने पर पास जाकर देखा तो आसपास खड़े लोग भाग गये। पुलिस ने वहां से रामलाल कॉलोनी निवासी रोहित आर्या गौलापार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रोहित ने बताया की वह शराब बेच रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 96 पव्वे देशी शराब दबंग मार्का के बरामद किए। इधर थाना मुखानी के एसआई बलवंत सिह कम्बोज पुलिस कर्मियों के साथ छडैल चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति हीरा चिकन कार्नर की बगल वाली दुकान में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने प्रमोद आर्या निवासी धान मिल चौराहा सरस्वती विहार थाना हल्द्वानी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने काउंटर की तलाशी के दौरान देशी शराब के 240 पव्वे बरामद हुए। उधर पुलिस ने एक अल्टो कार से अंग्रेजी शराब के 96 पव्वे बरामद किए। पुलिस ने कार चालक दिनेश सिंह निवासी जंतवाल गांव भीमताल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

नल दमयंती ताल क्षेत्र में पेयजल संयोजन न मिलने से लोग परेशान

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : भीमताल के वार्ड संख्या नौ और छह के अंतर्गत नल दमयंती ताल और उससे लगे क्षेत्र में पेयजल के नए संयोजन नहीं मिलने से जनता खासी परेशान है। लोगों ने अवगत कराया कि उन्होंने सारे दस्तावेज विभाग में जमा कर दिए हैं पर विभाग द्वारा इस क्षेत्र में संयोजन नहीं दिया जा रहा है। जबकि क्षेत्र में विभाग की पेयजल लाइन मौजूद है। वहीं दूसरी तरफ बोरिंग की अनुमति नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को पानी के लिए भटकना होता है। इस दौरान लोगों ने बताया कि क्षेत्र में कई प्रभावशाली लोगों को शासन द्वारा बोरिंग की अनुमति प्रदान की गई है। इन लोगों को बोरिंग आवंटित करते समय आवश्यकता के क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराने के नियम का भी पालन नहीं किया जा रहा है।

> केवल संयोजन दे देना ही नहीं है। विभागीय पेयजल लाइन में पानी भी होना चाहिए। इसके लिए पेयजल लाइन की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। यह लगभग 19 लाख तक का है। स्वीकृत होने के बाद सब को संयोजन दे दिया जाएगा।
> **-हर्षित कुमार**, अवर अभियंता जल संस्थान

> पानी सब को चाहिए। विभाग को चाहिए कि जहां भी पानी उपलब्ध हो पेयजल उपलब्ध कराए।
> **-हितेन्द्र बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता

भिक्षावृत्ति में लिप्त 9 बच्चों का स्कूल में कराया दाखिला

संवाददता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत नैनीताल पुलिस द्वारा भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है। अब तक 96 बच्चों को चिन्हित कर 9 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया है।

ऑपरेशन मुक्ति अभियान "भिक्षा नहीं शिक्षा दें" को सफल बनाने के लिए एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा के दिशा निर्देशन में प्रभारी ऑपरेशन टीम एसआई मंजू ज्याला के नेतृत्व में टीम ने मोटा हल्दू, मंडी, शनि बाजार, जीतपुर, रामपुर रोड, जयपुर, बड़ी मंडी, राजपुरा, किदवई नगर, ढोलक बस्ती, जीतपुर नेगी आदि स्थानों में जाकर भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने एवं अन्य कार्यों में लिप्त कुल 96 बच्चों का सत्यापन/ चिन्हीकरण कर उनका विवरण एकत्र किया गया था। बुधवार को अभियान के दूसरे चरण में उक्त बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ते हुए कुल 9 बच्चों का बनभूलपुरा विद्यालय में दाखिला कराया गया है।

बाजपुर में बालाजी मंदिर के सामने संजय कालोनी में होली मिलन समारोह में होली की मस्ती में सराबोर महिलाएं। ● अमृत विचार

गदरपुर में पूर्व तहसीलदार प्रहलाद राम आर्य के घर पर नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

आया रे आया फागुन का त्योहार... पर जमाया रंग

पर्वतीय समाज की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज व वेशभूषा में होली गायन किया, बैठकी एवं खड़ी होली का दौर भी जारी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : बुधवार को पर्वतीय समाज की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज व वेशभूषा में वार्ड नंबर-4 मुख्यमार्ग स्थित विनोद जोशी के आवास पर पर्वतीय समाज की होल्यारों द्वारा होली गायन किया। जिसमें बखत-बखत की बात कलयुग ऐंर छ..., सैंया साड़ी हमारी रंगाई क्यों न दी..., मैं तो पिया बिन सेज अकेली रही..., केसर तिलक लगायो रे होली आई रसिया... आदि का गायन किया गया।

महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर होली की बधाई दी गई। इस दौरान महिलाओं ने होली गीतों पर नृत्य कर खूब रंग जमाया। वहीं प्राचीन शिव मंदिर में भी महिलाओं ने होली गायन किया। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल की अगुवाई में बालाजी मंदिर के सामने संजय कालोनी स्थित निवास स्थान पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी ने होली पर्व का महत्व बताते हुए हर्षोल्लास से पर्व मनाने का आह्वान किया।

इस मौके में कार्यक्रम की संयोजिका पूजा जिंदल व सह संयोजिका सविता शर्मा ने कहा कि होली खुशियों का पर्व है। मातृशक्ति हमेशा हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी भूमिका का निर्वहन करती है, इसलिए आज होली मिलन समारोह के जरिए सभी मातृशक्ति एक साथ हर त्यौहार को मानती है। इसमें मातृशक्ति मिलजुल कर होली के गीत- आया रे आया फागुन का त्योहार, बरसाना में कृष्ण संग राधा प्यारी खेल रही होली..., बरसे श्याम रंग तेरी होली में पहाड़ी लोकगीत... आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट ने किया। इस मौके पर समाजसेवी डा.पूनम पांडे, गीता खत्री, पुष्पा राजेश, आभा तिलारा, बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाध्यापिका अनमोला, मंडल महामंत्री बबली, मंडल उपाध्यक्ष अनु चोपड़ा, मंत्री ममता जैन, मनाली जैन, नेहा गुप्ता, तारा, रीमा, अंजू सिंगल, नेहा जिंदल, गीतू सिंगल, अपूर्व गर्ग, माधुरी गर्ग, रेखा उपासना, शालू मित्तल, मीनू बंसल, दर्शना जिंदल, कृतिका, माधुरी, आकांक्षा, सूची, पूनम अग्रवाल, निकिता जिंदल आदि मातृशक्ति मौजूद रही। बाजपुर। बुधवार को पर्वतीय समाज की दर्जनों महिलाएं पारंपरिक रीतिरिवाज व वेशभूषा में वार्ड नंबर-4 मुख्यमार्ग स्थित विनोद जोशी के आवास पर पर्वतीय समाज की होल्यारों द्वारा होली गायन किया गया जिसमें बखत-बखत की बात कलयुग ऐंर छ..., सैंया साड़ी हमारी रंगाई क्यों न दी..., मैं तो पिया बिन सेज अकेली रही..., केसर तिलक लगायो रे होली आई रसिया... आदि का गायन किया गया। महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर होली की बधाई दी गई। इस दौरान महिलाओं ने होली गीतों पर नृत्य कर खूब रंग जमाया।

वहीं प्राचीन शिव मंदिर में भी महिलाओं ने होली गायन किया। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल की अगुवाई में बालाजी मंदिर के सामने संजय कालोनी स्थित निवास स्थान पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके में कार्यक्रम की संयोजिका पूजा जिंदल व सह संयोजिका सविता शर्मा ने कहा कि होली खुशियों का पर्व है। इसमें मातृशक्ति मिलजुल कर होली के गीत- आया रे आया फागुन का त्योहार, बरसाना में कृष्ण संग राधा प्यारी खेल रही होली..., बरसे श्याम रंग तेरी होली में पहाड़ी लोकगीत... आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट ने किया। इस मौके पर समाजसेवी डा.पूनम पांडे, गीता खत्री, पुष्पा राजेश, आभा तिलारा, बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाध्यापिका अनमोला, मंडल महामंत्री बबली, मंडल उपाध्यक्ष अनु चोपड़ा, मंत्री ममता जैन, मनाली जैन, नेहा गुप्ता, तारा, रीमा, अंजू सिंगल, नेहा जिंदल, गीतू सिंगल, अपूर्व गर्ग, माधुरी गर्ग, रेखा उपासना, शालू मित्तल, मीनू बंसल, दर्शना जिंदल, कृतिका, माधुरी, आकांक्षा, सूची, पूनम अग्रवाल, निकिता जिंदल आदि मौजूद रहीं।

बाजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

होली मिलन समारोह में मौजूद अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के सदस्य। ● अमृत विचार

शांतिनगर में बुधवार को होली गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने अबीर और गुलाल लगाकर दिया सौहार्द और प्रेम का संदेश

काशीपुर : अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के तत्वाधान में मुंशीराम चौराहा के पास स्थित मोहल्ला पक्का कोट पंत भवन के सभागार में होली मिलन महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शामिल लोगों ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर गुजिया खिलाई। साथ ही आह्वान किया कि इस सौहार्द और प्रेम के प्रतीक पर्व को सब मिलकर कर मनाएं। वहीं महासभा की महिला सदस्यों ने होली के गीत गाकर और नृत्य पेश कर विविध संस्कृति को दर्शाया। कार्यक्रम में पंडित लता शर्मा व प्रभा तिवारी द्वारा होली गीत भी प्रस्तुत किये, जैसे फागुन का रंग रंग बरसा दो कि घर आई राधिका गोरी, रंग मत डालो सांवरिया सास लड़ेगी ननद लड़ेगी रंग मत डालो सांवरिया, । पंडित हौसला मिश्रा द्वारा फागुन की रुत आई होली खेले कन्हाई आदि तमाम होली के गीत गाये। इस दौरान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विशाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष पंडित हेमचंद्र भट्ट, प्रदेश सचिव पंडित उमेश जोशी, वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित शैलेंद्र कुमार मिश्रा, उमेश जोशी, भास्कर त्यागी एडवोकेट, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, विमल गुड़िया, पंकज पंत, अरविंद शर्मा, प्रभा शर्मा, प्रदीप जोशी, आरसी त्रिपाठी, संदीप चतुर्वेदी, सुधा शर्मा, प्रीति शर्मा, देवांग मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

जल कैसे भरूं जमुना गहरी...

शान्तिपुरी : शान्तिपुरी में होली एकादसी पर बुधवार को अबीर गुलाल एवं होली गीतों के साथ शान्तिपुरी 1, 2, 3, 4, 5 सुर्यनगर, जवाहरनगर, सत्संग आश्रम, तिकोनिया, शान्तिनगर, शिवपुरी नंबर 6, ढाकानी, शीशम भुजिया, भरतपुर, 17 एकड़, गांधीनगर, आनंदपुर, हल्दूधार, शान्तिनगर 90 फीट, शान्तिपुरी नंबर 1 डाम में महिलाओं ने होली की धमाकेदार शुरुआत हुई, वहीं शांतिनगर स्वाति भट्ट के आवास से महिला होल्यारों ने अबीर गुलाल एवं होली गीतों के साथ होली गीतों का जम कर लुप्त उठाया। इस दौरान महिलाओं ने रंग बरसे भीगे चुनरिया, मेरो रंगीलो देवर घर ऐ रौ छौ, जल कैसे भरूं जमुना गहरी, अरे हां आज जनकपुर जाना है, द्वारिका में श्रीकृष्ण भयो है आदि होली गीत गाकर महफिल में रंग जमाया। इस दौरान महिलाओं में सुनीता कोरंगा, नंदी देवी, मुन्नी कोरंगा, लीला देवी, कमला पाठक, स्वाति भट्ट, तुलसी देवी, गीता जोशी, नंदी कोरंगा, पुष्पा जोशी, पुष्पा कोरंगा, मीना जोशी, देवकी जोशी, मधुली मेहता, दीपा जोशी, कुंती टाकुली, रेखा जोशी आदि मौजूद रहे।

शिव के मनमाही बसे काशी...पर झूमे होल्यार

संवाददाता, दिनेशपुर

होली की धूम

- रंग भरी एकादशी पर प्रातः मंदिरों में पूजा- अर्चना की गई
- मदनापुर, चरनपुर, चक्कीमोड़, ललपुरी आदि में होली की धूम

अमृत विचार : कुमाउनी बहुल नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में होली त्योहार पर रंग भरी एकादशी को प्रातः मंदिरों में पूजा- अर्चना के बाद रंग चढ़ा कर पुरुषों व महिलाओं की टोलियों ने बैठकी एवं खड़ी होली का गायन शुरू कर दिया।

बुधवार को खटोला में पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की के निवास पर पुरुषों ने बैठकी एवं खड़ी होली का गायन किया। होल्यार प्रकाश कांडपाल ने गिरजा सुत गणपति विध्न हरो..., आदि होली गीत गाकर होली शुरू की। नरेंद्र राणा ने सिद्धि के दाता विध्न विनाशक, होली खेले गिरजापति नंदन..., मोहन बिष्ट ने शिव के मनमाही बसे काशी..., आदि होली गीत से होल्यारो ने रंग जमाया। पूर्व सुबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने कहा कि कुमाउनी होली के गीतों के साथ-साथ शवाग रच कर पुरुष होल्यार जमकर रंगों उत्सव का आनंद लेते हैं। साथ ही सामाज में बढ़ रही कुरीतियों को दूर करने का संदेश देते हैं। इसी के साथ मदनापुर, चरनपुर, चक्कीमोड़, ललपुरी, दलीपनगर, कूल्हा व तिलपुरी आदि गांवों में बैठकी व खड़ी होली की धूम मच गयी। इस मौके पर दीवान सिंह अधिकारी, रमेश चंद्र बिष्ट, हरीश कुमार, विक्रम मेहता, शेखर बिष्ट, नंदन सिंह मेहता, ललित मेहरा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, चंदन नाथ, कैलाश जोशी, दलीप रावत, बलवंत भगौड़ा, मदन पांडे, खड़क सिंह कार्की, गोविंद बल्लभ जोशी, डॉ सिमरन पांडे, सागर सिंह आदि थे।

बता दें कि निदेशपुर क्षेत्र में कई दिन से होली गायन का दौर जारी है। यह दौर 25 मार्च तक जारी रहेगा। विभिन्न होली समितियां अनेक स्थानों पर होली गायन का आयोजन करवा रही हैं। इसमें क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। महिलाओं और बच्चों की संख्या होली स्थलों पर अधिक देखी जा रही है।

दिनेशपुर के खटोला में होली गाते लोग। ● अमृत विचार

कान्हा डाल गयो रे, मोरे नैनों में गुलाल...

गदरपुर : होली के पावन पर्व पर रंगों की मस्ती में डूब कर पर्वतीय बाहुल्य क्षेत्रों में बैठकी की होली की धूम मची है। इस दौरान पर्वतीय समाज की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गीतों पर नृत्य किया। बुधवार को वार्ड नंबर 4 पूर्व तहसीलदार प्रहलाद राम आर्य के आवास पर पर्वतीय समाज की महिला एवं पुरुष होलयारों ने बैठकी होली का शुभारंभ किया। इस दौरा महिला होलियारों ने ब्रज में होली कैसे खेलूंगी मेरा रंगीलो देवर, घर एरो छो, कान्हा डाल गयो रे, नैनों में गुलाल, विरज में होली कैसे खेलूंगी आदि गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति कर धमाल मचाया। इससे पूर्व जमकर महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाया। एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम में विभिन्न होली के गीत गाए गए। इस दौरान लक्ष्मी आर्य, कमल जोशी, कविता आर्य, मंजू बिष्ट, प्रविष्टा आर्य, मंजू बिष्ट, गीता आर्य, नीलम शर्मा, हेमा बिष्ट, पूनम आर्य, कमल आर्य, कविता रानी गौरी देवी, पूनम आर्य, रश्मि आर्या, सुनीता, संगीता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

बाजपुर में एकादशी पर प्राचीन शिव मंदिर में आंवला पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

आंवले के वृक्ष पर चीर बांधकर गाए होली गीत

बाजपुर। बुधवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की आमलकी एकादशी पर्व पर पारंपरिक वेशभूषा में सजीं पर्वतीय समाज की महिलाओं द्वारा हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ ही आंवले के वृक्ष पर चीर बांध कर परिक्रमा की गई। साथ ही होली गीत गाए गए जिसमें- तुम सिद्धि करो महाराज, कोपो बांधे चीर शिव के मन मोहे बसे मांसी, शिव मठ पर है सो है लाल अंबे के भवन विराजे होली, गणपति गौर महेश बनावे घर-घर मंगल काज आदि होली गीत व आरती के साथ आंवला पूजन किया गया। इसी के साथ ही बाजपुर में रंगों की पर्वतीय होली की शुरूआत की गई। इस मौके पर लाल ताई, रेखा उपाध्याय, संगीता जोशी, राधा तिवारी, निर्मल पांडे, इंद्रा उपाध्याय, मुन्नी पांडे, ममता, कमला जोशी, प्रेमा, पुष्पा कांडपाल, सुधा, खष्टी, बसंती, सुनीता, पुष्पा, राधा, रेखा पांडे, माया, सुजाता, कीर्ति, तारा जोशी, नेहा उपाध्याय आदि मौजूद रही। वहीं आंवला एकादशी पर ग्रामीण क्षेत्र हरिपुरा हरसान स्थित सती माता मंदिर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला पाठक की अगुवाई में महिलाओं द्वारा होली गायन की शुरुआत की गई जिसमें सिद्धी के दाता विघ्न विनाशन होली खेले गिरजापति नंदन, तुम सिद्धी करो महाराज होलीन के दिन में, होली खेले पशुपति नाथ शहर नेपाला में... आदि होली गीतों का गायन किया गया। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान राधा, गोविंद, नीमा डोवाल, पुष्पा पंत, दीपा पंत, मुन्नी पंत, रेखा पंत, सुमन डोवाल, सोनी डोवाल, देवकी गंगोला, हिमानी पांडेय आदि मौजूद रही।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक : 3015/X-6 **नोटिस** दिनांक : 19-03-24

1- श्रीमती कमला देवी मेहता पत्नी श्री गोकुल सिंह मेहता निवासी लोअर डांडा हाउस कम्पाउण्ड, तल्लीताल, नैनीताल।

2- श्रीमती मुन्नी रावत पत्नी श्री फकीर सिंह रावत एवं श्री फकीर सिंह रावत पुत्र श्री बहादुर सिंह रावत निवासी, मानस कुंज लोअर डांडा तल्लीताल, नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 (1), (2)व (3) अधीन एतद् नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 1 लोअर डांडा हाउस कम्पा० तल्लीताल नैनीताल में स्थित भूखण्ड प्लाट सं० 7बी रकवा 721 वर्गफीट यानि 67 वर्गमीटर समपत्ति जो कि पालिका अभिलेखों में श्रीमती मुन्नी रावत एवं श्री फकीर सिंह रावत सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रय लेख पत्र दिनांक 10-08-2022 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित श्रीमती मुन्नी रावत पत्नी श्री फकीर सिंह रावत एवं श्री फकीर सिंह रावत पुत्र श्री बहादुर सिंह रावत के स्थान पर अंतरित श्रीमती कमला देवी मेहता पत्नी श्री गोकुल सिंह मेहता का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा। उक्त भूखण्ड का वार्षिक मूल्यांकन रू. 2100/- जो दिनांक 01-08-2022 से प्रभावी होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद, नैनीताल

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आस्था | टनकपुर व पीलीभीत रोड से होकर खाटू श्याम देवालय पर समाप्त हुई

खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली

खटीमा में निकाली गई श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा में जयकारे लगाते श्याम भक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष एकादशी के उपलक्ष्य में श्याम भक्तों द्वारा श्री खाटू श्याम देवालय से नगर के मुख्य मार्गों पर श्री खाटू बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

श्री खाटू श्याम देवालय लोहियाहेड रोड से शुरू हुई निशान यात्रा, टनकपुर रोड, पीलीभीत रोड से मुख्य चौराहे से होते हुए सितारगंज रोड से होते हुए अंत में खाटू श्याम देवालय पर समाप्त हुई। यात्रा में श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। श्याम भक्त हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि सायंकाल से बाबा का भव्य जागरण होगा जो देर रात्रि तक चलेगा। निशान यात्रा में शामिल होने वालों में हिमांशु अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, नीरज भट्ट, सुनील अग्रवाल, राहुल गोयल, रवि अग्रवाल, अंकुश त्यागी, नीरज कन्याल, राहुल गोयल, रचित अग्रवाल, जगदीश प्रसाद गोयल, दिनेश अग्रवाल, मीरा सोनकर आदि शामिल रहे।

महिला पर गुंडा एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर। बुधवार को कोतवाल आशुतोष सिंह ने कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त काजीबाग निवासी राधा के खिलाफ गुंडा एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। राधा पर कोतवाली व अन्य थानों में कच्ची शराब के कई मामले दर्ज हैं।

कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि महिला लंबे समय से कच्ची शराब के धंधे में संलिप्तता पाई जा रही थी। जिसके बाद महिला के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

किशोरी की खोज की मांग

खटीमा। मझोला के एक पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर नाबालिग पुत्री का पता लगाने की गुहार की। पुलिस को सौंपी तहरीर में पीड़ित ने कहा कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री 17 मार्च को पांच बजे घर से नाराज होकर कहीं चली गई जो अभी तक वापस नहीं लौटी है। पुलिस मामला दर्ज कर किशोरी का पता लगाने में जुटी है।

ट्रैक्टर ट्रॉली सीज की

नानकमत्ता। साधु नगर कैलाश नदी में हो रहे अवैध खनन पर वन विभाग ने छापा मारकर अभियान में उपखनिज से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ कर सीज कर दिया। वन विभाग रनसाली रेन्ज के वन कर्मियों ने छापा मारकर लामाखेड़ा के पास खनन से भरी ट्रैक्टर ट्राली को रोका। चालक रॉयल्टी नहीं दिखा सका और ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया। वन कर्मियों ने ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी ने बताया कि वन अपराध के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है।

बिना वैध डिग्री के हो रहा था पित्त की थैली से पथरी निकालने का इलाज

लक्ष्मीपुर पट्टी व सरवरखेड़ा में क्लीनिक सील

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम की टीम ने लक्ष्मीपुर पट्टी में छापा मारा। जहां टीम ने बिना वैध डिग्री पित्त की थैली से पथरी निकालने का इलाज कर रहे एक क्लीनिक को सील कर दिया। साथ ही क्लीनिक पर टीम को कई अनियमितताएं भी मिली। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सरवरखेड़ा में भी बिना डिग्री संचालित हो रहे एक क्लिनिक को सील किया है।

बुधवार को जन शिकायत पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी के नेतृत्व में नगर निगम व तहसील प्रशासन की टीम ने मजरा रोड स्थित लक्ष्मीपुर पट्टी में देहली हेल्थ केअर के नाम से संचालित हो रहे एक क्लीनिक पर छापा मारा। जहां टीम ने संचालक चिकित्सक से उसकी डिग्री से संबंधित दस्तावेज मांगे, वही टीम को मौके पर कई अनियमितताएं भी मिली। जिसके बाद टीम ने अपनी कार्यवाही करते हुए क्लीनिक को सील कर दिया। डॉ. अमरजीत साहनी ने बताया कि एक महीने पूर्व मोहल्लेवासियों ने डीएम, सीएमओ एक शिकायती पत्र भेजा था। जिसमें क्लीनिक संचालक पर पित्त की पथरी का इलाज करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इलाज के बाद भी किसी को कोई फायदा नहीं हुआ। जिसका निरीक्षण किया जाए। जन शिकायत पर कार्यवाही करते हुए बुधवार को क्लीनिक पर छापा मारा गया है। बताया कि क्लीनिक संचालक के पास इलेक्ट्रो होम्योपैथी की डिग्री है, जोकि उत्तराखंड सरकार द्वारा पंजीकृत नहीं है। वही क्लीनिक पर पॉल्यूशन विभाग की एनओसी भी प्राप्त नहीं हुई है। साथ ही मेडिकल वेस्ट व कूड़े के निस्तारण भी नियमानुसार होते हुए मौके पर नहीं पाया गया। जिसके बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

लक्ष्मीपुर पट्टी स्थित क्लीनिक पर जांच करते नगर स्वास्थ्य अधिकारी व टीम।

झोपड़ी में आग से सामान राख

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अज्ञात कारणों से झोंपड़ी में आग लग गई जिसमें घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम रजपुरा नंबर-एक में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से खड़क सिंह पुत्र हरनारायण सिंह की झोपड़ी में आग लग गई जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। स्वजनों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग लगने के बाद दौड़कर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गेहूं, चावल, बिस्तर, बर्तन, चारपाई, कपड़े आदि घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। वहीं घटना की जानकारी के बाद बुधवार को मौके पर पहुंचे भाजपा नेता राजेश कुमार ने अग्निकांड पीड़ित परिवार का हाल-चाल जाना तथा उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही है। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित चौहान, बबीता देवी, आशा आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में आग से जली झोपड़ी व जानकारी लेते भाजपा नेता राजेश कुमार।

कलेक्ट्रेट गेट नंबर तीन से नामांकन कक्ष तक बल तैनात

एसएसपी कार्यालय से बेरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही बंद की, एसएसपी ने ड्यूटी में तैनात अधीनस्थों को दिए दिशा-निर्देश

लोकसभा चुनाव

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसके लिए कलेक्ट्रेट के गेट नंबर तीन से लेकर अन्य मुख्य गेट और अन्य स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा एसएसपी कार्यालय से एआरटीओ कार्यालय की ओर आने-जाने वालों पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगाया गया था। वहीं एसएसपी ने नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बुधवार को नामांकन के लिए जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष को नामांकन कक्ष बनाया गया था। सुबह 11 बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन के लिए एसएसपी कार्यालय के पास कलेक्ट्रेट के गेट नंबर तीन को प्रत्याशियों के नामांकन और नामांकन पत्र लेने वालों के लिए खोला गया था। यहीं से अंदर जाने की इजाजत दी गयी थी। इससे पहले एसएसपी कार्यालय के मुख्य गेट से लेकर गेट नंबर तीन तक बैरिकेडिंग लगाकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। यहां से वाहनों की आवाजाही पूरी तरीके से बंद की गयी थी। इससे पूर्व एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अधीनस्थों के साथ पूरे नामांकन स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी में तैनात जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। एसएसपी ने बताया कि नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए गेट नंबर तीन से लेकर नामांकन कक्षा और अन्य स्थानों पर तीन प्लाटून पीएसी, एक प्लाटून सीआरपीएफ और पंतनगर थाने की फोर्स को लगाया गया है। इस अवसर पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, पंतनगर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट मुख्य गेट पर लोगों से की गयी पूछताछ: कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया के दौरान कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट और अन्य स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात किया गया था। कलेक्ट्रेट के अंदर जाने वालों से पूछताछ की जा रही थी। पूछताछ के बाद ही लोगों को मुख्य गेट से अंदर जाने की इजाजत दी गयी।

कलेक्ट्रेट परिसर में अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

सी-विजिल एप में आयी 449 शिकायतों का निस्तारण

रुद्रपुर : आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर सीविजिल एप में 476 लोगों ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज की थी। इसमें से 449 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है, जबकि 27 शिकायतें सही नहीं पायी गयी। यहां बता दें कि चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए सीविजिल एप अपटेड किया है। एप के माध्यम से लोग आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। एप की खास बात यह है कि इसमें शिकायत करने की पहचान गुप्त रखी जाती है। इसी के तहत जिले में कई लोगों ने आचार संहिता उल्लंघन की करीब 476 शिकायतें दर्ज की। सीविजिल एप प्रभारी व एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि जिले में आचार संहिता उल्लंघन को लेकर करीब 476 शिकायतें दर्ज करायी गयी थी। इसमें 449 मामलों का निस्तारण कर लिया गया है, जबकि 27 शिकायतें सही नहीं पायी गयी है। उन्होंने बताया कि एप में जो भी शिकायतें आ रही है उसका तत्काल निस्तारण किया जा रहा है।

बाजपुर में एसडीएम कार्यालय में राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते एसडीएम।

आचार संहिता का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी

बाजपुर। भारत निर्वाचन आयोग की लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करवाने प्रशासनिक अमला पूर्ण रूप से सक्रिया हो गया है जिसके चलते निष्पक्ष व शांति पूर्वक चुनाव संपन्न करवाने के लिए एआरओ आरसी तिवारी ने विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की जिसमें आदर्श चुनाव आचार संहिता का पाठ पढ़ाया गया। बुधवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने एसडीएम कार्यालय में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक बुलाई जिसमें उन्होंने आदर्श चुनाव आचार संहिता का पाठ पढ़ाया। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई संभव है। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, सीओ अन्न राम आर्य, कांग्रेस नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री वीरेंद्र बिष्ट्र मंडल मंत्री कन्नू जोशी, सपा से धनराज भारती, जिला उपाध्यक्ष नवाब हैदर आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उड़न दस्ते ने की चेकिंग, प्रचार सामग्री को हटवाया

शक्तिफार्म। लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत उड़न दस्ता दल ने नगर के प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही चौक-चौराहों पर लगी बड़ी होर्डिंग अथवा प्रचार सामग्री को भी हटवाया। बुधवार को नगर के कुशमौठ तिराहे पर पहुंची, उड़न दस्ता दल की टीम ने नगर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघनता से जांच की। इस दौरान टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से लाई जा रही, ऐसे किसी भी पदार्थ पर पैनी नजर बनाए रखी। उड़न दस्ता दल प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि टीम ने मुख्य सुभाष चौक, तीन पानी चौराहा सहित कई स्थानों पर वाहनों की सघन चेकिंग की।

बॉर्डर पर दिन-रात पुलिस और एसएसबी कर रही है चेकिंग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने जिले की लगी सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी है। पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस की लोकसभा चुनाव में लुभावने के लिए आ रहे कैश व शराब पर नजर है। वहीं पुलिस बॉर्डर पर संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सात चरणों में सामान्य लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित करने के बाद जिले में पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है और जिले की अंतर्राज्यीय व अंतर्जनपदीय सीमाओं पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसक अलावा जिलों को जोड़ने वाले गांवों व चोर रास्तों पर निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस की टीम जगह-जगह चेकिंग अभियान चला रही है। साथ ही संदिग्धों से भी पुलिस पूछताछ में लगी हुई है। वही सीमाओं पर बैरिकेडिंग लगाकर अवैध शराब व नकदी की रोकथाम में लगी हुई है। जिससे चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन न हो। वहीं शहर के अंदर भी पुलिस ने रात में गश्त बढ़ा दी है और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर काशीपुर सर्किल की सभी सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी गई है। आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। सीमाओं पर पुलिस के अलावा एसएसटी, एफएसटी की टीम भी चेकिंग कर रही है। वहीं सीमावर्ती गांवों व चोर रास्तों पर भी पुलिस की नजर है।

काशीपुर के पैगा क्षेत्र में यूपी सीमा पर वाहन चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

पेयजल लाइन टूटने पर आक्रोश

समस्या

- जल निगम के सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन
- संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गैस पाइप लाइन बिछने से कॉलोनियों में हो रही जलभराव की समस्या को लेकर व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

इस दौरान व्यापार मंडल के नेताओं ने जल निगम के सहायक अभियंता से मुलाकात की और समस्या का समाधान करने की मांग की। बुधवार को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। जिसकी वजह से कई स्थानों पर पाइप लाइन कट चुकी है और पानी रिसाव होने के कारण जलभराव की समस्या पैदा होने लगी है। जिसकी वजह से कॉलोनी के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप था कि कई बार निगम के अलावा पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी से शिकायत की गई। मगर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने जल निगम के एई ललित मोहन पांडेय को जलभराव की समस्या दूर करने की मांग की। आगाह किया कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कॉलोनी के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

जल निगम के एई को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सुपरवाइजर पर साथियों का चाकू से हमला, गंभीर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सिडकुल की एक कंपनी में सुपरवाइजर को वर्कर को काम करने का आदेश देना उस वक्त भारी पड़ गया, जब गुस्साए कर्मचारियों ने सुपरवाइजर पर चाकुओं से हमला कर अधमरा कर दिया। आनन-फानन में सुपरवाइजर को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जेपी नगर फेज-दो फुलसुंगा निवासी रोहित यादव ने बताया कि वह सिडकुल की ठेकेदारी कंपनी का सुपरवाइजर है, बुधवार की सुबह रोजमर्रा की भांति कंपनी गया और कर्मचारियों के कार्यों को देखने लगा। इस दौरान देखा कि एक वर्कर कार्य छोड़कर खाली बैठा हुआ है। जब इसकी शिकायत उसके दूसरे सुपरवाइजर से की तो वर्कर बौखला गया। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर उस पर हमला बोल दिया और चाकुओं से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। उधर, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर आने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

शराब की तस्करी में लिप्त छह लोगों को पकड़ा

काशीपुर : पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से छह लोगों को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला सिघान निवासी सुरेंद्र कुमार को ईदगाह गेट के पास से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं प्रतापपुर चौकी पुलिस ने कच्ची शराब बेचते रम्पुरा निवासी जगदीश सिंह रावत को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। उधर टांडा चौकी पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी के आरोप में रेलवे कॉलोनी को जाने वाले रास्ते से 34 पाउच कच्ची शराब के साथ टांडा उज्जैन, काशीपुर निवासी लालता प्रसाद व चांदपुर, काशीपुर निवासी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही कोतवाली पुलिस ने बाइक से कच्ची शराब की तस्करी करते हुए ग्राम थारी, रामनगर निवासी गुरमीत सिंह उर्फ बिल्ला पुत्र ईश्वर सिंह और राजपुर, पीरूमदारा निवासी गुरमीत सिंह पुत्र केहर सिंह को 19 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोचा। इसके अलावा 30 लीटर कच्ची शराब के साथ रम्पुरा निवासी बलविंदर सिंह को भी गिरफ्तार किया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती है?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

ठगी तीन लाख लौटाए, शेष 12 लाख मांगने पर धमकी का आरोप, न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज

दोस्त ने 15 लाख लेकर थमाया नकली वीजा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: वर्षों पुराने दोस्त ने बेटे को विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख हड़पकर नकली वीजा थमा दिया। बाद में काफी मांग करने पर तीन लाख लौटाए और बकाया 12 लाख मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पूर्णापुर निवासी गुरदीप सिंह ने न्यायालय में सौंपे प्रार्थना पत्र में कहा कि 2019 में उसने अपने बेटे तजिंदर सिंह को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने की बात 25 वर्ष पुराने दोस्त परमजीत सिंह निवासी सरवर नगर बिलासपुर रामपुर को बताई। जिस पर उसने कहा कि उसकी पुत्री अनंतदीप कौर युवकों को विदेश भेजने का काम करती है। जिसका रुद्रपुर भूरारानी में खालसा ओवरसीज कंसलटेंसी के नाम से ऑफिस है। यह भी कहा कि वह अपनी पुत्री को लेकर घर आकर बात कर लेगा, 15 दिसंबर 2019 को यह दोनों घर पर आए और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया का कुल खर्च 15 लाख रुपए आएगा। जिसमें 10 लाख रुपए एडवांस देने होंगे जबकि पांच लाख वीजा बनने के बाद। पुराना दोस्त होने के कारण उस पर विश्वास करते हुए दो लाख उसके खाते में डाल दिए। 23 दिसंबर 2019 को फोन आया कि छह लाख 70 हजार रुपए खाते में डाल दो और बकाया एक लाख 30 हजार रुद्रपुर कार्यालय में पहुंचा दो। बाद में 5 फरवरी 2020 को बताया कि इंग्लैंड का वीजा नहीं लगा है अब दोबारा लगाया जा रहा है। बाद में उन्होंने फोन कर बताया कि वीजा तैयार हो गया है है पांच लाख घर ले आओ। वह पैसे देकर वीजा ले आए। पीड़ित ने यह भी कहा है कि जब उनका पुत्र टिकट बुक कराने गया तो उसे बताया गया कि यह वीजा नकली है। उसने कई अन्य जगह भी जांच कराई तो पता चला कि वह नकली है। बाद में वह वीजा लेकर दिल्ली के ऑस्ट्रेलिया दूतावास पर पहुंचा तो उन्होंने वीजा को नकली बताते हुए उसे पुलिस के हवाले करने की बात कही लेकिन वह बमुश्किल वहां से जान बचाकर आया। जब उसने यह बात अपने पुराने दोस्त को बताई तो उसने कहा कि समय दो एक-एक पैसा लौटा देगा। कई बार मांग करने के बाद उसने मार्च 21-22 में तीन लाख खाते में लौटाए और अब 12 लाख मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है और कार्यालय भी बंद कर दिया है। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई करते हुए पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने की आदेश दिए। जिस पर पुलिस ने आरोपी परमजीत और अनंतदीप कौर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सड़क किनारे पांच को ट्रक ने मारी टक्कर

बाजपुर। बैरिया रोड पर सड़क किनारे खड़े पांच लोगों को ट्रक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया।

बुधवार को शाम दिनेशपुर के गांव मोतीपुर नंबर दो निवासी एक बाइक से गुरबचन सिंह (35) पुत्र मंगलसिंह, सर्वजीत कौर (30) पत्नी गुरबचन सिंह, मनप्रीत कौर (5), दूसरी बाइक से बलदेव सिंह पुत्र तेजा सिंह,सीरत कौर (12) अंशदीप कौर (9) पुत्री गुरबचन सिंह,से दिनेशपुर से गांव इटव्वा में रिश्तेदारी में आ रहे थे। बेरिया रोड स्थित राइस मिल के समीप बलदेव की बाइक का पेट्रोल खत्म होने पर वह सड़क किनोर सवारी उतार व एक बाइक खड़ी कर पेट्रोल लेने चले गए। इसी बीच बेरिया दौलत की तरफ से तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे पांच लोगों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

एक नजर

40 लीटर कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

पंतनगर : मंगलवार की शाम लगभग छह बजे एसआई हेमचंद्र सिंह हमराही कांस्टेबल भुपाल सिंह के साथ गश्त पर थे। शांतिपुरी गेट तिराहे के पास से एक व्यक्ति को प्लास्टिक के कट्टे में कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। कट्टे से 80 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। उसने अपना नाम उमर सिंह पुत्र जगदीश निवासी गोलगेट नगला बताया। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि अवैध शराब जब्त कर पकड़े गए व्यक्ति का धारा 60 एक्साइज एक्ट के तहत चालान कर दिया गया है।

तमंचे संग युवक को जेल भेजा

पंतनगर : बुधवार सुबह 10 बजे नगला तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान आर्यन टेंट हाउस के पास एक युवक से तमंचा व कारतूस मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश पुत्र धनेश्वर निवासी चारा बैंक बेनी पंतनगर बताया। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि युवक को जेल भेज दिया।

पांच वारंटी गिरफ्तार किए

बाजपुर : बरहैनी, दोराहा व सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस टीमों ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। बरहैनी चौकी की पुलिस ने वारंटी नगला बरहैनी निवासी गुरुबक्श पुत्र गुदयाल सिंह, दोराहा चौकी की पुलिस द्वारा वारंटी केलाखेड़ा निवासी जलीस पुत्र स्व फिदा हुसैन, ग्राम रंपुरा शाकर निवासी आबिद हुसैन पुत्र धनू, ग्राम महेशपुरा निवासी बबलू सैनी पुत्र भगवान दास व सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने ग्राम पिपलिया निवासरी सुमित शर्मा पुत्र हरदेव शर्मा को गिरफ्तार किया है।

परेशानी : काशीपुर में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था लड़खड़ाई

रोजाना कई टन कूड़ा होता है एकत्र, समय पर वाहन न आने से खुले में फेंक रहे लोग

लापरवाही

करन सिंह, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर सब्जी मंडी सहित कई जगहों पर कूड़ा उठाने के मामले में लापरवाह बना नगर निगम डोर-टूर-डोर वाहनों से कूड़ा एकत्रित की व्यवस्था में लड़खड़ाने लगा है। आलम यह है कि कई वार्डों में कूड़ा उठाने वाले वाहन समय पर जा ही नहीं रहे हैं। वार्ड नंबर 40 सहित सटे वार्डों के लोग वाहनों का इंतजार करते हैं। लोगों का आरोप है कि कूड़ा उठाने के लिए शुल्क तो लिया जाता है। कचरा सड़ने से दुर्गंध व बीमारियों का खतरा पनपने लगा है।

काशीपुर नगर निगम के अंतर्गत 40 वार्ड आते हैं। सोमवार को अमृत विचार अखबार ने वार्डों की सफाई व्यवस्था की पड़ताल की, लेकिन नगर निगम में मेयर व पार्षदों का कार्यकाल बीते साल दो दिसंबर को समाप्त होते ही सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। लोगों का कहना है कि घरों का कूड़ा एकत्रित कर गेट के बाहर तो रख देते हैं। निगम की वाहनों का इंतजार भी किया जाता है, लेकिन कूड़े उठाने वाले वाहन समय पर नहीं आ रहे हैं। 10:25 मिनट पर वार्ड नंबर 40 व 11: 15 पर वार्ड नंबर एक में कोई वाहन तक नहीं पहुंचा। इससे लोग घरों के बाहर वाहन के इंतजार में खड़े दिखे। निगम के आयुक्त विवेक राय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। कूड़े वाली वाहन वार्ड में समय पर क्यों नहीं जा रहे हैं। नियमित कूड़ा क्यों नहीं उठ रहा है। मामले की जानकारी ली जा रही है।

वार्ड नंबर 40 में कूड़े की गाड़ी नहीं पहुंचने पर खुले में फेंका गया कूड़ा। ● अमृत विचार

23 वाहन जाते हैं डोर-टू-डोर

नगर निगम के अफसरों के मुताबिक 40 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए 23 वाहन लगाए गए हैं। बताया कि रोजाना दो पालियों में कूड़ा उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं। छोटा हाथी वाहन, ट्रैक्टर ट्राली समेत चार वाहन खस्ताहाल स्थिति में हैं।

सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर पार्षद से कहते थे, कई बार कूड़ा उठाने वाले वाहन के चालक से शिकायत की गई है। शिकायतों को कोई भी नहीं सुन रहा है। -राजू कुमार

घर के कूड़े की गाड़ी का इंतजार किया जाता है। ठेकेदार के कर्मी शुल्क प्रत्येक माह लेने आते हैं। सवाल यह है कि जब शुल्क लिया जाता है तो कूड़े समय पर क्यों नहीं उठाया जाता। - सूरज ठाकुर

घर के कचरे को एकत्रित कर रखा जाता है, ताकि वाहन के आते ही कूड़ा उठाया जा सके, लेकिन वाहन एक या दो दिन तक भी लेकर नहीं आ रहे हैं। कचरा सड़ने से दुर्गंध आने लगता है। -सुनील शर्मा

पहले समय पर वाहन आते थे, लेकिन अब कूड़ा उठाने के वाहन कभी कभार ही आते हैं, शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। -संतोष यादव

चुनाव में राजनीतिक दलों के मंचों से दूर रहें पदाधिकारी

बाजपुर। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने प्रदेश के सभी भाकियू पदाधिकारियों को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के नाम संदेश जारी कर चुनाव में राजनीतिक दलों के मंचों से दूर रहने को कहा। उनका कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति वोट के लिए स्वतंत्र है और अपनी मर्जी से मतदान करें। पड्डा ने कहा कि उत्तराखंड में प्रथम चरण में ही लोकसभा चुनाव में होने जा रहे हैं, ऐसे में कोई भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता किसी भी पार्टी के मंच, कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार में शामिल न हों। वोट करना सभी का अधिकार है और उसके लिए आप स्वतंत्र रूप से किसी भी दल को अपना वोट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाजपुर की बीस गांव की भूमि का प्रकरण चार वर्षों में भी नहीं निपटाए जाने पर किसानों में रोष है, भले ही किसान खुलकर नहीं बोल पा रहा है, लेकिन अपनी भूमि के प्रकरण को लेकर निराश व हताश है।

कर्म सिंह पड्डा।

सार-संक्षेप

बाजपुर में शिविर के समापन पर मौजूद अतिथि एवं शिविरार्थी। ● अमृत विचार

एनएसएस शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों संग समापन

बाजपुर। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा में आयोजित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है। इन सात दिनों में शिविरार्थियों द्वारा साफ-सफाई के साथ ही अनेक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जिनमें स्थानीय शिक्षा व धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई के साथ ही स्वच्छता, मतदाता जागरूकता व नशा मुक्ति रैली निकालकर ग्रामीणों में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ कार्यकम अधिकारी डा .प्रदीप दुर्गापाल ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर रेंहटा विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक शर्मा, डीआर बाराकोटी, कार्यक्रम अधिकारी डा .दर्शना पंत, चंदन राम, बलविंदर कौर आदि मौजूद रहे। संचालन डा .दर्शना पंत द्वारा किया गया।

राजकीय बालिका इंटर कालेज में बच्चों व अध्यापिकाओं के साथ प्रधानाचार्य मीता बांस।

स्कूली बच्चों ने किया देहरी पूजन

बाजपुर। पीएमश्री जीजीआईसी, बीसीएसएफ इंटर कालेज में बुधवार को फूलदेई कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य मीता वांस व गीता खुल्बै ने की। पारंपरिक वेशभूषा में सजकर पहुंचे स्कूली बच्चों ने देहरी पूजन किया। बच्चों को गुड़, परमल और कुछ दक्षिणा दी गई है। सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने हर्षोल्लास से पर्व मनाया है। उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा पर्व 'फूलदई' को स्कूलों में विभाग के आदेश पर बालपर्व के रुप में मनाया गया, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गत वर्ष इस पर्व को स्कूलों में मनाने की घोषणा की थी। बुधवार को विद्यालयों में बालपर्व 'फूलदेई' को उल्लास व उमंग के साथ मनाया गया है। इस मौके पर पूनम शर्मा, परमजीत कौर, सुनीता डोवाल, किरण, बिमला रावत, बिमला रावल, शशि जोशी, गीता रावत, शशि बाला, गीताजंलि, सरिता आदि मौजूद रही ।

मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की

जसपुर। आयुष आरोग्य मंदिर, नादेही में आरएलएसएम महाविद्यालय किशनपुर की रासेयो इकाई द्वारा चल रहे सात दिवसीय शिविर में बुधवार को छठे दिन ईश प्रार्थना एनएसएस लक्ष्य गीत, संकल्प गीत, व्यायाम प्राणायाम किया। उसके बाद स्वयंसेवक सेवियों ने नादेही गांव में मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। आयुष चिकित्सक डॉ. रवि कुमार ने स्वयंसेवक सेविकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि हमें अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखनी चाहिए। इस अवसर पर दिनेश कुमार, भगवान सिंह राणा, प्रेमलता, ममता देवी, डॉ. भुवनेश कुमारी, विवेक कुमार, राजवीर सिंह, शिवानी चौहान, प्रीति वर्मा, सुभाष चंद्र, डॉ. अशोक दत्त नौटियाल, दीपक चौहान, रोहित सिंह, हरकेश सिंह, मीना देवी, संजय राजपूत व रेखा चौहान आदि मौजू रहे।

कई मुस्लिमों ने ली भाजपा की सदस्यता

सदस्यता

▸▸ नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ली सदस्यता

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय में भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कामिल खान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तारिक मलिक के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के कई युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ले ली।

भाजपा में शामिल होने वालों का स्वागत कर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि तमाम पार्टियां मुस्लिम समाज को वोट के लिए इस्तेमाल करती थीं लेकिन अब मुस्लिम समाज समझ चुका है। संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने की। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश गोयल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन किन्ना, प्रकाश पांडे, अमित पांडे, बिमला मुंडेला, रेनू भंडारी, इंदिरा चंद, ललित जोशी, कपिल सामंत, राजू कुरैशी, जावेद रिजवी, सद्दाम राजा, सरफराज हुसैन, रशीद मिर्जा, अशोक बत्रा, भवानी भंडारी आदि मौजूद थे। बूथ नंबर आठ और नौ में शक्ति केंद्र की बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ से कम से कम 55 प्रतिशत वोट भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में वोट डलवाने का लक्ष्य रखा।

खटीमा में भाजपा में शामिल मुस्लिम युवाओं का स्वागत करते कार्यकर्ता।

काली पूजा महोत्सव का उद्घाटन

आयोजन

▸▸ देवनगर में पंचायत प्रतिनिधि एवं वरिष्ठजन हुए सम्मिलित

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: ग्रामसभा देवनगर में काली पूजा महोत्सव एवं मेले का भव्य उद्घाटन हुआ। जिसका पंचायत प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनों ने उद्घाटन किया।

पांच दिवसीय श्री श्री काली पूजा महोत्सव एवं मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान नारायण सरदार, क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रम भंडार, उप ग्राम प्रधान बंकेश सरदार के साथ-साथ, कई सभासद एवं गांव के प्रतिनिधि वर्ग व वरिष्ठजनों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। ग्राम प्रधान नारायण सरदार ने पूजा महोत्सव के दौरान लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक, पूजा कमेटी अध्यक्ष शंकर गोलदार, सुनील सरकार, प्रकाश राय, अमीर दास, तपन सरकार, अनूप सरकार, चंदन विश्वास, सुकृत मालाकार, दीपांकर मल्लिक, विक्रम मंडल, विश्वजीत राय, दीपांकर राय, विश्वदेव मंडल, विकास हालदार, विधान सरकार, अमित विश्वास, शांतिराम भंडार, राजेश सरकार, राधाकांत सरकार, देवेंद्र मंडल, माखन मंडल, अमल मंडल, रिपू सूदन आदि मौजूद थे।

ग्राम प्रधान को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजन कमेटी के सदस्य। ● अमृत विचार

बसों में प्रवेश पत्र से ही मिलेगी छूट

काशीपुर। रोडवेज की बसों में यात्रा करने वाले प्रतियोगी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र की कॉफी लेकर ही किराए में छूट देने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा नहीं करने वाले परिचालक पर कार्रवाई की जाएगी। काशीपुर डिपो के केंद्र प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि रोडवेज की बसों में प्रतियोगी परीक्षार्थियों को 50 प्रतिशत किराए पर छूट दी जाती है। बताया कि काशीपुर से विभिन्न रूटों पर डिपो की दो दर्जन से अधिक बसों का संचालन होता है। देखने में आया है कि परिचालक प्रतियोगी विद्यार्थी के प्रवेश पत्र को देखकर ही आधा किराया ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र की कॉफी लेना जरूरी है। बताया कि ऐसा ना करने वाले परिचालक से ही छूट की धनराशि की वसूली की जाएगी।

बच्चों की पढ़ाई के लिए लगाया मेला

पहल

▸▸ जीबी पंत विवि में वार्षिक मेले 'उत्कर्ष-24' का आयोजन

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय की स्टूडेंट विंग चेतना की ओर से विवि में वार्षिक मेले 'उत्कर्ष-24' का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य मेले से प्राप्त आय से पढ़ाई से वंचित बच्चों की पढ़ाई सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान करना था।

प्रातः 10 बजे मेले का उद्घाटन विवि के कुलसचिव डॉ. केपी रावरेकर ने किया। मेले के दौरान वन मिनट टैलेंट हंट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मेले का मुख्य आकर्षण स्वयं सहायता समूह द्वारा हस्त निर्मित सामग्रियों से भरा स्टॉल रहा। यहां चेतना के स्टाफ काउंसलर डॉ. आरके श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. बृजेश सिंह, प्राध्यापिका डॉ. छाया शुक्ला, कल्पना रावरेकर व डॉ. संजय शर्मा आदि ने मौजूद रहकर छात्रों की हौसला अफजाई की। शाम पांच बजे मेले का समापन हो गया।

मेले का शुभारंभ करते कुलसचिव डॉ. केपी रावरेकर। ● अमृत विचार

जिले के लिए 50 सालों से संघर्ष

काशीपुर। वरिष्ठ समाजसेवी व काशीपुर जिला निर्माण समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने काशीपुर को अब तक जिला नहीं बनाने को जनता के साथ धोखा होना बताया है। कहा कि आगामी दिनों में चुने जाने वाले सांसद को भी जिले के लिए प्रदेश सरकार से पैरवी करनी चाहिए।

बुधवार को उन्होंने कहा कि काशीपुर की जनता अपना प्रतिनिधि चुनते आ रही है। 50 सालों से काशीपुर को जिला बनाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कई बड़े आंदोलन हुए। उम्मीदों के साथ लोग संघर्ष कर रहे हैं। चुनाव में किए वादों को निभाना चाहिए।

मुजफ्फरनगर कांड में यूकेडी ने किया कोर्ट के फैसले का स्वागत

बैठक

▸▸ 30 वर्ष के लंबे इन्तजार के बाद आया कोर्ट का फैसला

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी क्षेत्र में राज्य आंदोलनकारियों व उत्तराखण्ड क्रांतिदल के पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष मोहन चंद्र पाण्डे के आवास पर हुई। जिसमें मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा काण्ड के दोषियों के खिलाफ आए कोर्ट के फैसले का सामूहिक रूप से स्वागत किया गया।

बैठक में वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी एवं उत्तराखण्ड क्रांतिदल के केन्द्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला व दल के जिलाध्यक्ष मोहन चंद्र पाण्डे ने कहा कि 30 वर्ष के लंबे इन्तजार के बाद आया कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है, जिससे उत्तराखण्ड राज्य की मांग के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले निर्दोष बहन बेटियों को उचित न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि अलग उत्तराखण्ड राज्य के लिए दल के तत्कालीन संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष काशी सिंह एरी, उत्तराखण्ड के गांधी के नाम से विख्यात इन्द्रमणी बडोनी, तत्कालीन दल के अध्यक्ष त्रिपेन्द्र सिंह पंवार व विपिन चंद्र त्रिपाठी आदि के कुशल नेतृत्व में 1 अक्टूबर 1994 की रात को कुमांऊ और गढ़वाल के हजारों लोगों पर दिल्ली जाते हुए मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहे पर यह घटना घटित हुई। उन्होंने मांग की है कि संबंधित जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी को भी डंडित किया जाना चाहिए। बैठक में जीवन सिंह नेगी, नरेश जोशी, भुपेश बिष्ट, दिवान सिंह बिष्ट व राज्य आंदोलनकारी मौजूद रहे।

शांतिपुरी में कोर्ट के फैसले का बैठक कर स्वागत करते उक्रांद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

चयन 12वीं राष्ट्रीय सिटिंग पैरा-वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन, जयपुर में 29 से 31 मार्च तक होगी प्रतियोगिता

हरीश को पुरुष और रेखा को मिली महिला टीम की कप्तानी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जयपुर के सवाई मानसिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय सिटिंग पैरा-वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड की पुरुष एवं महिला टीम का चयन कर लिया गया है। प्रतियोगिता 29 से 31 मार्च तक होगी। टीम का चयन रुद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से किया गया।

बुधवार को टीम के चयन के बाद पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव प्रेम कुमार ने बताया कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता 29 से होगी। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से पुरुष वर्ग में 12 राज्यों से एवं महिला वर्ग में 6 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि टीम का चयन स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से नामित मुख्य चयनकर्ता अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी शरद जोशी, भारत कुमार, संदीप चौधरी के द्वारा किया गया। ट्रायल में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ट्रायल के बाद पुरुष टीम में हरीश चौधरी, मनजीत सिंह, अनिल राणा, धन सिंह कोरंगा, नवीन चौहान, दीपक शर्मा, अजय बराई, आलोक तिवारी, बाबू सिंह, आशीष सैनी, मो. यासीन, शिव सिंह, नरेश कुमार, रविन्द्र कुमार और महिला टीम में रेखा मेहता, मोहनी कोरंगा, राधा कुमारी, पूजा, गंगावती, मनीषा, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, रोशनी, रजनी, पुष्पा देवी, तारा, काजल राणा, मनीषा, कविता का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि पुरुष टीम की कप्तानी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरीश चौधरी एवं महिला टीम की कप्तानी रेखा मेहता को सौंपी गई है।

राष्ट्रीय सिटिंग पैरा-वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तराखंड की टीम। ● अमृत विचार

घर, दुकान और शोरूम से लाखों की चोरी

बाजपुर और किच्छा में सामने आए तीनों मामले, एक घटना सीसीटीवी में कैद, दो मोबाइल फोन भी उड़ाए

संवाददाता, बाजपुर/किच्छा

अमृत विचार : चोरों ने घर, दुकान और एक कंपनी के शोरूम का ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। बाजपुर में चोरों ने किचन की जाली तोड़कर लाखों के जेवरात व हजारों की नगदी चुरा ली। घटना उस समय हुई जब घर में कोई नहीं था। स्वजन दवाई लेने रामपुर गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बुधवार को पहाड़ी कालोनी वार्ड नंबर 11 प्रदीप गुप्ता पुत्र स्व. ईश्वर चन्द गुप्ता मंगलवार को पत्नी चन्दा गुप्ता का इलाज कराने रामपुर (उत्तर प्रदेश) गए थे। बुधवार को जब बह वापस आए तो घर के किचन की जाली व कुण्डी टूटी हुयी थी। घर का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। घर की तलाशी ली तो घर से लगभग चार तोले की दो 2 सोने की चेन, 16 ग्राम की सोने की झुमकी व कानों के टॉप्स, अगूंठी व चांदी के

बाजपुर की पहाड़ी कालोनी में चोरी के बाद जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

जेबरात (सिक्के) व 80 हजार की नकदी गायब थी। सूचना पर पंहुचे सभासद जगतजीत सिंह आदि ने पुलिस को सूचना दी। इस मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपड़ोस के लोगों से पूछताछ की।

सीसीटीवी की मदद से चोरों को तलाशा जा रहा है। वहीं कोतवाल मनोज रतूड़ी ने कहा कि चोरों का जल्द पता लगा लिया जायेगा। एसएसआई टीम के साथ घटना की जांच कर रहे हैं। वहीं किच्छा में कोतवाली पुलिस की रात्रि गश्त को ठेंगा दिखाते हुए चोर ने होंडा शोरूम में धावा बोलकर हजारों रुपये की नगदी चुरा ली और मौके से फरार हो गया। चोर ने शोरूम के निकट स्थित दुकान में भी प्रवेश किया और दो मोबाइल फोन चुरा लिए। शोरूम में हुई चोरी का पूरा घटनाक्रम मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बरेली मार्ग स्थित मैसेज जय दुर्गा मोटर्स होंडा शोरूम पर मंगलवार रात्रि चोर ने छत के रास्ते प्रवेश कर शोरूम के गल्ले में रखी करीब 72 हजार 750 रुपये चुरा लिए और मौके से फरार हो गया। बुधवार की सुबह जब प्रतिष्ठान स्वामी वार्ड नंबर 3, जवाहर नगर, तहसील लालकुआं, जिला नैनीताल निवासी सौरभ गोयल पुत्र दिनेश कुमार गोयल शोरूम खोलने पहुंचे तो शोरूम में अस्त-व्यस्त सामान देखकर उनके होश उड़ गए।

शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पर पता चला कि मंगलवार/बुधवार की मध्यरात्रि करीब 3:40 बजे छत के रास्ते अज्ञात चोर ने शोरूम में प्रवेश किया और इत्तमिनान से शोरूम की तलाशी ली। प्रतिष्ठान स्वामी सौरभ गोयल के अनुसार अज्ञात चोर ने गल्ले में रखी करीब 72750 रुपये की नगदी चुरा ली और मौके से फरार हो गया।

व्यापारी सौरभ गोयल के साथ कोतवाली पहुंचे शोरूम के भवन स्वामी जसवीर सिंह ने बताया कि शोरूम के निकट स्थित उनका भी इनवर्टर बैट्री बेचने का शोरूम है। बाइक शोरूम में चोरी करने के बाद आरोपी ने उनकी दुकान में प्रवेश किया और दुकान में तलाशी लेते हुए सारा सामान अस्त व्यस्त कर काउंटर पर रखे दो मोबाइल फोन चुरा लिए।

पीड़ित जसवीर सिंह के प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी आरोपी की फुटेज कैद हो गई है। व्यापारी सौरभ गोयल ने सीसीटीवी की रिकॉर्ड वीडियो फुटेज एवं लिखित शिकायत पुलिस को सौंपते हुए आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने तथा चोरी की गई नगदी व मोबाइल बरामद करने की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

भारी अंतर से होगी जीत : धामी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्ष में किए गए विकास कार्यों के साथ ही जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण, गरीब परिवारों को तीन निशुल्क सिलेंडर जैसी उपलब्धियों के साथ पार्टी जनता के बीच जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की पांचों सीटें भारी मतों के अंतर से जीतेगी।

लोहियाहेड रोड स्थित एक प्रतिष्ठान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी नानकमत्ता और खटीमा मंडल के कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों से समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों और भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर लड़ रही है। कार्यकर्ताओं को विधानसभा प्रभारी दान सिंह रावत, राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार डब्बू, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, लोकसभा प्रभारी विवेक सक्सेना ने भी संबोधित किया। संचलन जिला महामंत्री सतीश भट्ट और नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, सोमनाथ मौर्य, विक्रम भट्ट, संतोष अग्रवाल, भवानी भंडारी, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, रमेश चंद्र जोशी, नंदन खड़ायत, गोपाल बोरा, अशोक बत्रा, कामिल खान, अमित पांडेय, जगदीश जोशी, अचल शर्मा, राजपाल सिंह, रणजीत नामधारी, किशोर जोशी, विमला बिष्ट, ध्रुव सिंह राणा आदि थे।

खटीमा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री धामी।

राणा थारु परिषद के होली मिलन समारोह में शामिल हुए सीएम

खटीमा : लोहियाहेड रोड पर आयोजित भाजपा कार्यकर्ता स्वाद के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राणा थारू परिषद द्वारा थारू विकास भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत किया। होली मिलन समारोह में शामिल हुए सीएम धामी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने समस्त क्षेत्र वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राणा थारु परिषद अध्यक्ष दान सिंह राणा ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, नवीन बोरा नवीन बोरा शाहिद डर समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

छात्रों ने चीनी मिल का शैक्षिक भ्रमण किया

जसपुर। महुआडाबरा के श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पॉलीटिक्स के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने द्वारिकेश चीनी मिल अफजलगढ़ का शैक्षिक भ्रमण कर चीनी बनने में उपयोग होने वाले यंत्रों के बारे में जानकारी ली।

विभिन्न विभागों के अधिकारी द्वारा छात्रों को विभिन्न बॉयलर के बारे में बताया और अधिकारियों ने चीनी के बनने की प्रक्रिया को प्लॉट में दिखाया। मिल कर्मियों ने छात्रों को औद्योगिक वातावरण और मशीन चलाने के बारे में जानकारी दी। संस्थान के चेयरमैन राजकुमार सिंह ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को औद्योगिक माहौल से अवगत कराना वर्तमान समय की प्राथमिकता है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डा. अवनीस कुमार चैहान, प्रधानाचार्य अतुल कुमार शर्मा, डॉ. ममता सिंह, पंकज कुमार, अमित भारती आदि मौजूद थे।

नुक्कड़ सभाएं कर लोगों से संपर्क किया

किच्छा में जनसंपर्क करते विधायक प्रतिनिधि बेहड़ एवं वरिष्ठ कांग्रेसी।

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर कांग्रेस की नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान अंतर्गत ग्राम भंगा, बखपुर, धाधा फॉर्म, रुद्रपुर सानी, सतुईया, पुलभट्टा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं कर लोगों से संपर्क किया ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, गुड्डू तिवारी, विपिन शर्मा, डॉ त्रिमल प्रसाद, जाहिद खान आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में चालक दोषमुक्त

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : प्रथम अपर सिविल जज ने सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु होने पर आरोपी कैंटर चालक को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर, ग्राम मानपुर दत्त निवासी अनिल मिश्रा पुत्र रामेशवर ने आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अप्रैल 2017 को वह अपने पुत्र अनमोल कुमार मिश्रा के साथ मोटरसाइकिल से काशीपुर से वापस अपने घर लौट रहा था।

बाइक उसका पुत्र अनमोल चला रहा था। शाम करीब सवा छह बजे महुआखेड़ागंज से शिवलालपुर रोड पर मिश्रा फार्म हाउस के पास वह बाइक रुकवाकर सड़क किनारे लघुशंका करने लगा। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक कैंटर ने तेजी से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक कुंडा निवासी नसीम पुत्र साबिर के खिलाफ कोर्ट में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी कैंटर चालक को दोषमुक्त कर दिया।

जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपियों को मिली जमानत

काशीपुर : मारपीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। जसपुर के ग्राम भोगपुर निवासी रणजीत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 नवंबर 2014 को सांय समय लगभग 06 :30 बजे अपने साथी कुलवंत सिंह व सेवक सिंह के साथ भोगपुर फार्म से आ रहे थे, तभी ज्ञानी अजीत सिंह के घर के सामने गोल्डी पुत्र गुरदीप सिंह, सूबा सिंह पुत्र प्यारा सिंह व गुरदीप सिंह पुत्र प्यारा सिंह ने उसे रोक लिया। यह लोग ट्रैक्टर व स्कार्पियो गाड़ी से आये थे। हमलावारो ने उसके पुत्र सेवक सिंह से मारपीट व गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और उसकी बोलेरो को तोड़कर हवाई फायरिंग करते हुए भाग गये। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने सुन्दर सिंह उर्फ गोल्डी, सूबा सिंह व गुरदीप सिंह के खिलाफ चार्जशीट पेश की। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता आनंद स्वरूप रस्तोगी ने की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव ने तीनों आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

सार-संक्षेप

स्वयंसेवकों को सहजयोग ध्यान की जानकारी दी

बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वयंसेवकों को सहजयोग ध्यान की जानकारी दी गई। सहजयोग उत्तराखंड के पूर्व स्टेट कोआर्डिनेटर व राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने बताया कि ध्यान किया नहीं जा सकता, हम ध्यान की स्थिति में चले जाते हैं तथा यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है। व्यक्ति के विचार या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्य काल में, जब हम अत्यधिक भूतकाल या भविष्य काल के विचारों में चले जाते हैं तो तनाव आ जाता है और हमें शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक असंतुलन आ जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कुंडलिनी जागरण की अनुभूति कराई। इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा .प्रदीप दुर्गापाल, डा .दर्शाना पंत, डा .बीके जोशी एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे।

बैंक कर्मियों को दिलाई मतदान की शपथ

रुद्रपुर : स्वीप कार्यक्रम के तहत ऊधमसिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक मुख्यालय रुद्रपुर में सभी कर्मचारियों को लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान की शपथ दिलायी गयी। इसके अलावा जिले की सभी बैंक शाखाओं में शपथ दिलायी गयी। बुधवार को डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक रुद्रपुर में सचिव व महाप्रबंधक एसएस नपलच्याल ने बैंक कर्मियों को लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा जनपद के अन्य बैंकों की शाखाओं में भी शाखा प्रबंधकों ने बैंक कर्मियों शपथ दिलाई।

छात्रों ने जाना मानकों का महत्व

पंतनगर : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्युत आभियांत्रिकी विभाग में बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून की ओर से यूथ टू यूथ कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यूरो की ओर से सहायक निदेशक भाविक और दीपक कुमार पांडेय ने व्याख्यान दिए। विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. एके स्वामी, डॉ. अजय श्रीवास्तव और स्टैंडर्ड्स क्लब के मेंटर डॉ. राजीव सिंह व को-मेंटर डॉ. हरेंद्र सिंह रावत ने छात्रों को मानकों से परिचित कराया। कार्यक्रम में विद्युत आभियांत्रिकी के 50 विद्यार्थिओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों ने अर्जित की जानकारियों को सराहा और भविष्य में मानकों से सम्बंधित जानकरी को समाज में और प्रचार प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

ग्रामीण बच्चों को दी वॉलीबॉल किट

शांतिपुरी : भाजपा नेता मोहित नाथ गोस्वामी ने बुधवार को शांतिपुरी नंबर दो आनंदपुर में ग्रामीण बच्चों को खेलने के लिए नेट एवं वॉलीबॉल भेंट की। भाजपा नेता गोस्वामी ने कहा कि ने कहा कि गांव के छोटे-छोटे बच्चे काफी दिनों से महज लकड़ी पर रस्सी बांध कर वॉलीबाल की प्रेक्टिस कर रहे थे। यह प्रेणा उन्हें बीते दिनों शांतिपुरी व जवाहरनगर में हुए अखिल भारतीय स्तर के तीन तीन वॉलीबॉल टूर्नामेंट से मिली है। जो की बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को इनके मुकाम तक पहुंचाने के लिए इनके पास खेलने के संसाधन होना अत्यंत जरूरी है। इस दौरान बालाजी भक्त नवीन टाकुली, कुणाल, विक्की, करन दानू, जतिन अधिकारी, विजेन्द्र जोशी, गुड्डू, राजेन्द्र नेगी, चेतन, राहुल, निक्की, विराट दफोटी, जतिन अधिकारी, तुषार दानू, हेमंत कोरंगा, आशीष दानू, करन दफोटी आदि मौजूद रहे।

हर्षिता और शाहरुख बने चैंपियन

किच्छा : नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेधावी छात्र शाहरुख एवं मेघावी छात्रा हर्षिता चैंपियन रहे। नगर के किच्छा बाईपास स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सेवानिवृत प्रोफेसर पुष्पा देवी खुराना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान छात्र वर्ग कैरम प्रतियोगिता में अंकित सागर, मोहम्मद तारिफ एवं इमरान सैफी तथा छात्रा वर्ग कैरम प्रतियोगिता में शिवानी, रीना तथा इल्मा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में शिवानी, जया एवं रोशनी तथा चक्का फेंक प्रतियोगिता में प्रिया, रुखसाना एवं विनीता ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। चक्का फेंक छात्र वर्ग में महेंद्र, शाहरुख एवं मोहम्मद तारिफ तथा लंबी कूद छात्र वर्ग में शाहरुख, इमरान एवं प्रेम कुमार क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद छात्रा वर्ग में हर्षिता, कोमल एवं रोशनी, ऊंची कूद छात्र वर्ग में इमरान सैफी, मोहम्मद तारिफ एवं तारिक ने क्रमश: पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली

बनबसा : बनबसा क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर बनाए जाने को लेकर भक्तों ने निशान यात्रा निकाली। प्राचीन हनुमान मंदिर से टनकपुर श्री श्याम मंदिर टनकपुर तक खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। यात्रा का पूजन पंडित मदन काफले व राजकुमार पारीक ने किया। यात्रा में शामिल हिमांशु गर्ग ने बताया कि निशान यात्रा में 350 भक्तों ने भागीदारी की है। इस दौरान हिमांशु गर्ग, बलवीर पारीक, संजय अग्रवाल, राहुल कश्यप, पंकज मुरारी, शिव नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

15.40 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर पकड़े

अल्मोड़ा : पुलिस ने एसएसजे परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के पास चेकिंग के दौरान दो युवकों को पकड़ा है। जिनके पास से 15 .40 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस, एसओजी और एएनटीएस की टीम मंगलवार की रात कोतवाल जगदीश देऊपा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चला रही थी तभी एसएसजे के वनस्पति विज्ञान विभाग के पास बाइक संख्या डीएल-06-एसबीसी-3251 में सवार संजय सिंह रावत (25) पुत्र भीम सिंह निवासी लमगड़ा और अरविंद कुमार आर्या (28) पुत्र मोहन राम निवासी भ्यारखोला अल्मोड़ा को शक होने पर रोककर तलाशी ली गई तो संजय के पास से 8 .90 ग्राम और अरविंद कुमार के पास से 6 .50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया।

26 पेटी शराब के साथ तस्कर को दबोचा

बागेश्वर : आबकारी व एसओजी टीम ने एक घर से 26 पेटी अवैध शराब बरामद की है। साथ ही एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के प्रभारी प्रहलाद सिंह ने आबकारी व एसओजी टीम के साथ बदियाकोट निवासी सुंदर सिंह दानू पुत्र प्रताप सिंह के घर में छापा मारा। जहां गौशाला में रखी 28 पेटी शराब बरामद हुई। आचार संहिता लगने के बाद यह पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी सफलता है।

मीना शर्मा बनीं हरिद्वार महिला कांग्रेस प्रभारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा को हरिद्वार शहर और ग्रामीण क्षेत्र की महिला कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने सूची जारी कर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। बुधवार को जानकारी देते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक-दो दिन में हरिद्वार जाएंगी। वहां जिला एवं महानगर महिला कांग्रेस कमेटी हरिद्वार की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संपर्क करेंगी। साथ ही लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर चर्चा करेंगी।

सुनीता कश्यप बनीं महानगर की प्रभारी

किच्छा : कांग्रेस हाई कमान के निर्देश पर महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप को हरिद्वार शहर का लोक सभा प्रभारी बनाने की घोषणा कर मनोनयन पत्र जारी किया। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत किच्छा निवासी वरिष्ठ नेत्री सुनीता कश्यप को नई जिम्मेदारी दी। इस पर वरिष्ठ नेत्री सुनीता कश्यप ने कहा कि उनके द्वारा जल्द ही हरिद्वार जाकर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि उत्तराखंड की पांचों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी।

अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए 25 नामांकन पत्र दाखिल

- नौ पदों के लिए कुल 20 प्रत्याशी मैदान में हैं
- अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर दो-दो उम्मीदवार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नौ पदों के लिए कुल 20 प्रत्याशी मैदान में हैं। नामांकन पत्रों की जांच गुरुवार को कराई जाएगी।

खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के तीसरे और अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंअर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन महिला उपाध्यक्ष पद पर स्नेह प्रभा, लेखा परीक्षक पद पर शाहनाज सिद्दीकी तथा सदस्य पद के लिए मो सलीम, नरेश चंद्र तिवारी और पूजा अग्रवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

चुनाव अधिकारी ने बताया कि नौ पदों के लिए कुल 25 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिनमें अध्यक्ष पद पर दो, उपाध्यक्ष पद पर दो, महिला उपाध्यक्ष पद पर तीन, सचिव पद पर तीन, उपसचिव पद पर तीन, कोषाध्यक्ष पद पर दो, लेखा परीक्षक पद पर दो, पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर दो तथा सदस्य पद पर छह प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि वृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की जांच प्रातः 10 से चार बजे तक होगी।

खटीमा में अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करता प्रत्याशी।

मनरेगा के तहत 99 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण

रुद्रपुर : मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जनपद ऊधमसिंह नगर में ग्राम्य विकास विभाग की संचालित योजना मनरेगा के तहत मार्च 2024 तक कुल मानव दिवस सृजन लक्ष्य 8.12 लाख के सापेक्ष 20 मार्च तक 8.08 लाख मानव दिवसों का सृजन कर 99.44 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

उन्होंने बताया कि 21 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। बुधवार को यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा के तहत जन उपयोगी कार्य जैसे आपदा नियंत्रण के कार्य (बाढ़ डायवर्जन चैनल निर्माण), बहुउद्देशीय भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, सर्व मौसम संयोजकता के लिए सड़क निर्माण, मेरा गांव मेरी सड़क, व्यक्तिगत लाभार्थी के लिए पशुचारा नाद, मुर्गी बाड़ा एवं बकरी बाड़े का निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के लिए मनरेगा से प्रति आवास के लिए 90 मानव दिवसों का सृजन किया जाता है।

शिविर | विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर दंत शिविर का आयोजन, कार्मिकों को दी गयी ओरल हाइजीन किट

दांतों की सफाई न होने से होती हैं कई बीमारियां

- सीएमओ कार्यालय में हुआ कर्मचारियों के लिए आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर सीएमओ कार्यालय में कर्मचारियों के लिए दंत शिविर लगाया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का डेंटल स्क्रीनिंग की गई और ओरल आइजीन किट का वितरण किया गया। बुधवार को शिविर का शुभारंभ सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि मुख स्वास्थ्य शिविर लगाने का उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को मुख से होने वाले रोगों की जांच करना है। ताकि कर्मचारियों के दांतों को स्वस्थ रखा जा सके। उन्होंने बताया कि दांतों की सफाई नहीं होने से मुख की कई घातक बीमारियां होती है। नोडल अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने मुख्यतः मुख के कैंसर के प्रति कर्मचारियों को जागरूक किया और तंबाकू का सेवन नहीं करने की सलाह दी।

डेंटल हाइजीनिस्ट शहनाज ने दांतों की सफाई के साथ ही रख-रखाव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर डॉ. श्वेता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मस्युनी, एनसीडी सलाहकार संजय कुमार पांडेय, रवि कुमार, उमेश पाल समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

शिविर में उपस्थित सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

बिना बताए ही राशन कार्ड किए स्थानांतरित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : अमृत विचार काशीपुर के एक सरकारी सस्ता गल्ले की दुकान में पंजीकृत 110 राशन कार्डों को हटाकर दूसरे दुकानों में स्थानांतरित करने का मामला सामने आया है। लोगों का आरोप है कि जब राशन लेने गए तो दुकान में उनका नाम कटा मिला। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने मामले की जांच बैठा दी है।

गरीबों को सस्ता राशन मिल सके, इसको लेकर शहर व गांव के सस्ते गल्ले की दुकानों पर राशन का वितरण किया जाता है। इसकी देखरेख खाद्य पूर्ति विभाग को दी गई है। विभाग नए राशन कार्ड बनाने से लेकर विभिन्न दुकानों में यूनिट के लिहाज से राशन का वितरण करवाता है। अल्लीखां स्थित एक दुकान से अचानक 110 कार्ड धारकों को हटा दिया है। लोगों का कहना है कि सालों से वह सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता सार्थक अग्रवाल की दुकान से ही राशन ले रहे थे।

पार्षदों और दुकान संचालक ने पत्र भी सौंपा

बुधवार को सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता शार्थक अग्रवाल, पार्षद फिरोज हुसैन, सादिक हुसैन आदि ने एसडीएम को पत्र भी दिया। बताया कि उनकी दुकान में 546 राशन कार्ड पंजीकृत थे। 110 कार्डों को हटा दिया गया है। उन्होंने दोबारा से कार्डों को दुकान पर पंजीकृत करने को कहा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम्।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

संपादकीय

प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा

लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान जा रहे हैं। इस दौरान वह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनके पिता जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (भूटान के पूर्व नरेश) से मुलाकात करेंगे। बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को पारस्परिक हित के द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित एवं मजबूत करने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की 'पड़ोसी प्रथम की नीति' पर जोर देने की कवायद के अनुरूप है। चीन के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री की इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भूटान पारंपरिक तौर पर भारत के करीब रहा है। भारत और चीन भूटान में अपने सामरिक और सीमाई हित देखते हैं। बीते सालों में भूटान में भारत से निर्भरता घटाने और अपने हितों में विस्तार के लिए इतर भी संभावनाएं तलाशने पर राय बन रही है। भूटान भारत और चीन के मध्य अवस्थित है। चीन ने हाल के दशकों में वैश्विक स्तर पर तरक्की की है और भूटान पर उसके साथ सीमा विवाद को सुलझाने का दबाव बढ़ रहा है। भूटान चीन के साथ 477 किमी का बॉर्डर साझा करता है। चीन 1961 से ही भूटान के एक इलाके पर दावा करता आ रहा है। भूटान और चीन 1984 से सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

इस बीच भूटान ने अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखते हुए भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ किए और चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने का मार्ग अपनाया। चीन और नेपाल की नजदीकियां सामरिक और व्यापारिक तौर पर बढ़ी हैं तथा चीन अपने पूर्वी तट से भी सामरिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में भूटान को अपने आंतरिक घेरे में लेने की चीन की कवायद गौर करने लायक है। जबकि भूटान की विकास परियोजनाओं का भारत ने न सिर्फ खाका खींचा है, बल्कि उनमें भारी निवेश भी किया है। भारत ने भूटान में अरबों डॉलर का निवेश किया है। अपनी तरफ से भारत भूटान का सबसे बड़ा विकास साझेदार बना रहेगा। विश्लेषकों के मुताबिक यह यात्रा दोनों पक्षों को अनूठी साझेदारी में प्रगति की समीक्षा करने और भारत भूटान के बीच मित्रता व सहयोग के स्थायी संबंधों का विस्तार करने के तरीकों साधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी।

अभी बहुत दूर है लोकतंत्र की मंजिल

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है।

> राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था।

अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, फिर भी लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है। रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है, लेकिन हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामंती मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हों। कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। कोई दल ऐसा नहीं, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। कहने को तो सभी यही कहते हैं कि हम जनता के सेवक हैं और जनता के लिए प्राण न्यौछावर कर देंगे, किंतु वास्तविकता यह है कि प्रत्येक दल में नेता या सुप्रीमो के प्रति व्यक्तिगतनिष्ठा का महत्व है। नेता के जयजयकार और यश-गायन से ही मेवा मिलती है तो कोई जनता की सेवा भला क्यों करेगा?

हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी समस्या है, लोक से अपरिचय। लोक के प्रति हमारे शासकों का अंग्रेजों के जमाने से चला आया नजरिया। महात्मा गांधी ने भारत की पैदल यात्राएं भी कीं, लोक को जगाया और लोकमानस में जगह बनाई, लेकिन उनके बाद लोक संपर्क के सरकारी विभाग बन गए। चुनाव के समय जनता में गए जरूर पर लोकजागरण के लिए नहीं, भ्रमित करके वोट पाने के लिए। अनेक देशों में लोकतंत्र का विस्तार और उसकी प्रकृति को समझने के लिए विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं। भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं।

हमारे लोकतंत्र की समस्याओं के समाधान का रास्ता विदेशों से होकर आता है। विशेषज्ञों के दल विदेशों में जाते रहे हैं, अभी भी जाते हैं। वे कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए, लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता? दूसरों को देखकर हम चलना सीख सकते हैं, दूसरों के पैरों से नहीं चल सकते। चलने के लिए पैर भी अपने होंगे और रास्ता भी अपना होगा। ग्लोबल युग है तो संसार के देशों से मेलजोल, आदान-प्रदान जरूरी है, होगा। विशेषज्ञों के दल आएंगे और जाएंगे, ठीक है, सवाल यह है कि क्या किसी एक विशेषज्ञों के दल ने भी इस विशाल देश के लोगों के जीवन में गहरे स्तरों पर पंहुचकर लोकमानस की विषमताओं, विडंबनाओं, संगतियों, विसंगतियों, आस्थाओं, कल्पनाओं, सपनों को समझने का कोई एक भी सच्चा और योजनाबद्ध प्रयास किया?

राष्ट्रीय आंदोलन पर विचार करें तो महात्मा गांधी ने पहचान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत लोक चेतना में होता है। उन्होंने जनता को जनार्दन कहा था। कहा ही नहीं था, हृदय से स्वीकार किया था। यह विश्वास उनके चिंतन का और सत्याग्रह आंदोलन का आधार था। उन्होंने जान लिया था कि जनता उनको शासक मान रही है, तभी तक वे शासक हैं, जिस क्षण जनता उनको अस्वीकार कर देगी, उसके बाद वे शासक नहीं रह जाएंगे। इसलिए उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया। नमक कानून को तोड़ना तो एक प्रतीक भर था, लेकिन यह साम्राज्य को एक चुनौती थी। हम तुमको और तुम्हारे कानून को अस्वीकार करते हैं, तुम्हारी अवज्ञा करते हैं, हम तुमसे अब नहीं डरते। लोगों का मन बदल गया, लोग निर्भय हो गए। शासक भय दिखाकर शासन करता है, किंतु जब उसके सामने यह चुनौती आ गई कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है। भय समाप्त, शासन समाप्त। भारत छोड़ो आंदोलन वाले दिन गांधीजी ने बतला दिया कि संप्रभुता के स्रोत तुम स्वयं हो। तय कर लो कि अब अंग्रेज तुम्हारे शासक नहीं हैं।

भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक-सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाहकर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया और मान लिया कि संप्रभुता का स्रोत जनता है, लोक जीवन है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और आंदोलन शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। दूसरे महायुद्ध के बाद विश्वमेधा ने इस सत्य को जान लिया था और मान लिया था कि संप्रभुता का स्रोत जनता है। संसार के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में किसी न किसी रूप में जनतंत्रात्मक समाज और जनतंत्रात्मक शासन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय जीवन की सामजिक-राजनैतिक, सांस्कृतिक-आर्थिक-साहित्यिक समस्त गतियों का केन्द्र लोकजीवन है। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपा पूर्वक दे दिया था। क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था। क्या संविधान सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था। वास्तव में लोकतंत्र लोक जीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती, संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता। लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं।

देशी हों या विदेशीः क्रूर राजाओं आक्रांताओं, दस्युओं, बादशाहों, सामंतों, जमींदारों ने क्या-कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोक जीवन-लोक संस्कृति, लोक आस्था एवं लोकविश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया, परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्यबल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है, तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है। आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारी आधारभूत समस्याओं का मूल है, तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं।

एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 जनता ईडियट है और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मानकर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं।

प्रसंगवश

उम्र के जालिम जाल-फरेब

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

लोगों की उम्र उनकी जन्मतिथि से निकाली जाती है। वैज्ञानिक दायरों में इसे समयबद्ध आयु (क्रोनोलॉजिकल एज) कहते हैं। इस नाप के साथ कुछ बुनियादी मुश्किलें जुड़ी हैं। पचास-पचपन साल का एक इंसान मजे से हाफ मैराथन दौड़ लेता है। जबकि उसी उम्र के दूसरे मनुष्य के लिए अक्सर बाजार से सब्जी लाना भी पहाड़ हो जाता है। इस फर्क को समझने के लिए जैविक उम्र (बायोलॉजिकल एज) की धारणा आई जिसका इस्तेमाल सेक्सोलॉजी, संतानोत्पत्ति और जीवनशैली से जुड़े चिकित्सा क्षेत्रों में किया जा रहा है, लेकिन इंसान की उम्र का खेल समझना उसकी शारीरिक बारीकियों में जाने से कहीं ज्यादा कठिन है।

क्या इस खेल में कुछ भूमिका उसके मन की भी होती है? यदि हां तो कितनी? इसे ठोस रूप में समझने के लिए आत्मगत आयु, सब्जेक्टिव एजिंग की शब्दावली चलन में आई जिसके दो पहलू हो सकते हैं। एक यह कि आप खुद को कितने साल का महसूस करते/करती हैं (फेल्ट एज) और दूसरा यह कि आप कितने साल के होना/दिखना चाहते/चाहती हैं (आइडियल एज)। इस बारे में कामकाजी आंकड़ें पूरी दुनिया में अभी केवल एक संस्था नॉर्वेजियन लाइफ कोर्स, एजिंग एंड जेनरेशन स्टडी (नोरलाग) के पास हैं जिसने सन् 2001 में 40 से 80 साल की उम्र वाले विविध संस्कृतियों और शैक्षिक स्थिति के कुल 6292 स्त्री-पुरुषों से फोन पर फॉर्म भराकर उनकी राय लेना शुरू किया और इस क्रम में 2002, 2007 और 2017 में यानी पहले एक, फिर पांच और दस साल के अंतर पर उनके आयु संबंधी सारे वस्तुगत और मनोगत ब्यौरे इकट्ठा किए।

दुनिया की कई नामी शोध संस्थाएं फिलहाल इन आंकड़ों पर काम करके महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाल रही हैं जिनमें सन् 2020 में आई कैंब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बहुत खास है। उम्र के उत्तरार्ध में पैदा होने वाली समस्याओं पर केंद्रित इसके विशद निष्कर्षों में एक यह है कि हर इंसान खुद को अपनी वास्तविक उम्र से छोटा महसूस करता है और उससे भी छोटा होना/दिखना चाहता है, लेकिन कमसिन होने की यह इच्छा जीवन को लेकर उसका असंतोष बढ़ा देती है। नतीजा यह कि उसके जीवन की गुणवत्ता और कम हो जाती है।

विलुप्ति की कगार पर कई वन्यजीव प्रजातियां

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों।

पहाड़ी क्षेत्रों के संदर्भ में विकास के कथित मॉडल को पहाड़ के लोगों के उत्थान से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन स्थानीय जैव विविधता से खेलकर बनाई जा रही सड़कें, बांध व कंक्रीट के बढ़ते जंगल दरअसल विकास की दोषपूर्ण अवधारणा की उपज है। हिमालय ने देश के उत्तरी भाग में जीवन और सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक जलतंत्र की रचना सहित वन और जैव संपदा के विशाल भंडार से हमें नवाजा है, लेकिन बीते कुछ दशकों में हमने अपने हितों के लिए जिस बेरहमी से हिमालय और उसकी उपत्यकाओं से अंधाधुंध छेड़छाड़ की, उसी का परिणाम है कि आज कई वन्य जीवों की प्रजातियां या तो पूरी तरह से लुप्त हो गई हैं या फिर विलुप्ति की कगार पर हैं।

उत्तराखंड के संदर्भ में जिन पशु-पक्षियों के जीवन पर वन व वनस्पतियों के विनाश, मौसम परिवर्तन, जंगल की आग, हिम रेखा के सिकुड़ने, भोजन की कमी तथा वन तस्करों की बढ़ती सक्रियता के कारण संकट उत्पन्न हुआ है, उनमें हिमबाघ, गुलदार, कस्तुरी मृग, भालू, जंगली सुअर, काकड़, घुरड़, जंगली मुर्गी, मोनाल, चितराल, जंगली बिल्ली, खरगोश, चकोर, बटेर, मछलियों में महासीर आदि शामिल हैं। वन पक्षी एवं पशु संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम आदि कई कानून जंगल के जानवरों की सुरक्षा के लिए बने हैं, परंतु कथित विकास के सामने ये तमाम कानून बेअसर हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रहे सड़क व बांध निर्माण तथा पर्यटन विकास के नाम पर हो रहे कार्यों से जहां पहले से ही अस्थिर भू-क्षेत्र में अनेक खतरे पैदा हो रहे हैं, वहीं कभी हजारों की संख्या में पाई जाने वाली विशिष्ट हिमालयी प्राणियों की नस्लें लुप्त होने को अभिशप्त हैं। हिमालय में मौसम परिवर्तन तथा वन्य क्षेत्र में मानव की बढ़ती दखलंदाजी की सर्वाधिक मार हिमबाघ पर पड़ी है। ऊपरी हिम आच्छादित क्षेत्र में हिमबाघ अब दिखाई नहीं देते। अस्सी के दशक में उत्तराखंड में छह हिमबाघ पाए जाने की सूचना वन विभाग के पास थी।

इसी तरह भागीरथी, मंदाकिनी व अलकनंदा के जल ग्रहण क्षेत्र में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली व पैंथर भी अब दिखलाई नहीं देते। घटते वन क्षेत्र, नदियों से छेड़छाड़, अवैध अतिक्रमण तथा मानव प्रभाव से भयभीत ये वन्य जीव लुप्त होने को बाध्य हैं। यदि सरकार ने समय रहते गंभीरता से इनके संरक्षण के प्रयास किए होते तो ये जीव आज हिमालय के अपने प्राकृतिक आवासों पर विचरण रह होते। अनेक सुंदर हिमालयी जीव अपने को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन्हीं में से एक है, उत्तराखंड का राज्य पशु कस्तुरी मृग। इसकी नाभि में मौजूद सुगंधित कस्तुरी के कारण इसका बहुत महत्व है, पर यह कस्तुरी ही इस खुबसूरत जीव के विनाश का कारण बन रही है। एक कस्तुरी मृग से एक समय में 25 से 30 ग्राम कस्तुरी प्राप्त होती हैं जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों में है। यही कारण है कि यह खुबसूरत मृग शिकारियों द्वारा मारे जा रहे हैं। कभी पहाड़ में इनकी अच्छी खासी संख्या थी, पर आज ये अंगुलियों में गिनने लायक रह गए हैं। जाड़ों में भारी हिमपात के कारण मृग निचले इलाकों में चले आते हैं और आसानी से मारे जाते हैं।

हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में भूरा भालू और लाल लोमड़ी भी देखी गई थी, पर आज शायद ही कभी किसी को ये दिखलाई देते हों। सड़क निर्माण के लिए हो रहे विस्फोटकों की भयावह आवाज से भयभीत वन्य जीव पलायन को विवश है। प्रतिकूल परिस्थितियों को सहनकर जो विजयी है, वही जीवित भी है। जंगली बकरा भी विलुप्त होने के कगार पर है। यह बुरांस तथा बेतुला के वृक्षों से आच्छादित जंगल में रहना पसंद करता है, पर मानवीय हस्तक्षेप और हर साल जंगलों में आग लगने से कई वन्यजीवों की तरह यह जीव भी जल कर मरने को शापित है। अगर गुलदार और बाघ की बात करें तो ये नरभक्षी हो चले हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि जंगल में न तो इनके लिए सघन वन क्षेत्र रह गया है और न ही शिकार के लिए पर्याप्त जानवर। कहीं संसाधनों की कमी है तो कहीं मैनपावर की। एक अन्य रक्षित प्रजाति का जीव हिमालयी थार भी अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। 90 से 100 सेमी ऊंचे इस जीव का वजन सौ किलो से अधिक होता है। यह भी अब विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में है। अधिकांश वन्यजीव अब राष्ट्रीय अभयारण्यों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। इनकी संख्या कम होती देखकर लगता है कि उजड़ना और खत्म होना ही वन्य जीवों की नियति बनकर रह गई है। यह क्रम जारी रहा तो एक दिन हिमालय की घाटियों में पशु-पक्षियों के कलरव व चहचहाट के स्थान पर केवल सन्नाटा ही सुनाई देगा।

सोशल फोरम

अब तो कहानी हो गई गौरैया

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गौरैया! हां, जानी-पहचानी चिड़िया। एक जमाना था जब ढेर दिखती थीं। बिजली और टेलीफोन की लाइव लाइनों पर दूर तक एक लाइन से बैठीं दिखती थीं। मुंडेरों पर, खिड़कियों पर और आंगन में कपड़े सुखाने के लिए बंधी रस्सी पर भी।

घर से स्कूल जाने के रास्ते और फिर स्कूल में ढेर चिड़ियां इधर-उधर बैठी दिखतीं। कभी-कभी ऐसा भी होता कि मास्साब पढ़ा रहे होते और मैं ऊपर रोशनदानों में बैठी चिड़ियों के कार्यकलाप देख रहा होता था। मास्साब जाने कब आकर कान उमेठ कर डपट देते-ये चिड़ियां इम्तिहान पास कराने नहीं आएंगी।

दुमंजिले पर घर में एक स्टोर। उसकी खिड़की बाहर की ओर खुलती है। ये कभी-कभार ही खुलती। खिड़की के ऊपर के हिस्से में कांच था। एक दिन कांच थोड़ा सा टूट गया। यानी चिड़ियों के आने जाने के लिए पर्याप्त रास्ता बन गया। किताबों से भरे घर में और किताबें रखने की जगह कम पड़ गई तो पिताजी ने स्टोर में दो रैक टांगकर पुस्तकें भर दीं। चिड़ियों को मौका मिल गया। पुस्तकों के पीछे एक जोड़े ने तिनका-तिनका जोड़कर घौंसला बनाया। थोड़ी मदद मैंने भी कर दी। थोड़ी सूखी घास-फूस लाकर खिड़की पर रख दी। ताकि चिड़िया को तिनका बीनने दूर न जाना पड़े। फिर वो दिन भी आया कि चिड़िया का घोंसला पूर्ण हुआ। उसने अंडे दिए। कुछ दिन बाद उसमें से तीन बच्चे निकले। चिड़िया कहीं से दाना-दुनका चुग कर लाती। बच्चे मां की आहट पाते ही चीं-चीं करके शोर मचाना शुरू कर देते।

बच्चे थोड़ा बड़े हुए। चिड़िया मां ने उन्हें उड़ना सिखाया। चिड़िया का चिड़ा कुछ नहीं करता था। बस बैठा देखा करता था। एक दिन मैंने देखा तीन की जगह दो ही बच्चे हैं। एक पता नहीं कहां चला गया। मां ने आशंका जताई बिल्ली इधर-उधर घूमती रहती है। स्टोर बंद रखा करो। फिर वो दिन आया, बच्चे बड़े हो गए। उन्होंने अपना जोड़ा बना लिया। पुराना जोड़ा जाने कहां फुर्र हो गया। वक्त आगे बढ़ता रहा और उधर पेड़ों के साथ-साथ चिड़ियों की संख्या भी कम होती रही। आज मुझे दूर-दूर चिड़ियां नहीं दिखाई देती हैं। पेड़ भी कट गए हैं।

-फेसबुक वॉल से

पशु पालना स्वास्थ्य संबंधी मुसीबत को निमंत्रण

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

> पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वासनली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

आजकल जानवर पालने का फैशन सा चल पड़ा है। गांवों में रोजी-रोटी के लिए तो शहरों में आधुनिकता की आड़ में अभी यह फैशन चलन में बहुत है। सिर्फ कुत्ता या बिल्ली पालने का शौक होता तो गनीमत भी थी, लोग तो खरगोश, सफेद चूहा, कबूतर, तोता, गिरगिट तक पालने लगे हैं। इनके पालने से जानलेवा बीमारियों का खतरा बना रहता है। पालतू पशुओं से विभिन्न रोगों के मानव तक फैलने के रास्ते अलग-अलग हैं। इनमें से चार प्रमुख मार्ग हैं, श्वास नली, आहारनाल, त्वचा और कीट।

पक्षियों का निमोनिया श्वांस नली के जरिए ही पक्षी से मानव तक फैलता है। किसी भी पक्षी से इस रोग का फैलाव होने की संभावना रहती है। बत्तख और हंस के जरिए तक यह रोग फैल सकता है। आहारनाल के जरिए टाइफाइड रोग फैल सकता है। अगर कोई आदमी अक्सर पशुओं को चूमता है तो उसे इस रोग का खतरा हो सकता है। श्लेषमा के जरिए पागल कुत्ते का रोग होने का खतरा होता है। पागल कुत्ते के काटने या बिल्ली के पंजे से चोट लगने के बाद मनुष्य के शरीर में रोग के विषाणु पहुंचते हैं। कुछ वैज्ञानिक शोध की माने तो कुत्ते-बिल्ली जैसे जानवर पालने वाले ज्यादातर लोग किसी न किसी उन बीमारीयों का शिकार/ ग्रसित हुए रहते हैं, जो पालतू जानवरों से आती है। पालतू बिल्लियों से एक बीमारी फैलती है जिसे वैज्ञानिक भाषा में "कैट स्क्रैच डिसीज" कहा जाता है, जो बिल्लियों की खरोंच से फैलती है, जरूरी नहीं है कि बिल्ली गुस्से में ही खरोंचे, वह आप से खेलते और प्यार जताते हुए भी खरोंच सकती है और इस बीमारी को फैला सकती है। पालतू जानवरों से इंसानों में "रिंगवर्म" जैसी बीमारी का खतरा कुछ ज्यादा ही होता है। यह बीमारी आम तौर पर कुत्तों के द्वारा फैलती है। घरों में कुत्तों के साथ सोने बैठने वाले लोगों में त्वचा संबंधित इस बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। यह एक प्रकार के फंगस की बीमारी है। त्वचा पर चकते, दाने और लगातार खुजली इसके प्रमुख लक्षण है। घरेलू पक्षी जैसे तोता, कबूतर, मैना पालने वाले लोगों को आम तौर पर "सिटाकोसिस" नामक बीमारी का खतरा बना रहता है। इसे पैरट फीवर भी कहते हैं, ये बीमारी संक्रमित पक्षी के शरीर से हवा के जरिए फैलती है और अगर हम भी उसी हवा में सांस ले रहे हैं तो बीमारी के वायरस नाक के जरिए हमारे फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। बीमारी के लक्षणों में बुखार, डायरिया, सूखी खांसी और शरीर में ठिठुरन शामिल है। इस के लिए एंटीबायोटिक की खुराक लेनी पड़ती है वरना इसे नजर अंदाज करने पर लेने के देने पड़ सकते है।

भारत में दूध, दही के लिए गाय और मांस के लिए बकरी व ऊन के लिए भेड़ का पालन किया जाता है। एक बीमारी है, ब्रुसेलोसिस जो बीमार गाय, बकरी और भेड़ से होती है। आमतौर पर संक्रमित गायों या बकरियों का दूध पीने पर ये बीमारी हो सकती है, लेकिन अगर आप इन पशुओं को पालने के शौकीन हैं तो शरीर पर हुए हल्के-फुल्के जख्मों के जरिए भी इस बीमारी के बैक्टीरिया भीतर पहुंच जाते हैं। इसके लक्षण मौसमी फ्लू से मिलते-जुलते होते हैं। बूढ़े-बुजुर्ग लोगों को इससे सबसे ज्यादा खतरा होता है, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर होती है। साल 2015 से 2018 में दक्षिण, उत्तर और यूरोप में "मैड काऊ डिजीज" फैली थी। तब मनुष्य ने अपनी जान बचाने के लिए ही लाखों गायों को बेवक्त ही गला काट दिया था। यह बेहद खतरनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जो मरीज की जान भी ले सकती है। पूरी दुनिया को दहशत जदाकर तब इस बीमारी नें सैकड़ों जानें ली थीं। रेबीज पालतू जानवरों से होने वाली सबसे खतरनाक बीमारियों में गिनी जाती है। वायरस से फैलने वाली ये बीमारी पालतू जानवरों में आसपास रहने वाले जंगली जानवरों से आती है और जानवरों की सफाई के दौरान इंसानी शरीर में इसके वायरस प्रवेश कर जाते हैं। याद रखें असावधान होकर पशु पालना जहरीला सांप पालने के बराबर है। सांप काटेगा तो जहर ही निकलना है और जहर जानलेवा होता है।

व्यंग्य

सीटें आईं हैं

मृदुल पांडेय
सहायक अध्यापक

चुनाव की घोषणा हो गई है। छल-दंभ, द्वेष-पाखंड, झूठ-अन्याय से निस दिन लिप्त रहने वाला गाना प्रत्येक बोलेरो में सुनने को मिलेगा। सीटों का सवाल। हर पांच साल में सीट मिलती हैं। कहीं न कहीं कोई उस पर बैठता है। पंचवर्षीय सीटें पंचकोसी परिक्रमा के बाद प्राप्त हो जाती हैं। दूर से दिखने में कठिन लगता है, पर सीटें मिलना आसान है। जनता है किसी न किसी को सीट दे ही देती है। खुद हमेशा अपने पैरों पर खड़ी रहती है। पैरों पर खड़े रहना काफी अच्छा बताया गया है। खासकर अगर पैर खुद के हों, जो अपने पैरों पर खड़ा है, वो होनहार है।

कहावतें कितनी झूठी बना दी गई हैं। होनहार वो है, जो खुद बैठा रहे और दूसरों को खड़ा रखे। शायद इसीलिए बड़े-बड़े ऑफिसों में साहब के आगे सिर्फ दो कुर्सी होती हैं। खैर अब सीटों का बंटवारा होगा। कुछ सीटें इधर जाएंगी, कुछ उधर जाएंगी। सीटों के पैर होते हैं। हर पांच साल में कहीं न कहीं भागदौड़ लगाती रहती हैं, लेकिन कुछ सीटें हैं, जो जल्दी नहीं मिलती। सत्तर सालों में तो नहीं मिली। इनको पाने में बहुत मशक्कत है। पहले प्रधान के घर जाना पड़ता है, प्रधान ब्लॉक भेजता है, ब्लॉक जिले पर भेजता है और जिला फिर वापस स्कूल। हां, ये प्राथमिक विद्यालय की सीटें हैं जिसको पाना सांसद की सीट पाने से मुश्किल काम है। क्योंकि इस पर विधायक नहीं बैठते, सांसद नहीं बैठते, अधिकारी नहीं बैठते। खेत मे हाड़-तोड़ मेहनत करने वाले हल्कू का लड़का बैठता है, शहर जाकर 500 रुपये की दिहाड़ी करने वाले आत्माराम की बिटिया बैठती है। बप्पा को खेत में काम पर सीट नहीं मिली और उनके संतानों को स्कूल में। यही बप्पा-अम्मा हर पांच साल में सबको एक-एक करके सीट देते हुए आएं हैं और इनका खुद का भविष्य जाड़ा-गर्मी बरसात में चटाई पर बैठ सरस्वती की उपासना कर रहा है। क्या किसी को कभी खाक मतलब रहा है? भारत जहां चुनाव को पर्व माना जाता है, वहां सीटें प्रसाद हैं, जो गिन-गिन कर लोगों को दी जाती है। ऐरे गैरे बच्चों को बैठने के लिए नहीं। ऊपर बैठे लोग भी जानते हैं, अगर इनको बचपन में ही सीटें दे दी गईं तो शायद ये हर जगह सीट की ही मांग करेंगे। फिर उनको विश्वविद्यालय में भी सीट चाहिए होगी, नौकरी की भी सीट चाहिए होगी, चुनाव में भी सीट चाहिए होगी। सीट की आदत ही ऐसी है कि अगर लग जाए तो आदमी बिना सीट के नहीं रह पाता। फिर क्यों न उसे कुछ भी करना पड़ जाए। इसलिए इनको सीट नहीं देना है, पर सीटें आई हैं सत्तर साल बाद ही सही सीटें आई हैं। लड़-झगड़कर ही सही। बच्चे खुश हैं। अपनी सीटें ढो रहे हैं। रिक्शे से क्लास तक ले जा रहे हैं। ललचाई आंखो से देख रहें हैं। साफ कर रहे हैं। बंटवारा कर रहे हैं। इनका बंटवारा चुनाव की सीटों से ज्यादा कठिन है, क्योंकि ये पूरा ख्याल रखा गया है कि सीटें पर्याप्त न हों, सबको सीट न मिल सके, कुछ न कुछ कमी जरूर रखनी है। देश के बच्चों में एडजस्ट करने की आदत बचपन से ही डालना है। इसलिए सीट सिर्फ इतनी हों कि लटक-लटक कर एक पर चार-पांच बैठ सकें। किसी स्कूल में सिर्फ कुछ क्लास के बच्चे ही बैठ सकें। ताकि उनको अपने कर्तव्यों का अहसास हमेशा बना रहे कि उनको बस एडजस्ट करना है। आधे में लटकना है और दिखावा करना है कि उनके पास भी सीट हैं। भारत सीटों का देश है और सीटें आईं हैं।

चुनाव कमाल का...

- 1971 में विपक्ष के 'इंदिरा हटाओ' नारे पर इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' नारा भारी पड़ा। उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस ने लोकसभा की 545 सीटों में से 352 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस (ओ) के खाते में सिर्फ 16 सीटें ही आई। भारतीय जनसंघ ने चुनाव में 22 सीटें जीतीं। सीपीआई ने चुनाव में 23 सीटें जीतीं। जबकि सीपीआईएम के खाते में 25 सीटें आईं।
- 1977 जनवरी 23 ही वो दिन था जब अचानक इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के जरिए देश में आम चुनाव की घोषणा की। देश में तीन दिन में ही चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव 16 से लेकर 19 मार्च 1977 के बीच हुए।
- 22 मार्च 1977 को आए चुनाव नतीजे ने कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया। चुनाव में कांग्रेस गठबंधन को मात्र 153 सीटें ही मिली थीं। इस चुनाव में पूरा विपक्ष समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में गोलबंद हुआ था। जनता पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था, जिसकी वजह से पार्टी ने 'भारतीय लोक दल' के चिन्ह "हलधर किसान" पर चुनाव लड़ा और 298 सीटें जीतीं।

चुनावी तीर

मध्यप्रदेश में 29 लोकसभा सीट हैं, लेकिन कांग्रेस के बड़े से बड़े नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस ने पद यात्रा निकाली, जहां-जहां से यात्रा निकली, लोग कहते हैं कांग्रेस छोड़ो यात्रा थी और वो जहां-जहां गए लोग कांग्रेस छोड़ते चले गये।

-डॉ मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

भाजपा ने जे.पी. पटेल को खूब सम्मान दिया और सचेतक भी बनाया। भाजपा में उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। लेकिन, जब वह अपने राजनीतिक करियर को डुबोने के लिए डूबते जहाज पर सवार होना चाहते हैं तो हम क्या कर सकते हैं? उनके कांग्रेस में शामिल होने से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

-प्रतुल शाहदेव, भाजपा प्रवक्ता

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन स्वार्थ पर आधारित है और इसका उनकी पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह राजधानी की सातों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी। हम बहुत सकारात्मक अभियान चला रहे हैं और 10 साल के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं। अबकी बार 400 पार केवल नारा नहीं है बल्कि एक संकल्प है जिसे वास्तविकता में बदला जाएगा।

- बांसुरी स्वराज, भाजपा प्रत्याशी दिल्ली

सल्तनत समाजवादियों की, अब भाजपा के पक्ष में

सियासी समीकरण

7 बार जसवंतनगर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए मुलायम सिंह

1989 में बसपा के संस्थापक कांशीराम को इसी सीट से मिली थी एकलौती जीत और पहुंचे थे संसद में

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	41.6	37.0	17.3	1.10
2019 लोस	51.1	44.8	----	----
2017 विस	40.7	28.8	25.3	----
2014 लोस	46.8	28.4	20.5	1.4

विधानसभा	भाजपा	सपा
इटावा सदर	1,21,783	89,704
भरथना सु.	1,07,551	1,20,940
दिबियापुर	90,461	88,849
औरैया सु.	95,564	84,239
सिकंदरा	1,04,315	72,225

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा की सूबे में हॉट सीट इटावा में चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कानपुर मंडल का यह जिला कभी प्रदेश की राजनीति की धुरी था। नेताजी मुलायम सिंह यादव और वर्तमान में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जन्म और कर्मस्थली के रूप में पहचान वाले इस जिले को यादव लैंड भी कहा जाता है। मुलायम सिंह जिले की जसवंतनगर विधान सभा सीट से सात बार विधायक चुने गए, जबकि उनके भाई शिवपाल सिंह यादव चार बार इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। हालांकि जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र इटावा लोकसभा में नहीं आता है और मैनपुरी संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है।

इटावा सुरक्षित लोकसभा सीट है। इसमें तीन ज़िलों की पांच विधानसभा सीटें शामिल है। कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा, औरैया जिले की औरैया और दिबियापुर तथा इटावा जिले की भरथना और सदर विधान सभा सीट को मिलाकर इटावा लोकसभा क्षेत्र का गठन किया गया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इनमें से तीन सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। दो सीटों पर सपा ने कब्जा जमाया था। 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया विजयी रहे थे। उन्होंने सपा के कमलेश कठेरिया को 64,359 वोटों से हराया था।

इटावा लोकसभा सीट कांग्रेस के एकाधिकार वाले जमाने में भी समाजवादियों के गढ़ जैसी रही है। 1957 में यहां से सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत हासिल की थी। हालांकि 1962 में कांग्रेस के गोपीनाथ दीक्षित ने सोशलिस्ट पार्टी को मात दी, लेकिन 1967 में अर्जुन सिंह भदौरिया ने वापस सीट कांग्रेस से छीन ली। 1971 में कांग्रेस के श्रीशंकर तिवारी विजयी रहे पर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर एक बार फिर अर्जुन सिंह भदौरिया ने जीत का परचम लहरा दिया। इसके बाद 1980 में जनता पार्टी के राम सिंह शाक्य फिर 1984 में कांग्रेस के चौ. रघुराज सिंह जीते। 1989 के चुनाव में जनता दल से दोबारा राम सिंह शाक्य के बाद इटावा ही वह एकलौती लोकसभा सीट रही जहां से 1989 में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को जीत मिली और वह संसद में पहुंचे। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर तीसरी बार राम सिंह शाक्य सांसद बने। लेकिन 1998 में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरीं सुखदा मिश्रा ने जीत के साथ पहली बार यहां भाजपा का झंडा फहरा दिया। लेकिन 1999 और 2004 के चुनाव में सपा के रघुराज सिंह तो 2009 में प्रेमदास कठेरिया सफल रहे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने पुनः इस सीट पर कब्जा किया और उसके प्रत्याशी अशोक दोहरे विजयी रहे। 2019 में भाजपा ने आगरा से दो बार सांसद रहे डॉ राम शंकर कठेरिया को इटावा से टिकट दिया तो उन्होने पार्टी का कब्जा इस सीट पर बरकरार रखा। इस बार फिर भाजपा ने भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने इस बार यहां से जितेंद्र दोहरे को टिकट दिया है।

दलित बाहुल्य पर यादव-मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में

इटावा लोकसभा सीट पर 18 लाख से ज्यादा कुल मतदाताओं में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या लगभग पांच लाख है। ब्राह्मण मतदाता दो लाख से कुछ ज्यादा तो यादव वोटर लगभग दो लाख और मुस्लिम मतदाता डेढ़ लाख तक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इटावा में 58 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था। सपा के कमलेश कठेरिया को 4 लाख 57 हजार 454 वोट प्राप्त हुए थे। भाजपा के डॉ रामशंकर कठेरिया को 5 लाख 21 हजार 815 वोट मिले थे। भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काटकर डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए अशोक कुमार दोहरे को टिकट थमा दियाथा। 2014 के लोकसभा चुनाव में इटावा सीट पर 55.04 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा के अशोक कुमार दोहरे ने सपा के प्रेमदास कठेरिया को एक लाख 72 हजार 946 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। अशोक कुमार दोहरे को 4,39,646 वोट मिले थे, जबकि प्रेमदास कठेरिया ने 2,66,700 वोट पाए थे। बसपा के अजय पाल सिंह जाटव को 1,92,804 वोट हासिल हुए थे। कांग्रेस उम्मीदवार हंस मुखी कोरी 13397 वोटों के साथ चौथे नंबर पर रहे थे।

2019 में भरथना विधानसभा पिछड़ गई थी भाजपा

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भरथना सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र में सपा ने बढ़त बनाई थी, हालांकि अन्य चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही थी। विधानसभा वार दोनों दलों के प्रत्याशियों को मिले मत इस प्रकार थे।

नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों से हारे थे धर्मेंद्र यादव

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। जिले में तीसरे चरण 7 मई को मतदान होना है। सपा ने धर्मेंद्र की जगह शिवपाल यादव प्रत्याशी घोषित किया है। अभी भाजपा और बसपा के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होना शेष है। बदायूं लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। हालांकि 2019 में सपा उम्मीदवार को 18 हजार से कुछ अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा था। तब करीब 19 हजार वोट नोटा और निर्दलीय उम्मीदवारों को तिले थे। वहीं राजनीतिक पंडित सपा बसपा के बीच गठबंधन होने से लोगों की नाराजगी को भी सपा उम्मीदवार की होने की वजह बता रहे हैं। बहरहाल शिवपाल के आने से मुकाबला दिलचस्प होगा।

1951 से 2014 तक हुए लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक छह बार जीत दर्ज की है। 2014 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव एक लाख 40 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 28 वर्षों से चले आ रहे सूखे को खत्म करते हुए जीत दर्ज की थी। सपा के धर्मेंद्र यादव की हार में नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को बजह माना जा सकता है। उस समय चार निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। उन्हें 10621 वोट मिले थे। वहीं 8606 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था। निर्दलीय और नोटा को कुल 19,227 वोट पड़े थे। जबकि भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य की जीत 18,454 वोटों से हुई थी।

2019 के चुनाव में 18000 से अधिक मतों से सपा प्रत्याशी की हुई थी हार

19,000 से अधिक मिले थे वोट नोटा और निर्दलीय प्रत्याशियों को

2019 के चुनाव में यह रहा था परिणाम

भाजपा	5,11,352
समाजवादी पार्टी	4,92,898
कांग्रेस	51,947
ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लाक	4,347
निर्दलीय उम्मीदवार	10,621
कल्याणकारी जनता पार्टी	1,336

कैराना से चार बार महिलाएं बनी सांसद

सहारनपुर

- किसी भी प्रमुख पार्टी ने इस बार महिला को नहीं बनाया है अपना उम्मीदवार
- सहारनपुर सीट कभी भी कोई महिला सांसद नहीं हुई निर्वाचित

पहले नंबर की लोकसभा सीट सहारनपुर को इस बात के लिए भी जाना जाता है कि आजादी के बाद से हुए लोकसभा चुनावों में कभी भी यहां से कोई महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई है। दूसरी ओर इसी मंडल की कैराना सीट इस मामले में सौभाग्यशाली है कि वहां से चार बार महिलाएं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। इनमें सबसे पहले 1980 में प्रधानमंत्री रहे चौधरी चरणसिंह की पत्नी गायत्री देवी, रालोद से अनुराधा चौधरी और दो बार तबस्सुम हसन लोकसभा चुनाव जीती।

तबस्सुम हसन एक बार समाजवादी पार्टी से और दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल से सांसद बनीं। महत्वपूर्ण है कि इस बार भी कैराना सीट पर प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी से इकरा हसन मैदान में हैं। आजादी के बाद से सहारनपुर लोकसभा सीट से कभी भी कोई महिला सांसद लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस बार भी किसी प्रमुख पार्टी ने महिला को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। छह बार कांग्रेस, तीन बार बसपा, तीन बार भाजपा के सांसद बने जबकि पांच बार रसीद मसूद सांसद निर्वाचित हुए। इस चुनाव में रसीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद कांग्रेस-सपा गठबंधन से प्रत्याशी हो सकते हैं। दोनों दलों का शीर्ष नेतृत्व उनके नाम पर मोहर लगा चुका है।

सहारनपुर लोकसभा में महिला सांसद भेजने में तो नाकाम रहा है लेकिन जहां तक विधानसभा का सवाल है तो कई महिलाएं जैसे दलित समाज की शकुंतला देवी, विमला राकेश, राजपूत समाज से शशिबाला पुंडीर, रानी देवलता, बसपा प्रमुख मायावती और सत्तो देवी विधायक रही हैं। शकुंतला देवी कांग्रेस की दिग्गज महिला नेत्री रही हैं। वह चार बार विधायक बनीं। विमला देवी विपक्ष में रहीं और छह बार विधायक चुनी गईं। सहारनपुर मंडल के मुजफ्फरनगर से बहन मालती शर्मा भाजपा की ओर से राज्यसभा सदस्य रही हैं। वहां से भी कभी कोई महिला लोकसभा में नहीं गई है। पड़ौस की बिजनौर लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री मायावती, लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस की मीरा कुमार और ओमवती तीनों दलित समुदाय से सांसद चुनी गईं और बिजनौर की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

18वीं लोकसभा के चुनाव में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से कोई भी महिला उम्मीदवार नहीं है। केंद्र सरकार ने आगामी चुनावों के लिए महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण का कानून बना दिया है। लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद दयनीय है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में थोड़ी-बहुत ही कम है लेकिन उनकी मतदान में भागीदारी पुरूषों से कहीं भी पीछे नहीं है।

युवा व महिला के हाथ सियासी घमासान की बागडोर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

- दोनों वर्गों को साधने के लिए राष्ट्रीय दलों का गणित हुआ तेज
- छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से महिला मतदाता अधिक

महिला मतदाताओं की संख्या में कितना हुआ इजाफा

जिला	2019	2024	कुल वृद्धि
अल्मोड़ा	2,57,573	2,60,529	2,956
पिथौरागढ़	1,84,143	1,85,292	951
बागेश्वर	1,02,701	1,06,647	3,946
चंपावत	91,090	98,209	7,119
कुल	6,35,705	6,50,677	14,972

चारों जिलों में युवा मतदाताओं की स्थिति

18 से 19 साल	21,000 से अधिक
20 से 29 साल	2,60,000 के पार
30 से 39 साल	3,37,000 के ऊपर

लोकसभा चुनावों की तिथि और मुख्य राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब सियासी दलों ने भी अपने राजनीतिक दावपेच चलने शुरू कर दिए हैं। कुमाऊं के चार पहाड़ी जिलों वाली अल्मोड़ा लोकसभा सीट की बात करें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही रहा है। इसलिए इस बार भी दोनों राष्ट्रीय दल एक दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयार बैठे हैं। अगर बात सत्ता की बागड़ोर की करें तो इस सीट पर इसका फैसला यहां की महिला और युवा मतदाता करेंगे। क्योंकि चार इस सीट पर सबसे अधिक संख्या महिला और युवा मतदाताओं की है।

हिमालयन रीजन की अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर इस बार कुल 13,59,815 मतदाता हैं। जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 6,50,677 है। जो करीब कुल मतदाताओं का 48 फीसद के आसपास है। चौदह विधानसभाओं वाली इस सीट में से छह विधानसभाएं ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से काफी अधिक है। इससे भी मजबूत स्थिति इस सीट पर अलग-अलग आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की भी है। ऐसे में इन दो वर्गों का रुझान जिस दल की तरफ सबसे अधिक होगा। जीत का परचम लहराने में उसी दल को कामयाबी मिलेगी। इसलिए सियासी दलों की नजर महिला और युवा मतदाताओं पर सबसे अधिक है। सियासी दल इन चुनावों के प्रति महिलाओं और युवाओं में उत्साह जगाने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

इस चुनाव में बढ़ गई 15 हजार के करीब महिला मतदाता

अल्मोड़ा सीट पर इस बार कुल 6 लाख 50 हजार से अधिक महिला वोटर्स हैं। यह आंकड़ा बीते लोकसभा चुनावों को देखते हुए तकरीबन 15 हजार अधिक है। अल्मोड़ा जिले में 2,60,529 महिला मतदाता हैं। पिथौरागढ़ जिले में 1,85,292, बागेश्वर जिले में 106647 और चंपावत जिले में 98209 महिला मतदाता हैं। सबसे कम महिला मतदाता वाले जिले चंपावत में पिछली बार के बजाय इस बार सबसे अधिक 7119 महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

चार दशक पहले बदली राजनीति फिर पटरी पर नहीं लौटी

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- अयोध्या के इर्द गिर्द घूमती रही सूबे की सियासत
- आंदोलन के समांनांतर चला जातीय सियासत का दौर
- भगवा संग विकास ने बदल दी सियासी तस्वीर

अमृत विचार: चार दशक पहले प्रदेश की राजनीति बदली तो फिर पटरी पर नहीं लौटी। सत्ता और सियासत, अयोध्या के इर्द-गिर्द घूमती रही। कई उतार-चढ़ाव आए। राम मंदिर आंदोलन के समांनांतर जातीय सियासत का दौर चला तो सत्ता आती-जाती रही। तीन दशक तक प्रदेश की सियासत में पहले जैसी स्थिरता नहीं रही। भगवा संग विकास ने एक बार फिर प्रदेश को सियासत की नई दिशा दी है।

सियासी उथल-पथल का यह दौर अयोध्या से ही शुरू होता है। राम मंदिर निर्माण को लेकर साल 1984 में अयोध्या से दिल्ली के लिए रथयात्रा निकली। उस दौरान प्रदेश में प्रचंड बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार थी। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के चलते यात्रा रोकनी पड़ी, लेकिन आंदोलन की तासीर गर्म ही रही। उन दिनों कांग्रेस के साथ जनता दल की रस्साकशी शुरू हो गई थी। 1989 में प्रदेश के चुनाव में मंदिर आंदोलन और मंडल कमीशन की सियासत कुछ इस तरह गरमाई की विधानसभा चुनाव में जनता दल 208 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस को झटका लगा। वह 54 पर ठहर गई। बीजेपी का 57 सीटों के साथ उदय हुआ। मंदिर आंदोलन परवान चढ़ा। अयोध्या छावनी बनी। 30 अक्टूबर व 2 नवंबर 1990 की घटनाओं ने कई मायनों में नया इतिहास रच दिया। जनमानस को झकझोरा।

वर्ष 1991 के चुनाव में रामलहर ने भाजपा को 425 में से 221 सीटों तक पहुंचा दिया। जनता दल जेडी 92 पर सिमट गई। यह दौर आंदोलन के चरम का था। राजनीति के महारथियों ने आंदोलन से उपजी सहानुभूति को रोकने की कोशिश शुरू कर दी। जातीय सियासत के चलते बसपा और सपा का प्रभाव बढ़ा। 1996 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखा। आंदोलन के बावजूद भाजपा 174 पर ठहर गई। सपा के 110 के साथ बसपा ने 67 सीटें हथिया लीं। साझा सरकारों का दौर शुरू हुआ। सत्ता की चासनी में सियासत करवट लेने लगी। अयोध्या के मंदिर आंदोलन से शुरू हुए दो ध्रुव भाजपा और सपा के साथ बसपा कदमताल करने लगी। 2002 का चुनाव आते-आते जातीय समीकरणों ने भगवा ब्रिगेड को 88 सीटों पर समेट दिया। आमने-सामने सपा और बसपा आ गईं। सपा के 143 के सामने बसपा 98 सीटों के साथ खड़ी हो गई। वोटों के आंकड़ें बताते है कि अंतरधारा में अयोध्या आंदोलन का प्रभाव बरकरार रहा, लेकिन बसपा की जातीय सियासत ने पांच साल में सपा को भी पीछे छोड़ दिया। नए ध्रुव के रूप में 2007 में बसपा 206 सीटों के साथ सत्ता में पहुंच गई। राम मंदिर आंदोलन के साथ खड़ी भाजपा 51 पर और विरोध करने वाली सपा 97 पर ठहर गई, लेकिन राजनीति की अंतरधारा में इन दोनों के टकराव ने अयोध्या को केंद्र में बनाए रखा। जातीय समीकरण के साथ आंदोलन पर सपा के रुख का प्रभाव बढ़ गया। 2012 में सपा सत्ता की शीर्ष पर फिर एक बार पहुंच गई। उसे 224 सीटों का स्पष्ट बहुमत मिला गया। 80 सीटों के साथ बसपा सत्ता से फिसल गई। 1991 में 221 सीटें हथियाने वाली भाजपा 47 पर आ गई।

क्रिकेट के खेल और राजनीति में कुछ भी संभव है। यह 2017 के विधानसभा चुनाव में दिखा। राम मंदिर आंदोलन की पृष्टभूमि और विकास के नए नारे ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्तासीन कर दिया। असर यह हुआ कि 2017 में एक बार फिर भाजपा को प्रदेश में सत्ता शीर्ष तक पहुंच गई। ऊफान पर चढ़ी जातीय सियासत जमीन की ओर लुढ़कने लगी। सत्ता में रहने वाली सपा 47 सीटों पर सिमटी तो बसपा का हाल इससे भी खराब रहा, वह 19 पर अटक गई। विकास और भगवा का चटख रंग न केवल केंद्र बल्कि प्रदेश में बरकरार रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भगवा बिग्रेड 255 सीटों के साथ सत्ता पर काबिज रह गई। सपा 111 तक पहुंच पाई। बसपा परिदृश्य से ओझल होने की स्थिति में पहुंचने लगी। 90 के दशक के पहले राजनीति के एक ध्रुव पर कांग्रेस और दूसरे ध्रुव पर विपक्षी हुआ करते थे लेकिन अयोध्या की सियासी ऊर्जा ने कांग्रेस और विपक्ष के बीच होने वाली सियासी जंग को अतीत की बात तक सीमित कर दिया। 40 साल बाद भी उत्तर प्रदेश की राजनीति उस दौर में नहीं लौट पाई।

लोस चुनाव के लिए आयकर विभाग का नियंत्रण कक्ष

नई दिल्ली

चुनाव आयोग को चुनाव में काले धन के उपयोग को रोकने के लिए सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत आयकर विभाग निवासियों को लोकसभा आम चुनाव, 2024 में स्वच्छ और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए राजधानी दिल्ली में सातों दिन और चौबीस घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है और टॉल फ्री नंबर जारी किया जिसके माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आयकर निदेशालय (अन्वेषण), दिल्ली ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संभावित / संदिग्ध बेहिसाब नकदी, सर्राफा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए एनसीटी दिल्ली में कई व्यवस्थाएं की हैं। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के संबंध में, अन्य उपायों में, निदेशालय ने सिविक सेन्टर, नई दिल्ली में नियंत्रण कक्ष खोला है एवं एक टोल-फ्री नंबर 1800112300, लैंडलाइन नंबर 011-23232312/31/67/76 और मोबाईल नंबर 9868168682 भी जारी किया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति एनसीटी दिल्ली में बेहिसाब नकदी, बूलियन और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की संदिग्ध आवाजाही/वितरण के संबंध में आयकर विभाग से बातचीत कर सकता है और जानकारी भी दे सकता है। निवासी टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, और फोन करने वाले को नियंत्रण कक्ष के समक्ष किसी भी व्यक्तिगत विवरण, जैसे नाम या पहचान के अन्य विवरण, का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि प्राप्त जानकारी विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य हो।

नियंत्रण कक्ष आदर्श आचार संहिता की संपूर्ण अवधि के दौरान दिल्ली में क्रियाशील रहेगा यानी आम चुनाव, 2024 की घोषणा की तारीख से, जब तक दिल्ली में ये खत्म नहीं हो जाते। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के साथ नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे दिल्ली एनसीटी के संबंध में, प्रासंगिक जानकारी उपर्युक्त नंबरों के माध्यम से निदेशालय से साझा करके, अपनी सहायता प्रदान करे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। (एजेंसी)

सार-संक्षेप

लधिया नदी में डूबने से किशोर की मौत

टनकपुर : टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे चल्थी की लधिया नदी में एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। गुजरात के एक होटल में काम करने वाला किशोर एक सप्ताह पूर्व ही घर आया था। उसकी मौत से परिवार में मातम पसर गया। चम्पावत के सिन्याड़ी गांव का रहने वाला 17 वर्षीय दीपक सिंह बोहरा अपने भाई और कुछ साथियों के साथ बुधवार को चम्पावत से 39 किलोमीटर दूर चल्थी की लधिया नदी में नहा रहा था। नहाते समय दीपक अनियंत्रित होकर नदी में बह गया। भाई और अन्य साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाये। सूचना पर पहुंची चल्थी पुलिस के जवानों ने दीपक को नदी से निकाल कर तुरंत टनकपुर उप जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. मोहम्मद उमर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही दीपक की मौत हो गई थी। मृतक के भाई गणेश ने बताया कि दीपक गुजरात में एक निजी होटल में काम करता था और पिछले सप्ताह ही छुट्टी लेकर घर आया था। मृतक दीपक के पिता मान सिंह बोहरा और बड़ा भाई सिन्याड़ी में ही दुकान चलाते हैं। जबकि मां गृहणी हैं। इधर एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

मृतक दीपक सिंह।

अज्ञात वाहन ने दो कारों को मारी टक्कर

अल्मोड़ा : नगर के लोअर माल रोड में मंगलवार की रात जल निगम कॉलोनी के पास एक अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे खड़ी दो कारों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन स्वामियों ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस को दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर रात्रि के समय कुछ असामाजिक तत्व सड़कों के किनारे या घरों के बाहर खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ माह पहले घरों के बाहर खड़े वाहनों के शीशे तोड़कर उन्हें नुकसान पहुंचाया गया था। जबकि अब मंगलवार की रात फिर किसी वाहन ने दो कारों को नुकसान पहुंचाया है।

दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी दबोचा

अल्मोड़ा : पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को हल्द्वानी से गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी विमल प्रसाद ने बताया कि 25 जनवरी को लमगड़ा निवासी एक युवती ने विकास नेगी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। मामला पंजीकृत होने के बाद पुलिस टीम गठित की गई। तफ्तीश के दौरान सर्विलांस की मदद और ठोस जानकारी के साथ विकास नेगी (26) पुत्र शिवराज सिंह नेगी निवासी नयाबाद मुखानी हल्द्वानी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। टीम में महिला उप निरीक्षक मीना आर्या, माया देवी व अनिल कुमार मौजूद रहे।

बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार

टनकपुर : पूर्णागिरि मार्ग से लगे राउमा विद्यालय उचौलीगोठ में बंदरों के आतंक से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई चौपट हो गई है। वहीं गांव में बंदर किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस संबंध विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने शारदा वन रेंज के वनाधिकारी पीसी जोशी को ज्ञापन देकर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन में कहा है कि बंदर आये दिन विद्यालय के कमरों में घुसकर जमकर उत्पात मचा रहे हैं। वहीं गांव में ग्रामीणों की गेहूं की फसल और सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रभारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रताप, गणेश सिंह महर, आनंद महर, राजू भट्ट, नित्यानंद भट्ट, हयात सिंह महर, डूंगर सिंह महर, अशोक सिंह महर आदि शामिल रहे।

रेंजर जोशी को ज्ञापन देते जनप्रतिनिधि।

चाकू के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर : कपकोट पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। तिमलाबगड़ के पास एक युवक के पास चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गोविन्द सिंह मर्तोलिया पुत्र नन्दन सिंह मर्तोलिया निवासी तिमलाबगड़ थाना कपकोट बताया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

आयोग ने सोसायटी को दिए धनराशि देने के आदेश

बागेश्वर : जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कैमुना क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी को जमा धनराशि दोगुनी और ब्याज समेत देने के आदेश दिए हैं। डेढ़ माह के भीतर धनराशि, मानसिक वेदना क्षति तथा वाद व्यय नहीं देने पर वसूली व दंडात्मक कार्रवाई होगी। बागेश्वर निवासी बीना गोस्वामी ने कैमुना क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के विरुद्ध वाद दायर किया था। जिसमें कहा था कि उन्होंने वर्ष 2017 में 2,25000 रुपये जमा किए थे। धनराशि दोगुना करने का झांसा दिया गया, लेकिन अभी तक धनराशि नहीं मिल सकी है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मंगलवार को मामले में सुनवाई की करते हुए सोसायटी को 2.25 लाख रुपये को दोगुना तथा आठ प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज पर भुगतान करने आदेश पारित किए। धनराशि एकमुश्त देनी होगी। इसके अतिरिक्त आयोग ने परिवादिनी को 20 हजार रुपये मानसिक वेदना और 10 हजार रुपये वाद व्यय के अलग से देने का निर्णय दिया। डेढ़ माह के भीतर आदेश का अनुपालन नहीं करने पर विपक्षी के विरुद्ध वसूली एवं दंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल, सदस्य हंसी रौतेला, रमेश चंद्र सनवाल ने पारित किया।

स्वयंसेवियों ने की प्राचीन नौलों की सफाई

खड़गोली गांव में नौलों की सफाई करते स्वयंसेवी।

रानीखेत : सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने खड़गोली गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया। साथ ही प्राचीन नौलों की भी सफाई की। ग्रामीणों को बताया कि पलायन की दंशता व ग्रामीणों की अपेक्षा के कारण आज नौले लुप्त हो गए हैं। जबकि इनके संरक्षण से जल संकट से बचा जा सकता है। इस दौरान नीरज तिवारी, हिमांशु तिवारी, भाष्कर पांडे, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. पारुल भारद्वाज, डॉ. कमला, मनीष मौजूद रहे।

होली खेलें गिरजापति नंदन...

चीर बंधन के साथ होल्यारों पर चढ़ने लगा फाग का रंग, गांव-घरों में होली गायन शुरू

अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में चीर बंधन में भाग लेते होल्यार। ● अमृत विचार

बागेश्वर कपकोट में चीर बंधन करते होल्यार। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा/बागेश्वर

अमृत विचार : एकादशी पर रंग पड़ने और चीर बंधन के साथ जिले में खड़ी होली गायन का आगाज हो गया है। होल्यारों की टीम गली मोहल्लों और गांव घरों में जाकर पारंपरिक होलियों का गायन कर रहे हैं। जिससे होली का माहौल उल्लासमय हो गया है।

बुधवार को विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मंत्रोच्चार एवं शंखनाद के साथ चीर बंधन किया गया। जिसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ चीर की मंदिर परिसर की परिक्रमा कराई गई। वहीं भक्तों ने नाचते हुए पूरे बाजार मार्ग में चीर की शोभायात्रा निकाली। चीर बंधन के साथ ही अब नगर और ग्रामीण इलाकों में खड़ी होली शुरू हो गई है। जिला मुख्यालय के पांडेखोला, जौहरी बाजार, कर्नाटकखोला, पलटन बाजार, दुगालखोला, थाना बाजार, जोशीखोला, थपलिया, सरकार की आली, खोल्टा, पूर्वी पोखरखाली, राजपुरा, लाला बाजार, गुरुरानीखोला में भी बुधवार को चीर बांधी गई। जिसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, चौखुटिया, द्वाराहाट, लमगड़ा, भैंसियाछाना, धौलादेवी और सोमेश्वर कस्बों में भी एकादशी से होली की धूम मचना शुरू हो गई है। पुरुष और महिला होल्यारों की टीम घर-घर जाकर होली गायन कर रही हैं।

इधर, बागेश्वर में एकादशी के अवसर पर बुधवार को नगर समेत कांडा, कपकोट, गरुड़, काफलीगैर आदि स्थानों में होली शुरू हो गई। लोगों ने सुबह 11 बजे से पहले घरों में मंदिर में अबीर-गुलाल चढ़ाया। इसके बाद एक-दूसरे को होली की बधाई दी। वहीं होल्यारों की टोलियां मंदिरों में पहुंची जहां सामूहिक रूप से होली गायन किया गया। गरुड़ के कोट भ्रामरी मंदिर आदि स्थानों में चीर बंधन किया गया। कपकोट में शिवालय वार्ड के अखाड़े में पं. अमित जोशी ने मंत्रोच्चार करते हुए चीर बंधन किया। इस दौरान होल्यारों ने सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन, होली खेलें गिरिजापति नन्दन...व हरिया पीपल द्वार सोहे आदि होलियां गाई। इस मौके पर बसंत बल्लभ जोशी, रमेश जोशी, गणेश उपाध्याय, कैप्टन हरीश कपकोटी, चंद्र सिंह कपकोटी, गजेंद्र, नवीन, तारा कपकोटी, हरीश कपकोटी, जगदीश जोशी, अनिल जोशी, मनोज, हीरा बल्लभ जोशी आदि मौजूद रहे।

शिक्षिकाओं व छात्रों ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

रानीखेत : राजकीय आदर्श बालिका इंटर कॉलेज में आमलकी एकादशी के अवसर पर शिक्षिकाओं व छात्रों ने होली उत्सव धूमधाम से मनाया। संगीत शिक्षिका मीनाक्षी उप्रेती जोशी के नेतृत्व में एक पल ऐसी भी, चले संस्कृति की ओर के तहत छात्राओं को संस्कृति से जोड़ने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों ने होली गायन का प्रारंभ सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन गीत से किया। इसके बाद राग यमन, काफी, खमाज, भैरवी पर आधारित अंबा के भवन में विराजे होली, दयया मैंने कहु ना कहीं, मोहे सांवरे ने गारी देयी आदि होलियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिखा राज ने किया गया।

रानीखेत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में होली गायन करती छात्राएं।

बैरती कालिकाथान में हुआ चीर बंधन

बैरती (अल्मोड़ा) : आमलकी एकादशी तिथि के अवसर पर बुधवार को देवी मंदिर कालिकाथान में होली ध्वजारोहण (चीर बंधन) हुआ। इसके साथ ही क्षेत्र में पुरुष व महिला होली बैठकों का दौर शुरू हो गया। देवी मंदिर में बैरती, सेलागढ़ी, गैराड़, ककनर, उलैनी, भैनर आदि से पहुंचे होलियारों ने सिद्धि को दाता बिघ्न विनाशन, होली खेलें गिरिजापति नंदन... की स्तुति से होली गायन शुरू किया। साथ ही मंदिर की परिक्रमा करते हुए अन्य होलियां भी गायीं। गुरुवार से होलियारों की टोलियां क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घूमकर दिन-रात की बैठकों के साथ होली गायन-वादन करेंगी।

भाजपा 22, कांग्रेस 27 को कराएगी नामांकन

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के नामांकन में शामिल होंगे सीएम धामी समेत कई मंत्री

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद अब सियासी दलों में नामांकन के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस पार्टी के बीच है। बुधवार को निर्वाचन प्रक्रिया आरंभ होने के बाद दोनों दलों ने नामंकन की तैयारियां तेज कर दी हैं।

भाजपा ने अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर अपने अधिकृत प्रत्याशी अजय टम्टा के नामांकन के लिए 22 मार्च की तिथि तय की है। पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि टम्टा के नामांकन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा व लोकसभा प्रभारी सुरेश भट्ट के अलावा कई अन्य कद्दावर नेता प्रतिभाग करेंगे। इसी दिन सीएम धामी नगर के रैमजे इंटर कॉलेज में एक चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। इधर, कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद नामांकन के लिए 27 मार्च की तिथि का ऐलान किया है। कांग्रेस पार्टी के नामांकन कार्यक्रम में कौन कौन दिग्गज शामिल होंगे, अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है।

ऊधमसिंह नगर के पांच युवकों पर लगा गैंगस्टर

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ सल्ट क्षेत्र में गांजा तस्करी के दौरान किए थे गिरफ्तार

अमृत विचार : बीते दिन चेकिंग के दौरान गांजा तस्करी करते पकड़े गए ऊधमसिंह नगर के पांच युवकों पर अल्मोड़ा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यह कार्रवाई डीएम विनीत तोमर और एसएसपी देवेंद्र पींचा की संस्तुति पर की है।

सल्ट थानाध्यक्ष अजेंद्र कुमार ने बताया कि बीते दिन सल्ट पुलिस की टीम डोटियाल मार्ग पर चेकिंग कर रही थी इसी दौरान कालीगांव के पास पैदल आ रहे पांच युवकों को संदेह के आधार पर रोककर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया हुआ। बताया कि पांचों युवक गौरव कुमार, अमन कुमार, अजय कुमार, जिशान अंसारी, मो. शौकीन ऊधमसिंह नगर के निजामगढ़, पतरामपुर, जसपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि पांचों अभियुक्त गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी में पहले से लिप्त रहे हैं। जिसमें गौरव कुमार गैंग को संचालित करता था। जांच में सामने आया है कि पांचों नशा तस्करी के साथ स्थानीय युवाओं को नशे की गर्त में धकेल रहे हैं। आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसलिए उच्च अधिकारियों की संस्तुति के बाद पांचों अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है।

गौरेया संरक्षण के लिए करने होंगे समवेत प्रयास

एसएसजे में आयोजित गोष्ठी में मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ एसएसजे के रसायन विज्ञान विभाग में हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन

अमृत विचार : गौरेया दिवस के मौके पर सोबन सिंह जीना विवि के रसायन विभाग में बुधवार को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने गौरेया के संरक्षण के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने पर जोर दिया।

पूर्व कुलपति प्रो. नरेंद्र भंडारी ने कहा कि पूर्व में पहाड़ों के निवासी प्रकृति के साथ बहुत आत्मीयता से व्यवहार करते थे। विकास के फलस्वरूप गौरैया के घर टूट गए और गौरैया के आवास छिन गए। गौरैया के घोंसले टूटने से उनकी प्रजाति लुप्त होने लगी। भंडारी ने कहा हमें प्रकृति के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए, जिससे कि प्रकृति में असंतुलन हो पैदा हो और किसी भी जीव को अपने अस्तित्व के लिए छटपटाना पड़े। विवि के कुलसचिव डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पर्यावरण के साथ गौरेया का बहुत गहरा संबंध रहा है। विवि स्तर से पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। इससे पूर्व गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. भंडारी, रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. गिरीश चंद्र साह, प्रो. सुशील कुमार, मोहन रावल, डा. देवेंद्र बिष्ट, डा. प्रियंका, डा. देवेंद्र धामी, डा. राजेश राठौर ने संयुक्त रूप से किया। गोष्ठी में डॉ. ललित जोशी, डॉ. राजेश कुमार, रवींद्र कनवाल, गीता रावत, मोहन ढैला, चंदन आदि मौजूद रहे।

पूर्व सैनिक की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

बागेश्वर : बैजनाथ थाना अंतर्गत एक पूर्व सैनिक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। बागेश्वर के भयेड़ी गांव निवासी पूर्व सैनिक दिनेश चंद्र भट्ट पुत्र स्व. केशव दत्त भट्ट सात माह पूर्व ही सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह गरुड़ में किराये के मकान में रहते थे। पुलिस के अनुसार विगत रात्रि उनका अपनी पत्नी दया भट्ट से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। वह नशे में थे। घर के आंगन में रखी ईंटों से वह परिजनों पर वार करने लगे। परिजनों ने बचने के लिए दरवाजे बंद कर दिए। इस बीच वह बाहर से ही चिल्लाने लगे। लेकिन कुछ देर बाद उनकी आवाज बंद हो गई। सीएचसी बैजनाथ से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, मृतक के पुत्र राहुल कुमार ने बैजनाथ थाने में तहरीर देकर मामले की जांच की मांग की है। वहीं मृतक के भाई प्रकाश चंद्र भट्ट ने पुलिस को मृतक की पत्नी दया भट्ट, पुत्र राहुल भट्ट, पुत्री भावना व गंगा तथा रिश्तेदार दीपू के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वर्ग पहेली-16

बाएं से दाएं

2.1. वह सफ़ेद या हलका पीला तरल पदार्थ जो गाय भैंस से प्राप्त होता है
3.1. खुरखुर शब्द होना 2. छूने में ऊबड़-खाबड़ या खुरखुरा लगना।
4.1. गोश्तख़ोर, मांसाहारी 2. 'निरामिषभोजी' का विलोम।
8. दे. तलुवा।
10.1. पेंदी 2. हाथ और पैर का तल 3. तलवा 4. तलछट।
11.1. चिह्न लगाने वाला 2. हिसाब लिखने वाला, आंकने वाला, मूल्य निरूपक 3. गिनती करने वाला, गणक 4. चिह्न या निशान लगाने का यंत्र।

ऊपर से नीचे

1. गंगा, भागीरथी।
5.1. वधिक, ज़ल्लाद 2. बहेलिया, चिड़ीमार।
6.1. धनुष 2. रुई धुनने वाला यंत्र, धुनकी।
7.1. दोस्त, मित्र, साथी 2. प्रेमी 3. पति।
9.1. मिट्टी के बरतनों पर चमक लाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला एक चमकीला रोगन या वार्निश 2. आग की लपट, लौ, ज्वाला, चिनगारी।



वर्ग पहेली -15 का हल

				1 सी	2 सा	
3 अ	4 भ	या		5 चं		र
	ड़		6 पं	च	को	सी
7 म	क	ड़	जा	ल		
	दा		बी			8 पु
9 फ़ि	र	क़ा				छा
			10 स	नी	च	र

सुडोकू-95

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8				2			6
		7				4		1
	6				5		9	
6			4					5
9								7
	3			7	9			
8			6				7	
		3				2		
4			9				8	

सुडोकू -94 का हल

1	6	5	9	4	2	7	3	8
4	3	7	8	6	5	1	2	9
9	2	8	1	3	7	5	4	6
6	5	2	4	8	9	3	7	1
8	7	1	5	2	3	9	6	4
3	9	4	6	7	1	8	5	2
5	8	6	7	1	4	2	9	3
7	4	3	2	9	8	6	1	5
2	1	9	3	5	6	4	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-द्वादशी 22 मार्च 04.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 22 मार्च 01.27 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। उच्च अधिकारी आपकी निष्ठा की सराहना करेंगे। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे। आपके विचारों को समाज में ख्याति मिलेगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करें।

वृष — आज धन-सम्मान और कीर्ति में वृद्धि होगी। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आपके मन में एक साथ कई सारे विचार जन्म लेंगे। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती है।

मिथुन — आज अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में आनंद बढ़ेगा। धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। मित्रों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। पैतृक व्यवसाय में अच्छी उन्नति होने के योग बन रहे हैं।

कर्क — आज आप एकांत में रहने का प्रयास करेंगे। व्यापार की परिस्थितियों में सुधार होगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। मांसपेशियों में जकड़न होने की संभावना है। प्रेम संबंधों को विवाह की सहमति मिल सकती है।

सिंह — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं रहेगी। निजी रिश्तों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। हिंसात्मक विचारों से आपको बचना चाहिए। जॉब में लक्ष्य को समय को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

कन्या — आज क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। वाहनों के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवार के सदस्य आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। इसका दबाव भी आपके ऊपर काफी ज्यादा रहेगा। कारोबार को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

तुला — आज व्यापार में नए सौदे कर सकते हैं। जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेंगे। करियर में आप बदलाव का विचार बना सकते हैं। लोग आपकी प्रतिभा के कायल रहेंगे। आपको कोई प्रपोज कर सकता है।

वृश्चिक — आज पिता आपके प्रति गर्व का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। लव लाइफ का तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। बड़े अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

धनु — आज आपके मन में यह धारणा उत्पन्न हो सकती हैं कि लोग आपसे झूठ बोल रहे हैं। बेकार की बातों में अपना समय बर्बाद न करें। परिजनों से किसी कारण बहस हो सकती है। करियर में उतार-चढ़ाव की सम्भावना है।

मकर — आज आलस्य को अपने ऊपर हावी न होने दें। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर दुविधा की स्थिति उभर सकती है। यदि आप कुछ नया सीखने के इच्छुक हैं तो समय बेहतरीन है। अप्रिय व्यक्तियों के कारण आपका मूड खराब हो सकता है।

कुंभ — आज कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपके लिए काफी सहयोगी रहेगा। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से उत्तम है। आय के कई स्रोत बन सकते हैं।

मीन — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर प्राप्त होगा। आप किसी सहयोगी कर्मचारी के ऊपर कुपित हो सकते हैं। अहंकार के कारण आपसे मित्र एवं संबंधी दूर हो सकते हैं। अनुभवी व्यक्ति आपका सही मार्गदर्शन कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
आखरी गुलाम — दोपहर : 12.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY MAX
सूरमा — सुबह : 09.52
पीकू — रात : 07.00

SONY PIX
रश ऑवर 3 — सुबह : 09.21
द वॉटर हॉर्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
सरफरोश — सुबह : 09.15
घायल : वन्स अगैन — रात : 08.55

colors CINEPLEX
आरक्षण — सुबह : 11.25
देवदास — रात : 07.04

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का स्कूल से जल्दी घर आ गया।
दादा- क्या हुआ बेटा, तुम बहुत जल्दी घर आ गए।
लड़का- हां दादा, मैंने एक मच्छर को मारा तो टीचर ने भगा दिया।
दादा- तुम सच बोल रहे हो, एक मच्छर मारने के लिए स्कूल से भगा दिया।
लड़का- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा हुआ था।

टीचर- क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
मोटू- क्योंकि पता नहीं एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाए।
मोटू की बात सुनकर टीचर की बोलती हो गई बंद।

जीपीएस से रखी जाएगी ईवीएम व वीपीपैट पर नजर

जितनी बार भी ईवीएम का किसी कार्य के लिए होगा इस्तेमाल उतनी बार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों या प्रत्याशियों को बुलाया जाएगा

चुनाव

- 25 हजार ईवीएम और 20 हजार वीवीपैट का होगा प्रयोग
- पारदर्शिता के लिए कदम उठा रहा राज्य निर्वाचन कार्यालय

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम और वीवी पैट पर जीपीएस से नजर रखी जाएगी। जिन वाहनों में इन मशीनों को रखा होगा, उनमें जीपीएस लगाया जाएगा। ईवीएम के उपयोग संबंधी जितने भी कार्य होंगे, उनमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा। साथ ही ईवीएम को मतदान केंद्रों में भेजने से पहले भी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन्हें सील किया जाएगा।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए तकरीबन 25 हजार ईवीएम और 20 हजार से अधिक वीवीपैट मशीनें हैं। वीवी पैट मशीन पर मतदाता यह देख सकता है कि जो वोट उसने डाला है, वह किसे गया है। अमूमन चुनाव में हार के बाद प्रत्याशी ईवीएम मशीनों पर सवाल उठाते हैं। इसे देखते हुए मुख्य राज्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लगातार ईवीएम के इस्तेमाल में पूरी पारदर्शिता बरतने के लिए कदम उठा रहा है।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जीपीएस लगे वाहन अथवा मोबाइल एप आधारित जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से ईवीएम और वीवीपैट की आवाजाही पर निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए वेब पोर्टल अथवा मोबाइल एप से ईवीएम और वीवीपैट की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में ईवीएम नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। यहां से ईवीएम वाले वाहनों पर लगातार नजर रखी जाएगी और इसकी रिकार्डिंग भी होगी, जिससे यह पता चल सकेगा कि वाहन किस रास्ते से कहां तक गए हैं।

इतना ही नहीं, जितनी बार भी ईवीएम का किसी कार्य के लिए इस्तेमाल होगा, उतनी बार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों या प्रत्याशियों को बुलाया जाएगा। चाहे मशीनों के जरिये डेमो देना हो अथवा मशीनों की सीलिंग करनी हो, इन सब गतिविधियों के दौरान राजनीतिक दलों को बाकायदा पत्र भेजकर आमंत्रित किया जाएगा।


देहरादून सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के साथ स्टेट आइकॉन। ● अमृत विचार

लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें स्टेट आइकॉन

देहरादून, अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बुधवार को सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में राज्य के स्टेट आइकॉन के साथ बैठक की। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी स्टेट आइकॉन से मतदाता जन-जागरूक कार्यक्रम को और भी व्यापक रूप से मतदाताओं तक पहुंचाने के अपील की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को प्रदेश में मतदान होना है, ऐसे में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान स्थल तक लाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना होगा। बैठक में पद्मश्री डॉ. प्रीतम भरतवाण, डॉ. कल्याण सिंह रावत, बसंती बिष्ट एवं डॉ. माधुरी बर्थवाल ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास, मुक्ता मिश्रा एवं स्टेट नोडल ऑफिसर (स्वीप) मोहम्मद असलम उपस्थित रहे।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के हो रहे प्रयास

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के 83 लाख 21 हजार 207 मतदाताओं को मतदान के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। अब तक 34.94 लाख मतदाता मतदान की शपथ ले चुके हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए अब तक कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य में 18 से 19 वर्ष के 1.45 लाख फर्स्ट टाईम वोटर्स को जोड़ा गया है, जो प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथ लेवल पर मतदाताओं को लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए सभी 11729 बूथों में बूथ लेवल इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में कल 2290 मामले दर्ज किये गये हैं।

प्रेस ब्रीफिंग करतीं नमामि बंसल।

मोदी, योगी, शाह व स्मृति हो सकते हैं स्टार प्रचारक

ब्यूरो, देहरादून

- केंद्रीय नेतृत्व से किया सूची में शामिल करने का अनुरोध
- प्रदेश अध्यक्ष बोले-पांचों सीटों पर होगी प्रत्याशियों की जीत

अमृत विचार : भाजपा ने राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष जपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी तथा स्मृति ईरानी और राजनाथ सिंह को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल करने का अनुरोध केंद्रीय नेतृत्व से किया है।

यह जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दावा किया कि प्रदेश की सभी पांच सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए भट्ट ने बताया कि प्रदेश द्वारा केंद्रीय नेतृत्व से अपेक्षित स्टार प्रचारक प्रचारकों की सूची के लिए अनुरोध भेज दिया गया है। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ ही यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम प्रमुखता से शामिल है। इसी प्रकार संगठन द्वारा लोकसभा स्तर पर होने वाली रैलियां, सभाओं एवं रोड शो को लेकर कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया गया है। लिहाजा जैसे ही केंद्र से स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय होंगे, रणनीति को अमल में लाना शुरू कर दिया जाएगा। भट्ट ने कहा कि पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो चुका है। पार्टी में लोगों को शामिल करने को लेकर पूछने पर प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि गुरुवार को पार्टी में पिछली बार विधानसभा चुनाव लड़ने वालों के साथ ही कई पूर्व विधायक भी पार्टी में शामिल होंगे। कांग्रेसी नेताओं के पार्टी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कटाक्ष किया कि जिस तरह सरकार ऐतिहासिक कानून लाकर देश में नजीर पेश कर रही है, ठीक उसी तरह कांग्रेस भी समाप्ति की और बढ़ रही है। लिहाजा कांग्रेस मुक्त उत्तराखंड होना अब निश्चित है। कांग्रेस में प्रत्याशी तय करने में हो रही देरी पर चुटकी लेते हुए भट्ट ने कहा, हालांकि यह उनका अंदरूनी मामला है लेकिन मुझे विश्वास है शीघ्र ही जमानत जब्त होने वाले नाम भी सामने आ जाएंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चुनाव परिणामों से डरे हैं और इसीलिए वहां मैं नहीं मैं नहीं लड़ूंगा की लड़ाई चल रही है।

अधिकारियों को दिया ईवीएम व वीवीपैट का प्रशिक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए बुधवार को एसएसजे परिसर के ऑडिटोरियम और उदयशंकर नाट्य अकादमी में जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर के निर्देशन में पीठासीन और मतदान अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्मिकों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की रीढ़ पीठासीन और मतदान अधिकारी होते हैं। लोकतंत्र में निर्वावन अति महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए इसे शांतिपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान कार्मिक को प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन-ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। नोडल अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने भी कार्मिकों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने की बात कही।

निर्वाचन के प्रथम चरण के प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कार्मिक। ● अमृत विचार

चुनाव को लेकर मेडिकल बोर्ड का गठन

टनकपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी चम्पावत केके अग्रवाल की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों जिन्हें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित समस्या है और निर्वाचन कार्य में उपस्थित होने में समस्या है। ऐसे कार्मिक 21, 22 एवं 23 मार्च को चम्पावत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्थापित मेडिकल बोर्ड में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं।

फ्लैग मार्च कर मताधिकार के लिए किया प्रेरित

बागेश्वर : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने आम जन को आचार संहिता का पालन करने व चुनाव में निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही असामाजिक व अराजकतत्वों को किसी प्रकार की अफवाह न फैलाने, शांति व कानून व्यवस्था को प्रभावित न करने की सख्त हिदायत दी।

जनता के सामने रखेंगे उपलब्धियां

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : प्रदेश में भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश के सभी जिलों में पत्रकार वार्ता कर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता के बीच रखेंगे। प्रदेश मीडिया सेंटर में हुई ब्रीफिंग में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने स्पष्ट किया कि तमाम सर्वे बता रहे हैं हम 60 फीसदी मतों से अर्थात फर्स्ट डिवीजन से पास हो रहे हैं।

लेकिन हमारा लक्ष्य 75 फीसदी मत हासिल करना है। हरिद्वार रोड स्थित लोकसभा चुनाव प्रदेश मीडिया सेंटर में जोशी ने बताया कि 17 अप्रैल तक समसामयिक राजनैतिक विषयों एवं पार्टी के आगामी चुनावी कार्यक्रमों की जानकारी यहां से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार अपना दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। लिहाजा पार्टी अपनी सरकार के जनकल्याणकारी और विकास कार्यों एवं ऐतिहासिक निर्णयों को लेकर जनता के बीच जाएगी। इसके लिए इस दिन प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेता पत्रकारों से संवाद करेंगे, जो लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस दौरान हम धामी सरकार के इन दो वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक एवं साहसिक निर्णयों की चर्चा जनता के बीच करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के निर्देशानुसार पार्टी के प्रवक्ता भी अगले चरण में सभी 19 सांगठनिक जिलों में मीडिया के माध्यम से संवाद करेंगे।

इसके अतिरिक्त गुरुवार से लोकसभा व जनपद स्तर के सभी मीडिया सेंटर संचालित होने शुरू हो जाएंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान एवं सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी भी मौजूद रहे।

कार्मिक निष्ठा से करें जिम्मेदारी का निर्वहन

चम्पावत में मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम का दिया प्रशिक्षण। ● अमृत विचार

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में लगे कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को भी जारी रहा। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी कार्मिक निर्वाचन को एक उत्सव मानकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें। बताया कि मतदान प्रक्रिया 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। कार्यक्रम में 387 कार्मिकों में से 383 कार्मिक उपस्थित रहे जबकि 4 अनुपस्थित रहे।

बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ें कार्मिकः पांडेय

टनकपुर : जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव संपन्न होने तक मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिये हैं। कहा कि कोई भी बिना पूर्व लिखित अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। अन्यथा कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

कार्यक्रम के दौरान पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

प्रॉसपेक्टिव ऑफ इन्क्लूसिव पुस्तक का विमोचन

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा निवासी डॉ. अशोक उप्रेती व काशीपुर निवासी डॉ. नीरज कुमार शुक्ला की प्रॉसपेक्टिव ऑफ इन्क्लूसिव एजुकेशन पुस्तक का विमोचन हो गया। कुमाऊं विवि नैनीताल के बुरांश सभागार में एनसीटीई सदस्य सचिव आईआरएस केसांग यांगजोम शेरपा, कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, आईटीईपी के विशेषज्ञ प्रो. आरसी पटेल, परिसर डायरेक्टर प्रो. नीता बोरा शर्मा, शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष और संरक्षक प्रो. अतुल जोशी व कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। इससे पूर्व डॉ. अशोक ने अपना शोध कार्य एसएसजे अल्मोड़ा के शिक्षा संकाय की संकायाध्यक्ष व विभागाध्यक्ष प्रो. भीमा मनराल के निर्देशन में संपन्न किया। कार्यक्रम में सूचना वैज्ञानिक प्रो. युगल जोशी, कुमाऊं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, डॉ. भूपेश चंद्र पंत, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. पुष्पा अधिकारी, डॉ. जीवन उपाध्याय, विनिता विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, शिखा रतूड़ी, वर्षा पंत, आकांक्षा शैली, तेज प्रकाश जोशी, दीपिका भट्ट आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश

इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे रामलला

- सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने तैयार किए दो खास हर्बल गुलाल
- गुरु गोरखनाथ को अर्पित फूलों से भी बनाया हर्बल गुलाल औषधीय गुणों से परिपूर्ण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराज रहे श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है। बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा। निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। यह प्रयास वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद है। संस्थान द्वारा श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या के लिए बौहिनिया प्रजाति जिसे आमतौर पर कचनार के नाम से जाना जाता है, के फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया है।

त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष था कचनार

कचनार को त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था और यह हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की सुस्थापित औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल आदि गुण भी होते हैं। इसी तरह, गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर में चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल को तैयार किया गया है। इन हर्बल गुलाल का परीक्षण किया जा चुका है और यह मानव त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है।

आरबीआई की करंसी चेस्ट में पहुंचे 5.91 लाख के जाली नोट

लखनऊ, अमृत विचार : जाली नोट बाजार में तो मिल ही रहे हैं। बाजार से होते हुए यह नोट आरबीआई के करंसी चेस्ट तक पहुंच गए हैं। जाली नोट की आपूर्ति करने वाले गिरोह देश को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। 14 माह में आरबीआई करेंसी चेस्ट से कुल 5.91 लाख रुपये के नकली नोट मिले हैं। नकली नोट मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर माह 49 हजार रुपये हो रहा आर्थिक नुकसान औसतन, आरबीआई के करेंसी चेस्ट से हर माह 49 हजार रुपये के जाली नोट निकल रहे है। एक्सपर्ट की मानें तो, बैंकों के एटीएम करेंसी चेस्ट से जाली नोट निकलने के बाद ग्राहक इन्हें बैंक शाखा को वापस कर देता है, जिसे बैंक शाखाओं की ओर से आरबीआई को भेजा जाता है।

घर के अंदर जिंदा जले दो मौसेरे भाई, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस हादसा और हत्या दोनों बिंदुओं पर कर रही जांच
- परिजनों ने जमीन के विवाद में हत्या का आरोप लगाया

अमृत विचार : सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के कसिगवां गांव में मंगलवार देर रात घर में एक चारपाई पर सो रहे दो मौसेरे भाइयों की जिंदा जलकर मौत हो गई।

कसिगवां गांव निवासी प्रेम उर्फ बबलू के परिवार में पत्नी गौरा के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां हैं। गांव में ही घर से डेढ़ सौ मीटर दूर उनके साढ़ू का बेटा 23 वर्षीय सुनील उर्फ अनिल रहता था। सुनील के माता-पिता का निधन हो चुका है। वह गैस डिलीवरी का काम करता था। उसके नाम करीब पांच करोड़ कीमत की जमीन है। 24 अप्रैल को उसकी शादी थी। प्रेम ने बताया कि उनके मंझले बेटे 21 वर्षीय राज उर्फ छोटू से सुनील की काफी पटती थी। मंगलवार रात तकरीबन साढ़े 11 बजे सुनील ने राज को नींद न आने की बात कह अपने घर बुला लिया था। करीब दो घंटे बाद रात डेढ़ बजे के आसपास ग्रामीणों ने घर से लपटें और धुआं देखा तो शोर मचाया। ग्रामीणों ने सबमर्सिबल और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया। कमरे के अंदर गए तो दोनों के जले शव पड़े थे। परिजनों ने जमीन के विवाद में आग लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बुधवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

अब जिला कोषाध्यक्ष ने दिया सपा से इस्तीफा

बरेली : एक सरकारी अधिकारी का मकान कब्जाने के आरोप में पिछले दिनों चर्चा में आए सपा के जिला कोषाध्यक्ष गौरव जायसवाल ने भी बुधवार को पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे त्यागपत्र में गौरव ने पार्टी में अनुशासनहीनता और आंवला में बाहरी प्रत्याशी को उतारे जाने को पार्टी छोड़ने का कारण बताया है। गौरव जायसवाल ने अपने त्यागपत्र में कहा है कि पार्टी के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण है लेकिन आंवला में जिसे प्रत्याशी घोषित किया गया है. उसे संसदीय क्षेत्र की भौगौलिक स्थिति का ज्ञान तक नहीं है। इसके साथ पार्टी के जिला संगठन में अनुशासन भी निम्न स्तर का पहुंच गया है। हालत यह है कि छह मार्च को आंवला में कार्यकर्ता सम्मेलन में गालीगलौज और मारपीट के बाद भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

कार में तमंचे के साथ दो युवकों का वीडियो वायरल

बरेली, अमृत विचार : म्हारी बात मान ले छोरी गाने पर दो युवकों का कार में तमंचे के साथ वीडियो वायरल हो रहा है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने एक्स पर पोस्ट के बाद इज्जतनगर थाना पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया है। 24 सेकेंड के वीडियो में कार में एक युवक दूसरे के सिर पर बार-बार तमंचा लगा रहा है। जबकि दूसरा युवक कैमरे के सामने तमंचा दिखा रहा है। एक्स पर पोस्ट कर शिकायत करने वाले ने इसे परतापुर का बताया है। उसने वीडियो बनाने वाले का नाम भी बताया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच कर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

महिला अधिवक्ता का लुटेरों ने मोबाइल छीना

बरेली, अमृत विचार : किला में कटघर के पास मंगलवार सुबह दो बदमाशों ने पैदल जा रहीं अधिवक्ता का मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने धक्का दे दिया। किला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हुसैन बाग निवासी अधिवक्ता शबाना परवीन ने बताया कि वह मंगलवार सुबह 10.30 बजे कचहरी जा रहीं थी। कटघर क्रॉसिंग के पास दो युवक आए और मोबाइल छीन लिया। दूसरे युवक ने पर्स छीनने की कोशिश की, जब उन्होंने विरोध किया तो बदमाश ने धक्का दे दिय, जिससे वह गिरकर घायल हो गईं।

आईवीआरआई जल्द शुरू करेगा ऑनलाइन डिप्लोमा पाठ्यक्रम

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) जल्द ही एजुकेशन हब के रूप में विकास करेगा। इसके लिए संस्थान केन्द्रीय भैंस अनुसंधान और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान का सहयोग लेगा। इसके साथ ही नए सत्र से ऑनलाइन डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। ये निर्णय बुधवार को हुई शैक्षणिक परिषद की 69वीं बैठक में लिया गया। बैठक में नई शिक्षा नीति को लागू करने सहित विभिन्न प्रस्ताव रखे गए। संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि वर्ष 2023-24 में 368 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है और बीवीएससी-एएच की सीटों को बढ़ाया है।

भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है संकल्प

- कथा पंडाल में हर ओर जयश्रीराम, जय हनुमान का जयघोष, भगवा रंग में रंगी पीतल नगरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नया मुरादाबाद में तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा के आखिरी दिन बुधवार को बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आखिरी सांस तक वह सनातन धर्म की सेवा करेंगे। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना उनका संकल्प है।

उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर पूछा कि बताओ कौन-कौन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में है तो सभी ने अपने दोनों हाथ उठाकर उनके संकल्प को साकार करने की शपथ ली। बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रीहनुमंत कथा के आखिरी दिन पंडाल में करीब दो लाख श्रद्धालु जुटे। कथा का श्रवण कराने के लिए जैसे ही पं. धीरेंद्र शास्त्री मंच पर आए तो सभी रामभक्तों ने खड़े होकर उनका अभिवादन और नमन किया। पंडाल में हर ओर भक्तों का सैलाब दिख रहा था। भगवान हनुमान के प्रति अगाध श्रद्धा व भक्ति में लीन हजारों भक्तों ने रात भर पंडाल में सोकर गुजारी। कथा के आखिरी दिन पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मंच पर आने का समय दोपहर 3 बजे तय था। लेकिन श्रद्धालुओं की बाबा के प्रति प्रेम और हनुमान कथा के प्रति आस्था का ही प्रभाव रहा कि 11 बजे से ही भक्त पंडाल में पहुंचने लगे। हर समय पंडाल में जय श्रीराम और हनुमान के भजनों ने माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। पंडाल के बाहर जैसे ही 3.46 बजे बाबा की गाड़ी भक्तों ने देखी तो उनका उत्साह चरम पर पहुंच गया। हर ओर बाबा बागेश्वर धाम, सन्यासी बाबा की जय के जयकारे गूंजने लगे। जय श्रीराम के जयघोष के साथ बाबा ने भक्तों का अभिनंदन स्वीकार कर 3.52 पर मंचासीन हुए। उन्होंने माधव नगर के पागलों कहकर रामभक्तों को संबोधित किया तो सभी अपनेपन के भाव से भर गए। चेहरे पर तेज और मुख पर मुस्कान लिए बाबा अपनी गद्दी पर बैठे और राम, जय श्रीराम, श्रीराम जय जय राम के साथ कथा प्रारंभ की।



बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,101.69	21,839.10
बढ़त	89.64	21.65
प्रतिशत में	0.12	0.10

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 21 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1175, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

डायरेक्ट सेलिंग 21 हजार करोड़ रुपये के पार

आईडीएसए की सर्वेक्षण रिपोर्ट से हुआ खुलासा, भारत में कुल 86 लाख हैं विक्रेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री (भारत में डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग कोरोना महामारी के दौर की चुनौतियों से उबर कर फिर तेजी की राह पर है और इसका कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21282 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट बाजार अनुसंधान फर्म कंतार द्वारा संकलित की गई है।

आईडीएसए के एक आयोजन में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए इसके लिए आईडीएसए को बधाई दी। रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 2252 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने बताया कि इस उद्योग के कारोबार में वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों के दौरान वर्ष-दर-वर्ष औसतन 8.3 प्रतिशत की संचयी वार्षिक दर (सीएजीआर) से वृद्धि की है। आईडीएसए अध्यक्ष को विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। वर्ष 2022 में भारत का स्थान 11वां था। वहीं भारत में इस कारोबार में कुल 86 लाख विक्रेता शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने सर्वाधिक 30 प्रतिशत का योगदान किया। पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोतर क्षेत्र का योगदान क्रमशः 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत है। राज्यों में महाराष्ट्र 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश शानदार प्रदर्शन कर दस प्रतिशत की भागीदारी के साथ पश्चिम बंगाल के साथ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुए हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गों का कुल कारोबार में क्रमशः 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

वैश्विक रैंकिंग में भारत 11वें स्थान पर पहुंचा

आईडीएसए के अध्यक्ष कटोच ने कहा-मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मजबूत वृद्धि दर के बलबूते भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने वैश्विक रैंकिंग में वर्ष 2022 में एक और पायदान का सुधार कर 11वां स्थान हासिल कर लिया है, जो 2019 में 15वां था।

गूगल के खिलाफ भारतीय ऐप कंपनियों की याचिका खारिज

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने ऐप के माध्यम से भुगतान पर 11 से 26 प्रतिशत शुल्क लगाने की गूगल की नई प्ले स्टोर बिलिंग नीति के खिलाफ दायर भारतीय ऐप कंपनियों की चार याचिकाओं को बुधवार को खारिज कर दिया। भारतीय ऐप कंपनियों ने आरोप लगाया कि गूगल की प्ले स्टोर नीतियां प्रतिस्पर्धा-रोधी हैं। हालांकि, सीसीआई ने स्पष्ट किया कि इस आदेश में कही गई कोई भी बात मामले के गुण-दोष पर राय की अंतिम अभिव्यक्ति के समान नहीं होगी और महानिदेशक यहां की गई टिप्पणियों से किसी भी तरह प्रभावित हुए बिना जांच करेंगे। सीसीआई ने अपने आदेश में कहा-आयोग का मानना है कि इस बारे में याचिका दायर करने वाले शीर्ष कोर्ट द्वारा प्रस्तावित अंतरिम राहत देने के लिए मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

नौकरियों के सृजन के लिए 8% की वार्षिक वृद्धि दर रखने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक सुब्रमण्यम ने कही बात

भारत को गरीबी और असमानता को कम करने तथा पर्याप्त संख्या में नौकरियों के सृजन के लिए निरंतर आधार पर आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने की जरूरत है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने यह बात कही है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 की अंतिम तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह पिछले डेढ़ साल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

ओएमआई फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुब्रमण्यम ने कहा-भले ही हम सात प्रतिशत की दर से बढ़ें, हमें इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए। हमें आठ प्रतिशत और उससे अधिक की दर हासिल करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि देश को बहुत सारा बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने से हमारे पास बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करने की क्षमता होगी। इससे गरीबी और असमानता घटेगी। एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,400
गिन्नी (प्रति नग)	50,200-50,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,850
सोना जेवरात गिन्नी	64,850
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,900।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 102 मसूरी 94 बासमती 142, **दाल दलहन**-काला चना 103 साबुत चना दाल 96 मूंग साबुत 98-120, राजमा 153 दाल उड़द 118 साबुत मसूर दाल 73 मसूर दाल 115 उड़द साबुत 113 काबुली चना 84-140 अरहर दाल 157 लोबिया/करमानी 86 सोयाबीन 46-60 मूंगफली 77 मटर (सूखी) 50-61 मक्का 18 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना काबली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंचने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का सौर कचरा 2030 तक 600 किलोटन तक पहुंच सकता है। बुधवार को जारी एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, यह ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल (तरणताल) को भरने के बराबर है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और स्वतंत्र शोध संस्थान काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया कि इस कचरे का लगभग 67 प्रतिशत पांच राज्यों- राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से आएगा। "भारत के सौर उद्योग में एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को सक्षम करना: सौर अपशिष्ट मात्रा का आकलन" शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया है कि भारत में मौजूदा (बीते वित्त वर्ष तक) स्थापित 66.7 गीगावाट क्षमता से पहले से ही 100 किलोटन कचरा पैदा हो रहा है, जो 2030 तक बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगा। इसमें लगभग 10 किलोटन सिलिकन, 12 से 18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम और टेलरियम होगा। इन सामग्रियों को दोबारा प्राप्त करने के लिए सौर कचरे का पुनर्चक्रण करने से आयात निर्भरता कम होगी और खनिज सुरक्षा बढ़ेगी।

4जी यूजरों के मुकाबले 5जी यूजरों का औसतन डाटा उपभोग 3.6 गुना अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- दूरसंचार कंपनी नोकिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

भारत में 5जी सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल ग्राहक 4जी उपभोक्ताओं की तुलना में मोबाइल डेटा का इस्तेमाल 3.6 गुना अधिक कर रहे हैं। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत अक्टूबर, 2022 में हुई थी। नोकिया की बुधवार को जारी 'मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का योगदान 15 प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट कहती है, 5जी ग्राहक 4जी की तुलना में लगभग 3.6 गुना अधिक मोबाइल डेटा ट्रैफिक का उपयोग कर रहे हैं। 2023 में उपयोगकर्ताओं ने 17.4 एक्साबाइट प्रति माह की खपत की। पिछले पांच साल की तुलना में डेटा इस्तेमाल की सालाना वृद्धि 26 प्रतिशत रही है। एक एक्साबाइट एक अरब गीगाबाइट (जीबी) के बराबर होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में डेटा इस्तेमाल में बढ़ोतरी में 5जी ने उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। 2023 में कुल डेटा ट्रैफिक में 5जी का हिस्सा 15 प्रतिशत रहा।

नोकिया इंडिया के विपणन और कॉरपोरेट मामलों के प्रमुख अमित मारवाह ने कहा-भारत में डेटा की खपत साल-दर-साल आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 17.4 एक्साबाइट प्रतिमाह हो गई है।

राष्ट्रीय

पुलिसकर्मियों के साथ खेली लट्ठमार होली...

मथुरा में बुधवार को एक महिला ने पुलिसकर्मियों के साथ विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली। होली खेलने के दौरान आसपास लोगों की भारी भीड़ लगी रही। ● एजेंसी

मोदी की गारंटी एक विश्वासघात है: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लद्दाख में पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश को लेकर दी गई 'मोदी की गारंटी' एक विश्वासघात है तथा यह 'चीनी गारंटी' है। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी की चीनी गारंटी! लद्दाख में संविधान की छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा की मांग के पक्ष में समर्थन की एक मजबूत लहर है।

राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की पड़ती है जरूरत : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में राहुल गांधी पर कसा तंज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में कुछ लोगों को बार-बार लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है जबकि स्टार्ट-अप की दुनिया में जब कोई एक असफल होता है तो इस स्थिति में दूसरा रास्ता अख्तियार कर लेता है। मोदी ने यहां स्टार्ट-अप महाकुंभ में किसी का नाम लिए बिना स्टार्ट-अप और राजनीति की तुलना करते हुए कहा, ''स्टार्ट-अप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ज्यादा... और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर एक बार लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।

मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने और एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति में कारोबारी चुनाव संपन्न होने तक बड़े आयोजनों को टाल देते हैं लेकिन आम चुनावों की घोषणा के कुछ दिन बाद तीन दिवसीय महाकुंभ में स्टार्ट-अप उद्यमियों और उस पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों का विशाल जमावड़ा आने वाली चीजों का संकेत है। उन्होंने 19 अप्रैल से चार जून तक होने वाले आम चुनावों के बाद भी शासन में बने रहने का विश्वास जताते हुए कहा-आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने जा रहा है।

भारत एआई में दुनिया की अगुवाई करेगा: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को युवा उद्यमियों और स्टार्टअप से दुनियाभर में आ रही चुनौतियों पर 'वैश्विक अनुप्रयोगों के लिए भारतीय समाधान' पर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई, सेमीकंडक्टर और क्वॉन्टम पर पहले शुरू किए गए तीन मिशन युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा-हम एआई प्रौद्योगिकी के एक नए युग में हैं और दुनिया मानती है कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा। अब यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि हम इस अवसर को जाने न दें। उन्होंने कहा कि एआई युवा नवप्रवर्तकों और वैश्विक निवेशकों के लिए असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा-एआई क्षमताओं का नेतृत्व भारत के हाथों में रहेगा और रहना चाहिए।

एक नजर

मणिपुर के राहत शिविर में रह रहे चार बच्चे नदी में डूबे

चुराचांदपुर। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में अपने परिवार के साथ रह रहे चार बच्चे नदी में डूब गए। पुलिस ने बताया कि बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है जिनमें तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। वे राज्य में जातीय संघर्ष के कारण तुईबुओंग में 'ईसीए कनान' राहत शिविर में रह रहे थे। वे मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे अपने शिविर के पास तुइथा नदी में नहाने गये थे। जब वे काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो उनके परिवार वालों ने शिविर में रह रहे अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को भी सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस भी उनकी खोजबीन में जुट गई और बुधवार सुबह करीब छह बजे बच्चों के शव नदी में मिले।

आबकारी नीति मामले में कारोबारी की जमानत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को हैदराबाद के कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली को पांच सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी जिन्हें कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति की पीठ ने बोइनपल्ली की पत्नी के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दे दी।

सियासी गर्मी बढ़ी, एबीवीपी के विरुद्ध वाम दलों ने बनाया संयुक्त मोर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

जेएनयू छात्र संघ चुनाव

- 22 मार्च होगा मतदान और मतगणना 24 मार्च को

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में कई सियासी दिग्गज भी गहरी रुचि ले रहे हैं। भाजपा समर्थित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सभी पदों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। उनके शक्ति प्रदर्शन को देखते हुए वामपंथी दलों ने इस बार संयुक्त मोर्चा गठित कर अपने उम्मीदवारों का प्रचार शुरू किया है। मतदान 22 मार्च एवं मतगणना 24 मार्च को होगी।

जेएनयू छात्र संघ में शुरू से ही वाम दलों के छात्र संगठनों का कब्जा रहा है। लेकिन 2019 के चुनाव में जिस तरह से एबीवीपी ने छात्रों के बीच घुसपैठ बनाई थी और इस बार सभी पदों पर उम्मीदवार उतारकर चुनाव अभियान छेड़ा है। उसका मुकाबला करने के लिए वाम दलों के प्रमुख छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक स्टूडेंट फेडरेशन (डीएसएफ), एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ) ने संयुक्त मोर्चा का गठन कर छात्र संघ में कब्जा करने के लिए साझा मंच तैयार किया है।

एबीवीपी ने उमेश चंद्र अजमीरा-अध्यक्ष, दीपिका शर्मा-उपाध्यक्ष, अर्जुन आनंद-महासचिव एवं गोविंद दांगी को संयुक्त सचिव के पद पर उम्मीदवार बनाया है। एबीवीपी नेता विकास पटेल के मुताबिक छात्र संघ में काउंसलर के 42 पदों के लिए भी उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

वहीं वाम दलों के संयुक्त मोर्चा ने धनंजय को अध्यक्ष, अभिजीत घोष को उपाध्यक्ष, स्वाति सिंह को महासचिव एवं साजिद को संयुक्त सचिव पद का उम्मीदवार बनाया है। अभी तक चुनाव प्रचार के दौरान दोनों गुटों के बीच कई बार तीखी नोक-झोंक भी हो चुकी हैं और मामला पुलिस तक पहुंच चुका है। कुछ लोगों ने प्रत्याशियों की आयु सीमा बढ़ाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था। दोनों गुटों ने जवाबी शक्ति प्रदर्शन करते हुए मसाल जुलूस भी निकला है। जिसमें भारी संख्या में छात्रों की भीड़ देखने को मिली।

राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची, एजेंसी

मानहानि मामला

झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी ,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

कांग्रेस ने कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

नई दिल्ली। कांग्रेस ने उसके खिलाफ कर पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही किए जाने के विरोध में बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। इस मामले का उल्लेख राजनीतिक दल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष किया, जो इसे बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोरा भी शामिल हैं। वकील ने कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने चार साल का मूल्यांकन फिर से खोला है। साथ ही उन्होंने अदालत से याचिकाओं को बृहस्पतिवार के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तीन अलग-अलग वर्षों से संबंधित ऐसी तीन याचिकाएं आज सुनवाई के लिए पहले से ही सूचीबद्ध हैं।

बीआरएस नेता कविता को बेटों और मां से मिलने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को अपने दो बेटों, मां और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की अनुमति दे दी है। कविता फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने कविता की ओर से पेश अधिवक्ता नीतेश राणा द्वारा दायर आवेदन पर यह आदेश पारित किया। वकील ने अनुरोध किया था कि पिछले आदेश के अनुसार आरोपी से मिलने की अनुमति पाने वालों की सूची में परिवार या संबंधियों के सात और नाम जोड़े जाएं।

मुफ्त सौगात संबंधी याचिका पर सुनवाई करने को कोर्ट सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का किया गया अनुरोध

उच्चतम न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद करने और चुनाव चिह्न जब्त करने के अपने अधिकारों का उपयोग करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा-यह महत्वपूर्ण है। हम इसे कल लेंगे।

शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया की दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की जरूरत है। याचिका में कहा गया कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ पाने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए क्योंकि ये संविधान की अवहेलना करते हैं और इस मामले में निर्वाचन आयोग को उचित कदम उठाने चाहिए। इसमें अदालत से यह घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है कि चुनाव से पहले सार्वजनिक धन से अतार्किक तरीके से मुफ्त सौगातों का वादा मतदाताओं को अनुचित रूप से प्रभावित करता है, समान अवसर को अवरुद्ध करता है और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को नुकसान पहुंचाता है।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त सुविधाएं देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी चोट पहुंचाती है। उसने कहा-यह अनैतिक प्रवृत्ति सत्ता में बने रहने के लिए सरकारी खजाने से मतदाताओं को रिश्वत देने के समान ही है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों तथा परंपराओं के संरक्षण के लिए इससे बचना चाहिए।

सूर्यकुमार आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार

अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

दुबई, एजेंसी

पिछले तीन महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र में मुंबई इंडियंस के लिये वापसी करने जा रहे सूर्यकुमार के 861 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर 802 अंक लेकर फिल साल्ट हैं। सूर्यकुमार ने दिसंबर में खेल हर्निया की सर्जरी के बाद से क्रिकेट नहीं खेला है।

वहीं आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले राशिद खान ने शीर्ष दस में वापसी की है । वह चार पायदान की छलांग लगाकर नौवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला में तीन मैचों में आठ विकेट लिये। अफगानिस्तान के नवीन उल हक दो पायदान चढकर 55वें स्थान पर है। आयरलैंड के जोश लिटिल सात पायदान चढकर 39वें, मार्क एडेयर दो पायदान चढकर 56वें और बैरी मैकार्थी 15 पायदान चढकर 77वें स्थान पर हैं। टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन शीर्ष पर बने हुए हैं।

राहुल के आईपीएल में अच्छे खेल से टी20 विश्व कप टीम में जगह होगी पक्की

नयी दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर केएल राहुल टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला पाते हैं तो टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में उनकी जगह तय होनी चाहिये। जांघ की मांसपेशियों की चोट से उबरकर वापसी कर रहे राहुल शायद आईपीएल में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। उनका भारत की टी20 टीम में चयन तय नहीं है लिहाजा उन्हें आईपीएल में बल्लेबाजी में और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यह पूछने पर कि कप्तानी की निजी आकांक्षाओं और टीम के हितों में संतुलन कैसे बनायेंगे, लैंगर ने कहा कि यह मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर टीम अच्छा करती है तो हर किसी को ईनाम मिलता है। केएल अगर लखनऊ टीम को आईपीएल खिताब दिलाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्होंने अच्छी कप्तानी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी विकेटकीपिंग की है।'' राहुल के अलावा लखनऊ के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी चयन की दौड़ में हैं। लैंगर ने कहा, ''केएल या बिश्नोई के लिये साफ संदेश है कि लखनऊ टीम के लिये अच्छा खेलने पर फोकस करें, टी20 विश्व कप टीम में जगह पाने के मौके बढेंगे।'' लखनऊ टीम के पूर्व मेंटोर गौतम गंभीर अब केकेआर से जुड़ गए हैं। यह पूछने पर कि क्या टूर्नामेंट के दौरान उनसे टक्कर देखने को मिल सकती है, लैंगर ने कहा कि वह टीम के लिये गंभीर के योगदान के प्रशंसक हैं।

भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

लुसाने। भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था। वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जिसने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही यूरोपीय चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी। रजत पदक विजेता भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पोलैंड तीसरे स्थान पर है। उरूग्वे और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त चौथे स्थान पर है ।

नया कलेवर बुधवार को चेन्नई में आईपीएल टीम की नई जर्सी के लांच के दौरान साथी खिलाड़ियों फाफ डु प्लेसिस, मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल के साथ विराट कोहली। ● एजेंसी

गुजरात ने संदीप को टीम में रखा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट के लिए चोटिल भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जगह पर केरल के मध्यम गति के गेंदबाज संदीप वारियर को अपनी टीम में शामिल किया है। शमी ने हाल में अपने दाहिनी एड़ी का ऑपरेशन करवाया था। इस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। जहां तक वारियर की बात है तो इस 32 वर्षीय खिलाड़ी में 2019 से लेकर अभी तक आईपीएल में पांच मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 7.88 के इकोनॉमी रेट से दो विकेट हासिल किए हैं। गुजरात ने उन्हें आधार मूल्य 50 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है।

मुंबई इंडियंस ने क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बुधवार को श्रीलंका के चोटिल तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया। श्रीलंका का 23 वर्षीय तेज गेंदबाज बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गया था। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल नीलामी में 4 .6 करोड रुपए में खरीदा था। दक्षिण अफ्रीका के मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है लेकिन इस 17 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अंडर 19 विश्व कप में 9 .71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

खेल डायरी

जारा को क्वीन सिरिकिट कप में संयुक्त बढ़त

क्राइस्टचर्च। भारतीय गोल्फर जारा आनंद ने कड़ाके की सर्दी के बीच यहां खेले जा रहे 44वें क्वीन सिरिकिट कप के पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर करके संयुक्त बढत बना ली। पंद्रह वर्ष की जारा को 2023 विजेता अवनि प्रशांत के नाम वापिस लेने के बाद भारतीय गोल्फ यूनियन ने टूर्नामेंट में जगह दी। वह चीनी ताइपै की चुन वेइ वू और जापान की ऐना फुजिमोतो के साथ शीर्ष पर है। भारत की विधात्री उर्स संयुक्त 20वें और हीना कांग संयुक्त 32वें स्थान पर है। टीम वर्ग में भारत छठे स्थान पर है जबकि चीनी ताइपै शीर्ष पर है।

त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में

बासेल (स्विटजरलैंड)। भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका के एनी शू और कैरी शू को सीधे गेम में हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड ओपन से पहले दौर में बाहर हुई भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट में 21-15, 21-12 से जीत दर्ज की। महिला युगल में तीन अन्य भारतीय जोड़ियों को पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा।

डोपिंग प्रतिबंध के बाद लौटी हालेप पहले दौर में हारीं

मियामी गार्डन्स। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप अपील के बाद डोपिंग प्रतिबंध वापिस लिये जाने के साथ टेनिस कोर्ट पर लौटी लेकिन मियामी ओपन के पहले दौर में पाउला बाडोसा से 6-1, 4-6, 3-6 से हार गई। रोमानिया की 32 वर्ष की हालेप 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। वह 2022 अमेरिकी ओपन में प्रतिबंधित दवा रोक्साडस्टेट के सेवन की दोषी पायी जाने के बाद से टूर पर नहीं खेली है। अमेरिकी ओपन के पहले दौर में उन्हें यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने हराया था। उन पर 2023 में चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था जिसे दो सप्ताह पहले खेल पंचाट ने घटाकर नौ महीने का कर दिया।

ओलंपिक के उद्घाटन में भाग नहीं लेंगे रूस-बेलारूस

जिनेवा। रूस और बेलारूस के खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक परेड में भाग नहीं ले सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने यह जानकारी दी। ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 26 जुलाई को है जिसमें हजारों खिलाड़ी सीन नदी से एफील टावर की तरफ नावों से आयेंगे जबकि आम तौर पर परेड स्टेडियम में होती है। आईओसी ने कहा कि रूस और बेलारूस के खिलाड़ी नदी के किनारे समारोह देख सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर ओलंपिक में खेलने की अनुमति मिली है।

सीरीज स्थगित होने से अफगान बोर्ड निराश

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ तीसरी बार द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित करने पर निराशा व्यक्त करते हुए वैकल्पिक समाधान तलाशने का आग्रह किया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एसीबी ऑस्ट्रेलियाई सरकार से आग्रह करता है कि वह अपनी नीतियों को क्रिकेट बोर्डों पर थोपे के बजाय सभी क्षेत्रों में क्रिकेट के विकास का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने कहा कि एसीबी का शीर्ष प्रबंधन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत में शामिल हुआ था और सार्वजनिक रूप से वापसी की घोषणा करने के बजाय वैकल्पिक समाधान तलाशने का प्रस्ताव रखा था। एसीबी के बयान में कहा गया है कि स्थगित टी-20 श्रृंखला को सीए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

24 मार्च को मनेगा विश्व कबड्डी दिवस

चंडीगढ़। हरियाणा के पंचकूला में ताऊ देवी लाल इंडोर स्टेडियम में 24 मार्च को विश्व कबड्डी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगें। होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एचआईपीएसए) और विश्व कबड्डी संगठन इस वर्ष के आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन कर रहे हैं। एचआईपीएसए की अध्यक्ष सुश्री कॉथी डी सुरेश ने यह जानकारी बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व कबड्डी दिवस समारोह का लक्ष्य एक अनोखा आयोजन करना है।

भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी को तैयार

नयी दिल्ली, एजेंसी

खेल और युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। एक न्यूज चैनल के सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिये आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिये तैयार होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये तैयार है।'' उन्होंने कहा, ''हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है।'' उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेटप्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जायेंगे।

चुनाव में खेल संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा डब्ल्यूएफआई

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) यह सुनिश्चित करेगा कि गुजरात, तेलंगाना और उत्तराखंड में आगामी राज्य संघ के चुनावों में खेल संहिता का पालन किया जाए। वह 27 मार्च से राष्ट्रीय शिविर बहाल करने के लिए भी तैयार है। राजस्थान जैसे कई राज्य संघों में 70 साल की निर्धारित आयु से अधिक उम्र के पदाधिकारी काम कर रहे थे। डब्ल्यूएफआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव में उम्र और कार्यकाल से संबंधित दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

विराट कोहली से मिलना मेरे जीवन का सबसे अनमोल क्षण : श्रेयांका

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली 'परपल कैप' विजेता श्रेयांका पाटिल के लिये सबसे बड़ा पल रहा जब उन्हें विराट कोहली से मिलने का मौका मिला। इक्कीस वर्ष की आफ स्पिनर श्रेयांका ने एलिमिनेटर और फाइनल में डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी

खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ कि बचपन से उनके पसंदीदा क्रिकेटर रहे कोहली उनका नाम जानते हैं। उन्होंने आरसीबी 'अनबॉक्स' कार्यक्रम में कोहली के साथ अपनी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ''उनकी वजह से क्रिकेट देखना शुरू किया था। उनके जैसा बनने का सपना देखा करती थी। कल मेरे जीवन का सबसे अनमोल पल था।'' उन्होंने लिखा, ''विराट ने कहा, ''हाय श्रेयांका। अच्छी गेंदबाजी की।' उन्हें मेरा नाम पता था।'' श्रेयांका को आरसीबी ने पिछले साल डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में उनके बेसप्राइज 10 लाख रूपये में लिया था।

सिंधु, श्रीकांत और लक्ष्य स्विस ओपन के दूसरे दौर में

बासेल। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और अच्छी फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते ही बुधवार को यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। यहां 2022 में खिताब जीतने वाली सिंधु ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग को 21-12, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जापान की तोमोका मियाज़ाकी से मुकाबला सुनिश्चित किया।

मुकाबले में भारत की नजरें तीन अंकों पर

आभा (सउदी अरब), एजेंसी

फीफा विश्व कप क्वालीफायर

जैकसन सिंह और अनवर अली की वापसी से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को जब फीफा विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करेगी तो उसकी नजरें तीसरे दौर में जगह बनाने पर लगी होंगी। मिडफील्ड में जैकसन और सेंटर बैक में अनवर चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। दूसरे दौर के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी पर भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। हालांकि मिडफील्डर सहल अब्दुल समद इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। दो मैचों में एक जीत के तीन अंक के साथ भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है ।

बॉलीवुड हलचल

विवादों में फंसी खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती'

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आगामी फिल्म 'रंग दे बसंती' रिलीज से पहले विवादों में फंसी हुई है। इसे 22 मार्च को होली के मौके पर रिलीज किया जाना था लेकिन अपने टाइटल की वजह से ये सर्टिफिकेशन बोर्ड में अटक गई। फिल्ममेकर रौशन सिंह ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ऐसे में अब कोर्ट की ओर से सीबीएफसी को आदेश दिया है कि वो मामले को 10 दिनों के अंदर ही निपटाएं। खेसारी लाल की फिल्म 'रंग दे बसंती' को पहले यूनिवर्सल सर्टिफिकेट दिया गया था और बाद में सीबीएफसी के अध्यक्ष प्रसून जोशी के रवैये के कारण फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई। ट्रेड पंडितों के अनुसार बताया जा रहा है कि रिलीज डेट टलने से इस फिल्म को करीब 10 करोड़ का नुकसान हुआ है। 'रंग दे बसंती' के निर्माता रौशन सिंह ने प्रसून जोशी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने जानबूझकर सेंसर प्रक्रिया में देरी की।

लाल साड़ी और मांग में सिंदूर में दिखीं रश्मिका मंदाना

मुंबई, एजेंसी। साउथ सिनेमा के स्टार अल्लू अर्जुन और एनिमल फिल्म की फेम रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसे इसी साल यानी कि 15 अगस्त, 2024 के मौके पर रिलीज किया जाना है। इसी बीच एक बार फिर से फिल्म सुर्खियों में आ गई है। इससे एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक लीक हो गया है। मूवी के सेट से एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक सामने आया है। इसमें उन्हें देखते ही बन रहा है। रश्मिका से पहले अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया जा चुका है, जो काफी एक्साइटिंग कर देने वाला है। सोशल मीडिया पर सामने आए रश्मिका मंदाना के लुक में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस 'पुष्पा 2' के सेट पर लाल साड़ी और मांग में सिंदूर लगाए नजर आ रही हैं। इसमें उनका लुक देखते ही बन रहा है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि वो पुष्पराज के साथ शादी का सीक्वेंस शूट कर रही थीं। इसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

कार्तिक आर्यन के साथ दिख सकती हैं माधुरी दीक्षित

मुंबई, एजेंसी। कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया-3' आजकल सुर्खियों में है। फिल्म में विद्या बालन और तृप्ति डिमरी के बाद अब एक और नाम सामने आया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री भी हो सकती है। हालांकि अभी मेकर्स ने इस बात पर कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी है। 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में डायरेक्टर अनीस बज्मी से पूछा गया कि क्या 'भूल भुलैया-3' में माधुरी दीक्षित नजर आ सकती हैं? इस पर डायरेक्टर बोले- जो भी होने वाला है, हम खुद बताएंगे। तृप्ति और विद्या के बारे में बताया जा चुका है। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ बाकी है। फिल्म की कुछ और कास्ट को लेकर बातचीत चल रही है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। कुछ दिन पहले कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर घर के मंदिर के सामने सिर झुकाए एक फोटो शेयर की थी। जिसमें उन्होंने कैप्शन लिखा था- आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। 'भूल भुलैया-3' का शुभारंभ। 'भूल भुलैया 2' को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। इसमें कार्तिक के अलावा कियारा आडवाणी, तब्बू, राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी लीड रोल में थे। यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 2007 में आई 'भूल भुलैया' का सीक्वल थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

संघर्ष विराम में कूटनीति ही आगे का रास्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुतिन और जेलेंस्की से प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर की बात, जंग और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और रूस के विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

बता दें, दोनों नेता आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए। फोन पर हुई मोदी और पुतिन की बातचीत के दौरान भारत और रूस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों शीर्ष नेताओं के बीत आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। गौरतलब है कि रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद पुतिन के विरोधियों का जनाधार बेहद खोखला रहा, ऐसे में पुतिन को बड़ी जीत हासिल हुई है। 87 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज करने वाले पुतिन बीते दिनों विपक्ष के नेता नवलनी की मौत के कारण भी विवादों में घिरे थे।

मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि, भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अच्छी बातचीत हुई। शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। यूक्रेन-रूस युद्ध पर पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहराया कि इस विवाद का समाधान कूटनीति व वार्ता से ही हो सकती है। साथ ही दोनो नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न आयामों की भी समीक्षा की, क्षेत्रीय व वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई।

चीन की चाल पर भारी पड़ रही भारत की नीति

1,126 किमी लंबी सीमा अरुणाचल प्रदेश की चीन से लगती है

जून, 2020 में लद्दाख के गलवान में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच शुरू हुई तनातनी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। अब हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरे के बाद चीन बौखला गया है। एक ओर चीन कभी इस राज्य के कई इलाकों के नाम बदलता है तो कभी केंद्रीय नेताओं के दौरे और जी 20 की बैठक पर आपत्ति जताता रहा है। अरुणाचल प्रदेश की 1,126 किमी लंबी सीमा चीन से लगी है। आईए जानते हैं क्या मामला...

सेला सुरंग के निर्माण से बौखलाया चीन

अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा के पास सेला सुरंग का निमार्ण हुआ है। सीमा पर सुरंग के निर्माण से चीन बौखलाया गया है। बता दें, इस सुरंग का निर्माण 825 करोड़ में हुआ है, जो तेजपुर से तवांग को जोड़ने वाली सड़क पर पश्चिम कामेंग जिले में 13,700 फीट की ऊंचाई पर है। इसकी आधारशिला फरवरी 2019 में रखी थी। सेला सुरंग भारत की सबसे ऊंची पहाड़ी सुरंग सड़क है जो भारतीय सेना को अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों के बीच विवादित सीमा तक हर मौसम में संपर्क बनाए रखने में मदद करेगी। इस सुरंग के प्रोजेक्ट को अंजाम सीमा सड़क संगठन ने दिया है, जिसमें दो सुरंगें और एक लिंक रोड शामिल है।

बकवास है चीन का अरुणाचल पर दावा

चीन बार-बार अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता आया है। वहीं, चीन के इस दावे को भारत ने हमेशा नकारा है। एक बार फिर ड्रैगन के इस दावे को भारत सरकार ने बकवास बताया है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से चीन के साथ अरुणाचल प्रदेश का कोई संबंध नहीं है। वहीं, यह राज्य भारत का अभिन्न अंग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "ऐतिहासिक रूप से हमारा चीन के साथ कोई जुड़ाव या संबंध नहीं है। इसलिए अरुणाचल के चीन का हिस्सा होने का कोई सवाल ही नहीं है। राज्य के क्षेत्र पर दावा करने से जमीन पर स्थिति नहीं बदलेगी। हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अरुणाचल प्रदेश एक भारतीय क्षेत्र है। रिजिजू ने कहा, अपने क्षेत्र को विकसित करना हमारा संप्रभु अधिकार है और कोई भी हम पर आपत्ति नहीं कर सकता हाल ही में पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था, जिसके बाद चीन बौखला उठा। चीन के विदेश मंत्रालय वांग वेनबिन ने कहा कि इससे भारत-चीन का सीमा विवाद और बढ़ेगा।

भारत का रुख

भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। भारत ने चीन की ओर से क्षेत्र नया नाम गढ़े जाने के कदम को खारिज किया है और कहा है कि इससे सच्चाई में कोई बदलाव नहीं आया है।

चीन क्यों करता है अरुणाचल पर दावा

अब सवाल ये है कि आखिर चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा क्यों करता है। अरुणाचल को 1987 में एक राज्य बनाया गया था। दरअसल अरुणाचल ने जब से तिब्बत पर कब्जा किया, उसके बाद से ही वो अरुणाचल पर अपना दावा पेश करता है और इसे साउथ तिब्बत बोलता है। तिब्बत पर चीन के कब्जे को लेकर दुनियाभर में बहस है। खुद दलाई लामा तिब्बत को चीन का हिस्सा बताने से इनकार करते हैं और इसे चीन की दादागीरी बताते हैं। ऐसे में चीन का तिब्बत के सहारे अरुणाचल पर दावा करना काफी खतरनाक माना जा रहा है।

एक नजर

पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर गोलीबारी, आठ आतंकी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स को बुधवार को आतंकियों ने निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। बता दें कि आतंकियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्वादर पोर्ट पर आठ आतंकियों ने हमला किया था और सभी आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी।

इमरान की संघीय-प्रांतीय चुनावों की न्यायिक आयोग से जांच की मांग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में धांधली के आरोपों की जांच को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जिसमें उन्होंने एक न्यायिक आयोग के जरिए जांच की मांग की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने आठ फरवरी के आम चुनाव के नतीजों में हेरफेर का आरोप लगाकर नतीजों को मानने से इनकार कर दिया था। पीटीआई नेता और वरिष्ठ वकील हामिद खान ने इमरान खान की ओर से याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि न्यायिक आयोग को आठ फरवरी को हुए आम चुनावों की प्रक्रिया और आचरण से संबंधित मामलों की जांच, ऑडिट और समीक्षा करनी चाहिए।

गाजा शहर में इजराइली हमले में 23 की मौत, कई घायल

गाजा। गाजा शहर में मंगलवार को इजराइली हवाई हमले में 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। मीडिया एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि, सहायता वाले ट्रकों के इंतजार में खड़े लोगों पर गोलीबारी हुई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजराइली हमलों में फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 31 हजार से ज्यादा हो गया है। जबकि 73,934 अन्य घायल हुए हैं।

लद्दाख को राज्य का दर्जा की मांग को लेकर लोगों ने निकाला मार्च

करगिल। लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग के समर्थन में हजारों लोगों ने बुधवार को मार्च निकाला जिसके कारण दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। शिक्षासुधारक सोनम वांगचुक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर पिछले दो सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) के आह्वान के जवाब में बड़ी संख्या में लोगों ने फातिमा चौक से हुसैनी पार्क तक एक मार्च निकाला।

तालिबानी फौज का चेकपोस्ट पर कब्जा, पाकिस्तानी सैनिक भागे

पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक का अफगानी जवाब, दोनों देशों में बढ़ा तनाव

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में डूरंड लाइन पर तकरार और बढ़ गई है। पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के बाद तालिबानी फौज ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मंगलवार को तालिबान शासकों की फौज ने पाकिस्तान की सैन्य चौकी पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तानी फौजी इस चौकी से पीछे हट गए हैं। यह पोस्ट पाक के उत्तर-पूर्वी बजीरिस्तान इलाके के कुर्रम में है।

मीडिया के मुताबिक, अफगानी फौज ने भारी मोर्टार से बमबारी की और सैनिक हमले से चेकपोस्ट पर कब्जा किया। बजीरिस्तान इलाके में पाकिस्तान की कई सैन्य चौकी हैं, स्थिति और न बिगड़े, इसलिए पाकिस्तानी सेना ने वहां से जवानों को हटा लिया। दो दिन पहले ही पाक के जेएफ- 17 लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान में खोस्त और पकटिका इलाकों में भारी बमबारी की थी। इसके बाद अफगान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाक के हमले में 8 महिलाओं और कुछ बच्चों की मौत हुई है और हम पाक से बदला जरूर लेंगे। इसीलिए अफगान फौज ने मंगलवार तड़के डूरंड लाइन पर घातक हमला किया।

पाकिस्तान व अफगानिस्तान के बीच कैसे शुरू हुआ संघर्ष

दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष की शुरुआत शनिवार (16 मार्च) को हुई। दरअसल, शनिवार को

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मीर अली में एक आत्मघाती हमलावर ने अपने विस्फोटक से भरे ट्रक को एक सैन्य चौकी में घुसा दिया। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। इस घटना में सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसकी जवाबी गोलीबारी में सभी छह हमलावरों को मार गिराया गया। हमले की जिम्मेदारी हाल ही बने एक आतंकी समूह जैश-ए-फुरसन-ए-मुहम्मद ने ली। कहा गया कि इस समूह को मुख्य रूप से पाकिस्तानी तालिबान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सदस्यों ने बनाया है। प्रतिबंधित टीटीपी के निशाने पर अक्सर पाकिस्तानी सैनिक और पुलिसकर्मी रहे हैं। इस हमले के बाद पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जवाबी कार्रवाई करने का एलान किया। बीते दो तीन वर्षों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं।

पाकिस्तान ने सेना में शामिल दो अफगानी अफसरों को निकाला

पाकिस्तान ने खुलासा किया कि सेना में दो ऑफिसर रैंक के अफगान नागरिक थे। इन्हें निकाल दिया गया है। ये अफसर अवैध अप्रवासियों के खिलाफ पाक के अभियान में शामिल थे। संघर्ष को लेकर अमेरिका ने नसीहत दी है कि, पाक धैर्य दिखाए। अफगानिस्तान भी अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकी हमलों में करने से रोके।

बात न बनी तो तोपों से हमला करेगा पाकिस्तान

पाकिस्तानी सेना अभी कूटनीति से मामला निपटा रही है। उसका कहना है कि या तो अफगास्तिान सरकार आतंकी संगठन टीटीपी को खुद खत्म करे या हमें सौंप दे। इसके लिए राजनयिक प्रयास चल रहे हैं। यदि ये फेल होते हैं तो उसने उत्तरी वजीरिस्तान में कई तोपें तैनात कर रखी हैं। इन्हीं से जवाबी हमले की योजना है। पाक टीटीपी के आतंकी हाफिज गुल बहादुर की गिरफ्तारी चाहता है।

बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान धंसी 12 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि ये विस्फोट काफी शक्तिशाली था। इसके कारण कोयला खदान धंस गई और 12 लोगों की जान चली गई।

अधिकारी के अनुसार, इस हादसे के बाद लगभग आठ लोगों को खदान से बचाया गया है। मीडिया के मुताबिक, यह घटना हरनाई जिले के जरदालो इलाके में हुई। अब्दुल गनी बलूच ने कहा कि दो शवों को रात में ही खदान से बरामद किया गया और बाकी 10 शवों को बुधवार सुबह निकाला गया है। मीडिया के अनुसार, बलूचिस्तान प्रांत के खनन महानिदेशक अब्दुल्ला शाहवानी ने भी मरने वालों की संख्या की पुष्टि की है।

घटना में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज ने निर्देश दिया कि घायल लोगों को हर संभव इलाज उपलब्ध कराया जाए।

विदेश में भी चलती है मोदी की गारंटी : एस जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले -मोदी की गारंटी राजनीतिक दबाव के आगे झुकती नहीं

विदेश मंत्री एय जयशंकर ने कहा है कि देश के साथ विदेश में भी मोदी की गारंटी चलती है। लोगों को उन पर विश्वास है। देश में गौरव की भावना पहले से ज्यादा है और भरोसा भी बढ़ा है।

जयशंकर ने कहा, जब मैं बाहर (विदेश) जाता हूं और विदेशी नीतियां समझाता हूं, तो पता चलता है कि मोदी विदेश में भी उतना ही काम करने की गारंटी देते हैं जितना भारत में। मोदी की गारंटी विदेशों में भी उतनी चलती है जितनी की भारत में चलती है। निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से ही ऑपरेशन गंगा, 'ऑपरेशन कावेरी' और ऑपरेशन अजय सफल हो पाए। वैक्सीन मैत्री के जरिए हमने दुनिया भर के 100 देशों को वैक्सीन दी। मोदी की गारंटी में राजनीतिक दबाव के आगे न झुककर पेट्रोल की कीमतें उचित बनाए रखना भी शामिल है। लोगों को अब भरोसा है कि पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी जरूरतें मुहैया कराई जाएंगी। जयशंकर ने कहा- मोदी की गारंटी की वजह से पिछले 75 सालों से चल रही विदेश नीति में कई तरह के बदलाव आए हैं। हमारा लक्ष्य आतंकवाद को इस तरह से रोकना है कि यह दोबारा न हो।

हालांकि यूक्रेन के संदर्भ में पश्चिमी देशों के हमारे साथ मतभेद हो सकते हैं। लेकिन हमारी विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य भारत के हितों की रक्षा करना है और यह जरूरी नहीं कि हम अन्य देशों के साथ सहमत हों और उनके हितों की रक्षा करें। जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा- आज पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते बहुत ही औपचारिक स्तर पर हैं। बातचीत बहुत ही कम है। ऐसा 2 कारणों से हुआ।

बारिश से बढ़ी ठंडक...

शिमला : हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर लगातार बना हुआ है। बुधवार को नारकंडा में ताजा हिमपात हुआ है। प्रदेश के मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश से मौसम में ठंडक बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं कहीं पर ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने देश के पूर्वी हिस्सों में तेज रफ्तार हवाएं, ओलावृष्टि के साथ मध्यम बारिश होने संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार से 23 मार्च तक पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज के साथ भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

अमेरिका में अवैध प्रवेश पर लगेगा अंकुश, आव्रजन कानून को मिली अनुमति

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टेक्सास राज्य को तत्काल एक आव्रजन कानून लागू करने की अनुमति दे दी। इस फैसले से राज्य के अधिकारियों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों को गिरफ्तार और हिरासत में लेने का अधिकार मिल गया है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि यह कानून सही नहीं है।

दरअसल, संघीय अपील अदालत में कानून के लिए कानूनी चुनौतियां चल रही हैं, लेकिन एससी के निर्णय से आव्रजन नीति पर बाइडन प्रशासन से जूझ रहे टेक्सास को एक महत्वपूर्ण जीत मिली है। इस आदेश ने अदालत द्वारा लगाए गए अनिश्चितकालीन रोक को भी हटा दिया, जो कानून को प्रभावी होने से रोक रहा था। बता दें कि दिसंबर में रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट द्वारा हस्ताक्षरित सीनेट बिल 4, टेक्सास में अवैध रूप से प्रवेश को अपराधिक बताता है और न्यायाधीशों को आप्रवासियों को निर्वासित करने का आदेश देने की अनुमति देता है।

महिला सशक्तिकरण से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र में बोलीं रुचिरा कंबोज, भारत में महिलाओं के लिए अहम कदम उठाए जा रहे

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बताया कि देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से समाज में लैंगिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। दरअसल भारतीय मिशन ने संयुक्त राष्ट्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। कंबोज ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण से ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान भारत की यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिलाओं के लिए एक बहुमुखी रणनीति तैयार की जा रही है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से लैंगिक न्याय, समानता और भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित है। बता दें, संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर 68वीं वार्षिक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक 11 मार्च से शुरू हुई है, 22 मार्च तक चलेगी। इसी बैठक के दौरान भारतीय मिशन ने भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

पाकिस्तान के आम चुनाव में मानवाधिकारों को कुचला

वाशिंगटन, एजेंसी

- धांधली के आरोपों को लेकर अमेरिका बोला- विस्तृत जांच हो

अमेरिका ने पाकिस्तान आम चुनाव में हुई कथित धांधली की बात को माना है और इसे लेकर चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने में मदद देने का भी आश्वासन दिया।

दरअसल अमेरिका के राजनयिक और पाकिस्तान मामलों के जानकार डोनाल्ड लू ने पाकिस्तान चुनाव में हुई कथित धांधली को लेकर अपनी लिखित गवाही संसद की समिति के पास भेजी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है। डोनाल्ड लू ने अपनी गवाही में कई मुद्दों पर चिंता जाहिर की और दोनों देशों के भविष्य को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का विदेश विभाग पाकिस्तान में हुई चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों पर प्रतिबंध, आजादी, मीडिया पर हमले और कम्युनिकेशन सेवाओं पर प्रतिबंधों की निंदा करता है। चुनावी प्रक्रिया में कथित धांधली पर भी चिंता जाहिर की गई और कहा कि आरोपों की विस्तृत जांच होनी चाहिए। लू ने कहा कि पुलिस, नेताओं और जनसभाओं के दौरान हमले हुए। कई पत्रकारों, खासकर महिला पत्रकारों का उत्पीड़न किया गया। चुनाव के दिन अंतर्राष्ट्रीय मॉनिटरिंग टीम को भी वोटों की गणना की समीक्षा नहीं करने दी गई। मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं को बंद किया गया।

विज्ञान मिशिगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एसएन 1987ए दुर्लभ सुपरनोवा नाम दिया

मोतियों की माला में घिरा नजर आया सुपरनोवा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: ब्रह्मांड में एक रहस्यमयी सुपरनोवा मोती की माला में सुसज्जित नजर आ रहा है। इस दुर्लभ सुपरनोवा का नाम एसएन 1987ए है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक विशाल तारे के विस्फोट के अवशेषों को खुद मे समेट रहा है। यह घटना पृथ्वी से लगभग 160,000 प्रकाश वर्ष दूर है। जिसमें एक विशाल तारा (सुपरनोवा) टूटकर बिखर रहा है और टूटे हुए तारे की सामग्री से घिर रहा है। यह सुपरनोवा एक आकाशगंगा के उप आकाशगंगा में स्थित है। वैज्ञानिक इस घटना को लार्ज मैगेलैनिक क्लाउड या एलएमसी नाम से पुकारते हैं। एसएन 1987ए के बारे में विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह सामने आया है कि यह चमकते हाइड्रोजन प्लाज्मा के गुच्छों से घिरा हुआ है । यह एक ऐसी संरचना है, जो खगोल भौतिकी में एक लंबे समय तक चलने वाली रहस्यमय प्रक्रिया है। जिसका अभी कोई सटीक जानकारी नही मिल पाई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सुपरनोवा अवशेष के आभूषण के रहस्य को पूरी तरह से समझने के लिये समय लगेगा।



मोतियों की माला मे घिरे सुपरनोवा की तस्वीर

आंखों से भी देखा जा सकता है सुपरनोवा

इस सुपरनोवा को नग्न आंखों से देखा जा सकता है। यह सुपरनोवा अविश्वसनीय रूप से दुर्लभ खगोलीय घटना है। इस घटना से सितारों के विकास और अंतत: मृत्यु के बारे में हमारी समझ में कुछ अधिक वृद्धि हो सकती है। बहरहाल इस तरह की घटनाओं को लेकर नई समझ पैदा होगी । साथ ही खोज को नई दिशा मिलेगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार मोतियों की माला की संरचना अद्भुत है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस सुपरनोवा मलबे की खोज हुई है। जिसके समीप एक छिपा हुआ न्यूट्रॉन तारा है।

दुनिया के सिख समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के प्रतिष्ठित सिख नेता ने गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और जयशंकर की मुलाकात

अमेरिका के एक प्रतिष्ठित सिख नेता ने बताया कि भारत सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत दुनियाभर में समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका के सिख संगठन के जस्सी सिंह हाल ही में भारत का दौरा करके लौटे हैं। एक सिख प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

जस्सी सिंह ने बताया कि भारत के इन वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने बात की कि कैसे सिख समुदाय भारत की मदद कर सकता है और देश के विकास का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने कहा, "हमें बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार दुनिया भर के सिख समुदाय की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

जस्सी सिंह ने आगे कहा, बैठक में हमने पंजाब में विकास को लेकर चर्चा की। पंजाब को अलगाववादी आंदोलन के दौरान बहुत नुकसान का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अमेरिका और कनाडा के एक वर्ग का खंडन किया जिन्होंने आरोप लगाया कि भारत में उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। इस पर उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है। अन्य समुदाय की तरह सिखों का भी अपना मुद्दा है। भारत में अन्य नागरिकों की तरह सिखों को भी समान अधिकार प्राप्त है।